राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 13 जनवरी 2026
वर्ष 07, अंक 104, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



बलरामपुर में बुलडोजर एक्शनः सोहेलवा में वन भूमि पर अवैध कब्जा कर बनी थी मजार, कर दिया समतल...03

दुल्लभछड़ा विभिन्न स्थानों में लंबे समय से लगातार गाय चोरी की घटनाओं से इलाके में भय व्याप्त...12


## पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ ED पहुंची सुप्रीम कोर्ट, क्या ममता बनर्जी एंड कंपनी पर दर्ज होगी FIR?

**● पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को राजनीतिक और चुनावी सलाह देने वाली कंपनी इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (I-पीएसी) के ऑफिस और कंपनी के प्रमुख के आवास पर ईडी के छापे के बाद राजनीति गरमाई हुई है. इस पूरे मामले को लेकर ईडी ने अब बंगाल की चीफ मिनिस्टर, डीजीपी और कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को सुप्रीम कोर्ट में घसीट लिया है।**



पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को राजनीतिक और चुनावी सलाह देने वाली कंपनी इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (I-पीएसी) के ऑफिस और कंपनी के प्रमुख के आवास पर ईडी के छापे के बाद राजनीति गरमाई हुई है. अब इस मामले को लेकर ईडी ने ममता एंड कंपनी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. बताया जा रहा है कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से ममता और कुछ पुलिस अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की गुजारिश की है.

केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बंगाल की चीफ मिनिस्टर, डीजीपी और कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को सुप्रीम कोर्ट में घसीट लिया है. ईडी ने सोमवार को सीएम, डीजीपी और पुलिस कमिश्नर व अन्य के खिलाफ 2 अलग-अलग याचिकाएं एससी में दाखिल की हैं. ईडी द्वारा दायर याचिका में आरोप है कि 2,742 करोड़ रुपये के कोयला घोटाले में 8 जनवरी की तलाशी में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, डीजीपी राजीव कुमार और सीपी मनोज वर्मा ने बाधा डाली है. ईडी ने इन सभी के खिलाफ सी.बी.आई. एफ.आई.आर दर्ज कर जांच कराए जाने की मांग की है।

### ईडी की छापेमारी के दौरान पहुंचीं थीं ममता

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल दो याचिकाओं में बताया कि 8 जनवरी 2026 को कोलकाता में हुई घटनाओं को विस्तार से बताया है. ईडी का दावा है कि पुराने कोयला तस्करी मामले की जांच के सिलसिले में इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (I-पीएसी) के सॉल्ट लेक स्थित कार्यालय और संस्था के प्रमुख प्रतीक जैन के लाउडन स्ट्रीट स्थित आवास पर तलाशी ली गयी थी. इसी दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 100 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ दोपहर 12:05 बजे वहां पहुंच गई. इसके बाद मौके ईडी द्वारा जब्त लैपटॉप, मोबाइल फोन व दस्तावेज जबरन ट्रंक में रखकर साथ ले गई।

### ईडी ने ममता सरकार पर क्या लगाए आरोप?

ईडी ने आगे तर्क दिया है कि जिस तरह से कथित तौर पर तलाशी स्थलों पर कब्जा किया गया, वह एक वैधानिक जांच को पूरी तरह से पटरी से उतारने के बराबर है. एजेंसी के अनुसार, वैधानिक अधिकार के तहत शुरू हुई तलाशी राज्य तंत्र की संलिप्तता के कारण टकराव में बदल गई. जिस राजनीतिक परामर्श फर्म, आई-पीएसी, पर ध्यान केंद्रित किया गया है, उसने पहले तृणमूल कांग्रेस के साथ काम किया है और 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी की चुनावी रणनीति को आकार देने में शामिल थी।

### कलकत्ता हाइ कोर्ट में भी 3 याचिकाएं दायर

वहीं इससे पहले इस पूरे मामले को लेकर कलकत्ता हाइ कोर्ट में भी 3 याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं. इनमें एक याचिका ईडी की ओर से और 2 याचिकाएं पश्चिम बंगाल सरकार और तृणमूल कांग्रेस की ओर से दाखिल की गयी हैं. इन याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन कोर्ट कक्ष में अव्यवस्था के कारण सुनवाई नहीं हो सकी. हाईकोर्ट ने अब इस मामले की अगली सुनवाई 14 जनवरी को तय की है।

## बैंक घोटालाः PNB के 2 पूर्व अधिकारी समेत 3 को कोर्ट ने माना दोषी, 3-3 साल की सजा और जुर्माना

**● दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने क्व्ह्क्क्के 4 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में दो पूर्व अधिकारियों (कुलविंदर कौर जोहर, रंजीव सुनेजा) और एक पैनल एडवोकेट (नरेंद्र सिंह परिहार) को दोषी ठहराया है. कोर्ट ने पूर्व अधिकारियों को 3-3 साल की जेल और 75,000 रुपए का जुर्माना लगाया है**



दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट स्थित स्पेशल कोर्ट ने 4 करोड़ के बैंक घोटाले के मामले में पंजाब नेशनल बैंक (PNB) के 2 पूर्व अधिकारियों को दोषी ठहराया है. कोर्ट ने PNB की जोरबाग शाखा के तत्कालीन शाखा प्रमुख कुलविंदर कौर जोहर और वरिष्ठ प्रबंधक रंजीव सुनेजा को 3-3 साल की सजा सुनाई गई है।

दरअसल, आरोप था कि इन लोगों ने जाली दस्तावेजों के जरिए ऋण मंजूर कराया और लोन की राशि को गलत तरीके से दूसरी जगहों पर डायवर्ट कर दिया. जांच में यह भी सामने आया कि बैंक के नियमों और प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया गया।

कोर्ट ने कुलविंदर कौर जोहर और वरिष्ठ प्रबंधक रंजीव सुनेजा दोनों को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उन पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया.इसके साथ ही कोर्ट ने बैंक के पैनल एडवोकेट नरेंद्र सिंह परिहार को भी दोषी ठहराया और उन्हें ढाई साल की कैद की सजा सुनाई गई साथ ही 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया. कोर्ट ने माना कि तीनों की मिलीभगत से यह घोटाला अंजाम दिया गया, जिससे सार्वजनिक धन को भारी क्षति हुई है।

### CBI ने दर्ज किया था केस

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 11 जुलाई, 2013 को शंकर मेटल्स के मालिक संजीव दीक्षित, सुपर मशीन्स के मालिक संजय शर्मा, इंद्र रानी और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था.आरोप था कि आरोपियों ने फर्जी और जाली संपत्ति दस्तावेजों का इस्तेमाल करके पंजाब नेशनल बैंक की जोर बाद शाखा से 4 करोड़ की कैश क्रेडिट सुविधा बेईमानी से प्राप्त करने की साजिश रची और ऋण राशि को अनाधिकृत उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया।

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी

जांच में पता चला कि संजीव दीक्षित ने PNB के अधिकारियों कुलविंदर कौर जोहर और रणजीव सुनेजा, पैनल के वकील एनएस परिहार और अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी से ऋण हासिल किया और फर्जी फर्मों के फर्जी बैंक खातों के माध्यम से पैसे का गबन किया।

जांच पूरी होने के बाद, सीबीआई ने संजीव दीक्षित उर्फ संजय शर्मा, एनएस परिहार, कुलविंदर कौर जोहर, रणजीव सुनेजा, राहुल शर्मा और राजीव शर्मा के खिलाफ आरोपपत्र दायर किए. मुकदमे की सुनवाई के बाद निचली अदालत ने आरोपियों को दोषी ठहराया और उसके बाद सजा सुनाई. वहीं मुख्य आरोपी संजीव दीक्षित को भगोड़ा घोषित कर दिया गया है और वह फिलहाल मुकदमे से बच रहा है, जबकि राहुल शर्मा और राजीव शर्मा को बरी कर दिया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बालू माफिया ने असलहों की दम पर खेतों से बनाया रास्ता, पीड़ित किसान ने प्रशासन से लगाई गुहार




**हमीरपुरः** सुमेरपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पत्यौरा में यमुना नदी में संचालित बालू खदान के ठेकेदार ने असलहों के दम पर किसानों के खेत से जबरिया रास्ता बना लिया है। किसानों ने इसकी शिकायत एसडीएम एवं पुलिस से की है। असलहो के दम पर खेतों से रास्ता बनाने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसकी पुष्टि हम नहीं करते है। पत्यौरा के किसान नंदराम, अनुरुद्ध, महेश कुमार, अनिल कुमार, जयराम आदि का आरोप है कि खंड संख्या 31/03 के ठेकेदार ने उनके खेतों से असलहों के दम पर जबरिया रास्ता बना लिया है। इससे उनकी बोई फसल नष्ट हो गई है। किसानों का कहना है कि उन्होंने एसडीएम सदर एवं स्थानीय पुलिस से शिकायत की है लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी है।

शिकायत के बाद दबंग ठेकेदार उनका लगातार धमका रहा है। असलहों के दम पर खेतों से रास्ता बनाते हुए एक वीडियो भी किसानों ने सोशल मीडिया में वायरल किया है। जिसमें एक युवक राइफल लहराता हुआ नजर आ रहा है। वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि उन्हें किसानों की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने के बाद जांच करके कार्यवाही की जाएगी।

## मलिहाबाद के बागों में गोवंश कटान का गोरखधंधा, एक सांड की निर्मम हत्या, दूसरा कटने से बचा

**● युवकों की सूझबूझ से बची जान, पुलिस की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद (लखनऊ)।** थाना मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम बिराहिमपुर में गोवंश कटान का संगठित और सुनियोजित गोरखधंधा सामने आने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आम और लीची के घने बागों को सुरक्षित ठिकाने के रूप में इस्तेमाल कर गोवंश की अवैध हत्या की जा रही है, जबकि पुलिस और प्रशासन की भूमिका लगातार सवालों के घेरे में है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सचिन और राजवीर खेतों की देखरेख के लिए बागों की ओर गए थे। इसी दौरान उन्होंने बाग के अंदर एक सांड का कटा हुआ शव देखा। कुछ ही दूरी पर दूसरा सांड रस्सी से बंधा हुआ मिला, जिसे काटने की पूरी तैयारी की जा चुकी थी। यह दृश्य देखकर दोनों युवक सन्न रह गए।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए दोनों युवक तुरंत पास की दुकान से नया ब्लेड लेकर आए और रस्सी काटकर बंधे सांड को आज़ाद कराया। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन गोवंश कटान में शामिल लोग मौके से फरार हो चुके थे। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना अचानक नहीं, बल्कि सुनियोजित अपराध का हिस्सा है।

### बाग बने अपराधियों के सुरक्षित अड्डे

ग्रामीणों का आरोप है कि बिराहिमपुर और आसपास के गांवों में फैले घने बाग अवैध गतिविधियों का सुरक्षित ठिकाना बन चुके हैं। रात के अंधेरे में बाहरी और संदिग्ध लोगों की आवाजाही आम बात हो गई है, लेकिन न तो पुलिस की नियमित गश्त होती है और न ही चौकी स्तर पर कोई निगरानी व्यवस्था है। इसी लापरवाही का फायदा उठाकर गोवंश कटान जैसे संगीन अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है।

### सूचना के बाद भी पुलिस की सुस्ती



स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की सूचना थाना मलिहाबाद पुलिस को दिए जाने के बावजूद पुलिस मौके पर काफी देर से पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने और क्षेत्र को सुरक्षित करने में भी लापरवाही बरती गई। ग्रामीणों के अनुसार, कटे हुए सांड के अवशेष काफी समय तक बाग में पड़े रहे, जिससे इलाके में दुर्गंध फैल गई और आवारा जानवरों का जमावड़ा लग गया।

### पहले भी मिल चुके हैं अवशेष

ग्रामीणों का दावा है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने की सूचनाएं मिलती रही हैं, लेकिन हर बार मामले को दबा दिया गया। न तो आरोपियों की पहचान हो सकी और न ही किसी बड़े नेटवर्क का खुलासा किया गया।

### ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बागों और सुनसान इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध लोगों की पहचान व सत्यापन कराया जाए, गोवंश संरक्षण कानून के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाए, तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्थायी निगरानी व्यवस्था लागू की जाए।

**पुलिस का पक्ष-** इस मामले में थाना मलिहाबाद पुलिस से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया। हालांकि पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है।



फिलहाल, यह घटना न केवल क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की पोल खोलती है, बल्कि गोवंश सुरक्षा को लेकर किए जा रहे सरकारी दावों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसे अपराधों के बढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि बिराहिमपुर और आसपास के गांवों में फैले आम और लीची के घने बाग अवैध गतिविधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनते जा रहे हैं। रात के समय इन बागों में बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है, लेकिन न तो पुलिस गश्त होती है और न ही चौकी स्तर पर कोई निगरानी दिखाई देती है। इसी का फायदा उठाकर गोवंश कटान जैसे संगीन अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जब इस घटना की सूचना थाना मलिहाबाद पुलिस को दी गई, तो मौके पर पहुंचने में देरी हुई और आवश्यक साक्ष्य जुटाने में भी लापरवाही बरती गई। ग्रामीणों के अनुसार, कटे हुए सांड के अवशेष काफी समय तक बाग में पड़े रहे, जिससे आवारा जानवरों और दुर्गंध की समस्या भी उत्पन्न हो गई। इस संबंध में जब थाना मलिहाबाद पुलिस से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो समाचार लिखे जाने तक कोई स्पष्ट आधिकारिक बयान सामने नहीं आ सका। हालांकि पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों की तलाश जारी है।

फिलहाल, इस घटना ने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि गोवंश सुरक्षा को लेकर किए जा रहे सरकारी दावों की भी पोल खोल दी है। ग्रामीणों में डर और नाराजगी दोनों का माहौल है और वे प्रशासन से जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

## चेयरमैन ने लेखपाल और कानूनगो पर लगाए गंभीर आरोप, शिकायत डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** कुरारा नगर पंचायत चेयरमैन ने क्षेत्र के कानूनगो व लेखपाल पर विपक्षीगणों को लाभ पहुंचाये जाने की नियत से सरकारी गाटा सं0- 2308 की भूमि की मनमाने तरीके से गलत पैमाइश करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा है। जिसमे उन्होंने प्रकरण की जाँच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। नगर पंचायत कुरारा की चेयरमैन आशारानी कबीर ने अपने लेटर पैड में दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि नगर पंचायत की सरकारी भूमि पर पेयजल व्यवस्था के अन्तर्गत पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया गया है व शेष पड़ी रिक्त भूमि पर दुकानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसकी माप तत्कालीन लेखपाल मोतीलाल प्रजापति ने की थी। चिन्हांकन कर लोहे के एंगल नगर पंचायत कुरारा द्वारा लगवाये गये थे, उस समय विपक्षियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी, किन्तु वर्तमान में विपक्षियों में हसमत खां,जाकिर हुसैन, सलीम आदि ने क्षेत्रीय कानूनगो अशोक निगम व प्रभारी लेखपाल चन्द्रशेखर भारती से मिलीभगत करते हुए नगर पंचायत को सूचना दिए बगैर मनमाने तरीके से पैमाइश कर विपक्षियों के पक्ष में रिपोर्ट लगा दी, जिसके आधार पर विपक्षियों ने न्यायालय से दुकानों के निर्माण कार्य का स्टे आदेश प्राप्त कर स्थानीय पुलिस के द्वारा कार्य रूकवा दिया है।जिससे दुकानों के निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ है साथ ही नगर पंचायत की क्षवि खराब करने का कार्य किया है।उन्होंने बताया कि नगर पंचायत की भूमि गाटा सं0- 2308 रकबा 0.1300 हे0 को क्षेत्रीय कानूनगो व लेखपाल द्वारा दर्शाया ही नहीं गया है। उन्होंने बताया कि अशोक निगम कानूनगो को पूर्व में एण्टी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा घूस लेते हुए कुरारा में ही पकड़ा गया था। उन्होंने प्रकरण की जाँच कराकर दोषीयों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

## सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता की सीडीओ से की शिकायत




**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खण्ड के पट्टीवो कचेहरा में प्रधान के द्वारा बनवाए जा रहे पक्की सड़क में मानक के अनुसार काम नहीं होने से सोमवार को दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में 190 मीटर सड़क पास हुई है। लेकिन प्रधान केवल 80 मीटर ही बनवा रहे हैं। मानक के अनुसार कार्य भी नहीं हो रहा है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस मौके पर शिव सहाय सिंह, शेखर सिंह, बुद्धिमान सिंह, अतुल पांडेय, शारदाबक्स सिंह, चंदन पांडेय आदि ने कार्रवाई की मांग की है।

## बीम काटकर विद्युतीकरण की लापरवाही गंभीर, नोडल अधिकारी ने कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को लगाई फटकार

**राजकीय निर्माण निगम को ड्राइंग-डिजाइन के अनुसार कार्य कर तय समय में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उरई(जालौन)-** सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उप्र शासन द्वारा नियुक्त जनपद के नोडल अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में 20.82 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं मानकों का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के समय नोडल अधिकारी ने निर्माण कार्यों में फिनिशिंग संतोषजनक न पाए जाने तथा बीम में विद्युत फिटिंग हेतु कटर से कट लगाए जाने पर कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बीम जैसे संरचनात्मक भागों में किसी भी प्रकार की कटाई नियमों के विरुद्ध है और इससे भवन की मजबूती प्रभावित हो सकती है। इस गंभीर लापरवाही पर उन्होंने कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को कड़ी चेतावनी दी है।

नोडल अधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त निर्माण कार्य स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन के अनुरूप ही कराए जाएं तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नर्सिंग कॉलेज का निर्माण निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि मेडिकल कॉलेज को शीघ्र ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त नर्सिंग शिक्षा संस्थान की सौगात मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा से जुड़े निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके उपरांत नोडल अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जनपद में निर्माणाधीन तहसील भवन का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए



कार्यदायी संस्था यूपी पीसीएल को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को हर हाल में फरवरी माह तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि तहसील भवन के समयबद्ध निर्माण से आम जनमानस को प्रशासनिक सेवाओं का लाभ सुचारु रूप से प्राप्त हो सकेगा, इसलिए किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, जिला विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधिकारी कालपी मनोज सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह तथा संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।




## संक्षिप्त खबरें

### जिला निर्वाचन अधिकारी प्राथमिक विद्यालय भुअर निरंजनपुर, कंपोजिट विद्यालय तकिया एवं डारी डीहा मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण



**बस्ती।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने प्राथमिक विद्यालय भुअर निरंजनपुर, कंपोजिट विद्यालय तकिया डारी डीहा मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया उन्होंने बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा अपने-अपने बूथों से संबंधित आलेख्य मतदाता सूची का पाठन कार्य किया जा रहा है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है अथवा किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है, तो उसका समय रहते सुधार कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने हेतु फॉर्म-6 संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के पास ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन भर कर दे सकते हैं। मतदाता सूची में दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 06 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर मतदाता सूची में अपने नाम की जांच एवं आवश्यक सुधार अवश्य कराएं। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 33/11 केवीए के नए बिजली घर के निर्माण सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन का आंदोलन तेज

**देवरिया।** जनपद के सिधुआ में 33/11 केवीए के नए बिजली घर के निर्माण सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विशुनपुरकला चौराहे पर भारतीय किसान यूनियन का आंदोलन तेज हो गया है। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार के नेतृत्व में चल रहा क्रमिक अनशन सोमवार से आमरण अनशन में बदल दिया गया। किसानों की मांगों में शिधुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रिकालीन इमरजेंसी ओपीडी शुरू करना, लाहिलपार से किशुनपाली व विशुनपुरकला से गोरयाघाट तक जर्जर सड़कों का नई तकनीक से निर्माण, विशुनपुरकला से कुसहरी-महुआपटन मार्ग का चौड़ीकरण, डीहाबसंत संपर्क मार्ग की मरम्मत, जर्जर एलटी तारों के स्थान पर केबल और 11 हजार वोल्ट की लाइनों का नवीनीकरण शामिल है। विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बावजूद बिजली उपभोक्ता परेशान हैं और गलत बिल आ रहे हैं। जिला प्रशासन की अनदेखी से नाराज भाकियू ने 13 जनवरी को किसान महापंचायत बुलाने की घोषणा की है।

### बैतालपुर चीनी मिल को चालू कराने सहित किसान हित से जुड़ी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों का धरना जारी

**देवरिया।** बैतालपुर चीनी मिल को चालू कराने सहित किसान हित से जुड़ी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों का धरना सोमवार को 1 वर्ष 345वें दिन भी जारी रहा। यह धरना चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा एवं संयुक्त महा मोर्चा के तत्वावधान में चल रहा है। समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी एवं संयोजक अवधेश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में किसान लगातार आंदोलनरत हैं। धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि आंदोलन को दो वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा अब तक धरातल पर नहीं उतरी है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार को अपने ही वादे पूरे करने में क्या कठिनाई है। किसानों ने बैतालपुर चीनी मिल को शीघ्र चलाए जाने की मांग दोहराई। धरने में संजीव कुमार शुक्ला, डॉ. कृष्ण मुरारी तिवारी, विनय मिश्रा, पंडित वेद प्रकाश, मंजू चौहान, अनूप कुमार सिंह, मोनू तिवारी, कामाख्या सिंह, अवध किशोर, सुनील कुमार, आलोक त्रिपाठी, प्रेम प्रकाश, परमानंद सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान की हत्या के प्रयास का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना वाल्टरगंज पुलिस, स्वाट टीम और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में ग्राम मझौवा खुर्द के प्रधान विनोद राजभर की हत्या के प्रयास से जुड़े तीन आरोपियों को देशी तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।इस मामले में पुलिस ने साजिश, सुपारी और पूरी योजना का खुलासा किया है।यह घटना 21 दिसंबर 2025 की है, जब ग्राम प्रधान विनोद राजभर बाइक से चाय पीकर लौट रहे थे। रास्ते में एक पुलिया के पास तीन युवकों ने उन्हें हाथ देकर रोका और उन पर फायरिंग कर दी। एक गोली उनके दाहिने हाथ में लगी थी। मौके से दो खोखा कारतूस बरामद हुए थे। इस मामले में थाना वाल्टरगंज में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।जांच के दौरान सामने आए आरोपियों को 11 जनवरी 2026 को महदेवा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।



उनके पास से एक देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और 5750 रुपये नकद बरामद किए गए हैं, जिसे पुलिस सुपारी की रकम बता रही है। गिरफ्तारी के बाद मामले में आर्म्स एक्ट और अन्य धाराएं भी जोड़ी गई हैं।गिरफ्तार आरोपियों में सुखपाल वर्मा निवासी मझौवा खुर्द, अमन उपाध्याय निवासी पकड़ी हृदयी और हिमांशु आजाद निवासी भुअर निरंजनपुर शामिल हैं। पूछताछ में हिमांशु आजाद ने बताया कि इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड सुखपाल वर्मा था, जो खुद ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ना चाहता था। उसका मकसद वर्तमान प्रधान विनोद राजभर की हत्या कराकर इस मामले में पूर्व प्रधान जुग्गीलाल को फंसाना और फिर खुद चुनाव लड़कर प्रधान बनना था।पूछताछ में यह भी सामने आया कि सुखपाल वर्मा ने सल्टौवा निवासी बृजेश सिंह से 3 लाख 20 हजार रुपये में हत्या की सुपारी तय की थी, जिसमें से 70 हजार रुपये एडवांस दिए गए थे।

इसके बाद हिमांशु और अमन के जरिए शूटरों की व्यवस्था की गई।अमन ने प्रिंस यादव और जिगर यादव को तय कर बृजेश सिंह से मिलवाया और पूरी योजना समझाई गई।घटना वाले दिन हिमांशु, प्रिंस और जिगर अपाचे बाइक से पहले चाय की दुकान पहुंचे लेकिन भीड़ होने के कारण वहां वारदात नहीं की गई।इसके बाद पुलिया के पास प्रधान को निशाना बनाया गया और फायरिंग कर फरार हो गए। पहचान से बचने के लिए सभी अपने मोबाइल फोन घर पर छोड़कर गए थे पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

### कृषि यंत्रों की बुकिंग अंतिम तिथि 21 जनवरी, जल्दी करें आवेदन

**अम्बेडकरनगर।** उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त किसान भाईयों को सूचित किया है कि वर्ष 2025-26 में राज्य पोषित त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत मक्का कृषि यन्त्र पॉपिंग मशीन एवं मेज शेलर की ऑन लाइन बुकिंग दिनांक 08.01.2026 से दिनांक 21.01.2026 रात्रि 12:00 बजे तक की जाएगी। बुकिंग हेतु विभागीय दर्शन पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर किसान कॉर्नर के अन्तर्गत 'यंत्र बुकिंग प्रारम्भ लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उक्त के दृष्टिगत उन्होंने जनपद के समस्त सम्मानित कृषक भाईयों से आह्वान किया है कि इच्छुक किसान टोकन जनरेट करने के अन्तिम समय की प्रतिक्षा न करते हुए समय से कृषि विभाग के पोर्टल से कृषि यन्त्रों की बुकिंग करने का कष्ट करें।

### कुत्ता काटने के कारण ,12 से ज्यादा कुत्तों के बच्चों को लाठी डंडे से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के रूधौली थाना क्षेत्र मेंएक सनकी व्यक्ति ने 12 से ज्यादा कुत्तों के बच्चों को लाठी डंडे से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया, सनकी व्यक्ति कलीमुल्लाह की कुत्ते ने काट लिया था जिसका गुस्सा इस ने कुत्ते पर उतारते हुए एक दर्जन कुत्तों के बच्चों और उस की मां को पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया, रुधौली थाना क्षेत्र के मुंगरहा चौराहे पर कलीमुल्लाह नाम के व्यक्ति को कुत्ते ने काट लिया उस के बाद कलीमुल्लाह ने खौफनाक वारदात को अंजाम देते हुए मुंगरहा चौराहे पर एक दर्जन से अधिक बेजुबान कुत्तों के नन्हे-नन्हे बच्चों को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया, आरोपी मैनी गांव का रहने वाला बताया जा रहा है, जिसने खून से सनी इस हैवानियत को अंजाम दिया।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मृत कुत्तों के शवों को गड्ढा



खोद कर दफन कराया गया, पशु क्रूरता की ऐसी घटना से लोगों का दिल दहल गया। सीओ कुलदीप ने बताया कि कलीमुल्लाह नाम के व्यक्ति कहीं जा रहा था उस को कुत्ते ने काट लिया, जिसके बाद उस ने कुत्ते और उस के 12 बच्चों को पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया, पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए बीएनएस 170, 126,35 के तहत कार्रवाई की गई है, अभियुक्त को न्यायालय के सामने पेश किया गया है। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिला महामंत्री विनय सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र देकर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम की अध्यक्षता में श्रवण धाम महोत्सव-2026 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा बैठक संपन्न

**●18 से 20 जनवरी तक श्रद्धा, संस्कृति और जनभागीदारी के साथ आयोजित होगा श्रवण धाम महोत्सव-2026**

**महोत्सव में दीपोत्सव, भजन संध्या, कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक आयोजनों की रूपरेखा तय**

**एक लाख से अधिक दीपों से जगमगाएगा श्रवण धाम, समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार आगामी 18 जनवरी 2026 से 20 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले श्रवण धाम महोत्सव 2026 के तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ज्योत्सना बंधु, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना अधिकारी डीआरडीए, मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त समितियों के नोडल एवं सह नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर जिला अधिकारी न्यायिक द्वारा तीन दिवसीय



महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तिथि वार विस्तृत रूपरेखा की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि श्रवण धाम महोत्सव-2026 का आयोजन जनपद अम्बेडकरनगर में दिनांक 18 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक श्रद्धा, संस्कृति एवं जनसहभागिता के साथ किया जाएगा। महोत्सव के प्रथम दिवस 18 जनवरी 2026 दिन रविवार को प्रातः पूजन एवं हवन कार्यक्रम से शुभारंभ होगा। इसके उपरांत स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ति गायन, लोकगीत, लोकनृत्य तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। दोपहर में महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभागीय कार्यक्रम आयोजित होगा। अपराह्न में मुख्य अतिथि द्वारा महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। सायंकाल ब्रज के कलाकारों द्वारा फूलों की लट्ठमार होली, मयूर नृत्य, भव्यतम आरती एवं दीपोत्सव का आयोजन होगा, जबकि रात्रि में प्रसिद्ध भजन गायक अनुप जलोटा द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी।

महोत्सव के द्वितीय दिवस 19 जनवरी 2026 दिन सोमवार को किसान सम्मेलन एवं गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात राजस्थान, वाराणसी एवं झारखंड के ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा विविध लोकनृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सायंकाल तम्मा आरती संपन्न होगी तथा रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कवि श्री कुमार विश्वास एवं उनकी टीम द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा। महोत्सव के तृतीय एवं अंतिम दिवस 20 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को प्रातः श्रवण धाम से शिव बाबा धाम तक हाफ मैराथन (रन फॉर कल्चर) का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ, श्रमिक व युवा सम्मेलन, विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित होंगे। सायंकाल लेजर शो, लोकनृत्य प्रस्तुतियां एवं रामलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में भव्य समापन समारोह के साथ श्रवण धाम महोत्सव-2026 का समापन होगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त समितियों के नोडल एवं सह नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने समितियों से संबंधित समस्त तैयारियों को गंभीरता के साथ लेते हुए समयबद्ध रूप से पूरा करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि श्रवण धाम में आयोजित होने वाले दीपोत्सव में एक लाख से अधिक दीपों से प्रज्ज्वलित घाटों को जगमग किया जाएगा। उन्होंने इससे संबंधित समस्त तैयारी को बेहतर ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर श्रवण धाम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है तथा सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए इसके भव्य आयोजन को करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि महोत्सव की तैयारी की लिए श्रवण धाम में जर्मन हैंगर एवं टेंट का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसी के साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि दीपोत्सव हेतु दीपों के प्रज्वलन संबंधित तैयारियां अंतिम चरण में है जिसे समय से पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी के साथ ही परिसर में रंगाई पुताई का का कार्य भी तीव्र गति से किया जा रहा है।

### सादुल्लानगर पुलिस ने मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी को परिजनों से मिलाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** पुलिस द्वारा थाना सादुल्लानगर क्षेत्रांतर्गत डिग्री कॉलेज के पास मिली 17 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी को उसके परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज 12 जनवरी 2026 को कस्बा सादुल्लानगर में एक अज्ञात किशोरी के मिलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम ने तत्परता दिखाते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की। जांच-पड़ताल के दौरान किशोरी के परिजनों की पहचान कर उसकी माता एवं बाबा निवासी ग्राम खरिका मासूमपुर, थाना



सादुल्लानगर, जनपद बलरामपुर को बुलाया गया और किशोरी को सुरक्षित रूप से उनके सुपुर्द कर दिया गया।

मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के चलते इस कार्य की स्थानीय जनमानस में व्यापक सराहना हो रही है। बरामदगी टीम में शामिल रहे– उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव महिला उपनिरीक्षक तेजल पटेल कांस्टेबल उमेश पासवान कांस्टेबल ओमकार महिला कांस्टेबल शिवांगी भार्गव पुलिस की इस सराहनीय पहल से एक परिवार को राहत मिली है।

### पहल वेलफेयर फाउंडेशन ने ग्रामीणों को बांटे कंबल



**बलरामपुर-** कड़ाके की ठंड को देखते हुए पहल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम लखनीपुर भुसैलिया के पूर्व प्रधान माता प्रसाद तिवारी ने की। इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब एवं असहाय लोगों की मदद करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पूर्व प्रधान माता प्रसाद तिवारी ने पहल वेलफेयर फाउंडेशन के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से जरूरतमंदों को राहत मिलती है और समाज में सहयोग व संवेदनशीलता की भावना मजबूत होती है। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन ने आगे भी इसी तरह के जनहितकारी कार्य जारी रखने की बात कही।

# मनरेगा बचाने को कांग्रेस का उपवास, राष्ट्रव्यापी आंदोलन जारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में मनरेगा बचाओ अधिकार मंच कांग्रेस द्वारा काम के अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस द्वारा चलाया जा रहा 'मनरेगा बचाओ संग्राम' का राष्ट्रव्यापी अभियान रविवार को भी जारी रहा। इस क्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर उपवास रखकर मनरेगा बचाने का लक्ष्य बनाया जा रहा है कांग्रेस नेताओं द्वारा धरने पर बैठे हुए हैं

**महाराजा सुहेलदेव राजभर**

उपवास कार्यक्रम के बाद शहर अध्यक्ष शौकत अली नन्हू, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. वाहिद अली सिद्दीकी, संदीप श्रीवास्तव, सुरेन्द्र मिश्रा और अलीम अख्तर ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर नया वीबीजीआरएएमजी कानून लागू कर दिया है, जिससे काम के अधिकार की वैधानिक गारंटी समाप्त हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा ग्रामीण आजीविका की रीढ़ था, लेकिन नए कानून के जरिए उसकी मूल भावना पर हमला किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस बदलाव से मनरेगा मजदूरों के अस्तित्व के साथ-साथ उनके कार्य करने के अधिकार पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। कांग्रेस इस जनविरोधी निर्णय पर चुप नहीं रहेगी और 25 फरवरी तक चरणबद्ध ढंग से आंदोलन कर इस मुद्दे को आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। उपवास कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम धीरज चौधरी, राकेश मणि त्रिपाठी, अतिउल्लाह सिद्दीकी, राकेश पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय (एडवोकेट), अमर बहादुर शुक्ला, विनय तिवारी, शिवनारायण पाण्डेय (एडवोकेट), दिलीप श्रीवास्तव, जयप्रकाश अग्रहरि, जगदीश शर्मा, शुभम गांधी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# MOIC व CMO की मिलीभगत से स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता सिंह डियूटी से चल रही है गायब

**●सूत्रों की माने तो ज्वाइनिंग से ही स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता सिंह के डियूटी में चल रहा बड़ा खेलसीएचसी कप्तानगंज में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता सिंह की अनुपस्थिति बना जांच का विषय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनात सुनीता सिंह डियूटी से गायब चल रही है और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता सिंह के डियूटी से गायब होने को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर सवाल खड़ा हो रहा है । सूत्रों की माने तो स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता सिंह सीएचसी कप्तानगंज पर जॉइनिंग करने




के बाद से अब तक वह नियमित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पर डियूटी से गायब रहने में सफल हैं जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हो रहा हैं । सुनीता सिंह लंबे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज के कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रही हैं जबकि स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी का दायित्व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों जनस्वास्थ्य अभियानों और विभागीय समन्वय से जुड़ा होता है ऐसे में अधिकारी की गैर मौजूदगी से स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है स्थानीय लोगों और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण कई योजनाएं कागजों तक सीमित रह जा रही हैं स्वास्थ्य शिक्षा से संबंधित गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और आमजन को इसका सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि यह केवल लापरवाही का मामला नहीं बल्कि विभागीय जिम्मेदारियों की अनदेखी और संभावित भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा करता है हालांकि इस मामले में अब तक संबंधित अधिकारी या विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इतनी लंबी अवधि से अनुपस्थित रहने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है अब देखना यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज से लगातार डियूटी से गायब स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता सिंह पर क्या कार्यवाही होती है जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही है । इस सम्बंध में फोन के माध्यम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम से जानकारी लेना चाहा तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी का फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर निकला ।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई रानी शाम्भवी सिंह

**●सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र अमेठी के ग्राम उमापुर गाना पट्टी (पंचायत भवन) की धरती उस दिन किसी साधारण गाँव की नहीं, बल्कि सैकड़ों ज़रूरतमंदों के लिए उम्मीद और उजाले का केंद्र बन गई। वर्षों से धुँधली आँखों, पीड़ा और बेबसी के साथ जीवन जी रहे लोगों के लिए सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र जाँच एवं विभागीय शिविर ने नई रोशनी की किरण जगा दी।

इस सेवा शिविर की आयोजक एवं मुख्य अतिथि रानी शाम्भवी सिंह सुबह से लेकर शाम तक पूरे समय शिविर में उपस्थित रहीं। बिना किसी औपचारिकता और दूरी के वे आमजन के बीच बैठीं, बुजुर्गों का हाल जाना, माताओं की पीड़ा सुनी और ज़रूरतमंदों को भरोसा दिया। कई लोगों की आँखें भर आई और उनके मुख से स्वतः ही निकला– आज पहली बार लगा कि कोई



सच में हमारा भी है। जनसंवाद के दौरान रानी शाम्भवी सिंह ने कहा कि गाँव-देहात के गरीब और असहाय लोग वर्षों से इलाज के अभाव में दर्द सहने को मजबूर हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आँखों में रोशनी और चेहरे पर संतोष नहीं आएगा, तब तक उनकी सेवा अनवरत जारी रहेगी। जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति और ईश्वर का आशीर्वाद है।उन्होंने दो टूक कहा कि जनसेवा उनके लिए राजनीति नहीं, बल्कि जीवन का धर्म है। यदि व्यवस्था किसी बुजुर्ग की आँखों का अँधेरा दूर नहीं कर पाती, तो ऐसी व्यवस्था का कोई औचित्य नहीं। उन्होंने संकल्प लिया कि कोई भी गरीब, बुजुर्ग या असहाय व्यक्ति केवल आर्थिक कारणों से इलाज से वंचित नहीं रहेगा–यह उनका दृढ़ वचन है।शिविर में 240 से अधिक लोगों की नेत्र जाँच की गई तथा शुगर जाँच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जाँच उपरांत 17 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु अमेठी आई हॉस्पिटल रेफर किया गया। ऑपरेशन के बाद दृष्टि लौटने की बात सुनकर कई बुजुर्गों की आँखों से आँसू छलक पड़े–ये आँसू दर्द के नहीं, बल्कि उम्मीद और राहत के थे। इसके अतिरिक्त 12 परिवारों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जो उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं।

कार्यक्रम में प्रधान जीतेन्द्र तिवारी, अजीत सिंह, गिरजाशंकर शुक्ला, देव प्रकाश पांडेय, अजय तिवारी, मनोज तिवारी, रवि सिंह, शारदा बाजपेई, विमल कुमार (कोटेदार) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में यह स्पष्ट महसूस किया गया कि उस दिन न राजनीति बोल रही थी, न भाषण–सिर्फ़ इंसानियत बोल रही थी।समापन अवसर पर चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को डाबर कंपनी द्वारा प्रदत्त टूथपेस्ट एवं जूस का वितरण भी किया गया।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना को लेकर गौरीगंज आईटीआई में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गौरीगंज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त (उद्योग), अमेठी दिनेश कुमार चौरसिया ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने



प्रशिक्षण प्रदाताओं से अपील की कि वे योजना की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुँचाएं और उनके आवेदन की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यशाला में जिला समन्वयक/प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई गौरीगंज विवेक, प्रधानाचार्य आईटीआई जायस, एमआईएस मैनेजर, जिला मैनेजर, सीएम फेलो, सीएम युवा उद्यमी, विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक सहित जनपद अमेठी में कार्यरत सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रतिनिधि एवं केंद्र प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यशाला के अंत में प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षित युवाओं को योजना के प्रति जागरूक करें, उनका समयबद्ध रूप से आवेदन कराएं तथा स्वरोजगार स्थापना में सहयोग प्रदान करें, जिससे जनपद में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिल सके।

# संक्षिप्त खबरें

## मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के पूरे जीत हरीपुर गांव में सोमवार को मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों से कुल पांच लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी पवन कोरी ने आरोप लगाया कि गांव के ही मनोज पासी, सोनू, प्रमोद और छोटू ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां निर्मला के साथ भी मारपीट की गई। घटना में मुक्तादीन और परिवार के ही राजकुमार भी घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से मनोज ने भी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए मुक्तादीन, पवन कुमार, राजकुमार और निर्मला पर मारपीट का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## साइकिल से गिरकर बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल, गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर

**लालगंज (रायबरेली)।** उन्नाव हाईवे पर सातनपुर गांव के पास सोमवार को साइकिल सवार एक बुजुर्ग असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बुजुर्ग की पहचान शीतलबक्स खेड़ा गांव निवासी रामआसरे के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह किसी काम से साइकिल से जा रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह औंधे मुंह सड़क पर गिर पड़े।

## आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, सीतापुर में स्वामी विवेकानंद जयंती 'युवा दिवस' का आयोजन



**सीतापुर।** आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, सीतापुर में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके दर्शन, आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति एवं युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का चिंतन आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक है और उनके विचार आत्मनिर्भर, सशक्त एवं नैतिक समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के रजिस्ट्रार रोहित सिंह, अध्यापकगण राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल, तबस्सुम बनो, अनुभा धुरिया, नीलम वर्मा, तान्या, अभिमन्यु, रेहान, साहिल सिंह सहित स्टाफ सदस्य अरुण सिंह, तिलक राज, प्रवीण यादव, प्रीति यादव, प्रीति तिवारी, अबरार अली, रमा सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हिन्दू सम्मेलन आयोजित



**सिद्धार्थनगर:** बांसी के चंगेरवा पैलेस में सोमवार को एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अखिल भारतीय संह सेवा प्रमुख सेंथल कुमार ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट रहने की जरूरत है तभी सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों को मजबूत मिल सकती है। विशिष्ट अतिथि महन्थ हनुमान दास नागा ने हिंदू संस्कृति, परंपराओं और समाज में आपसी भाईचारे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति को समझने और समाजहित में कार्य करने की अपील की। सम्मेलन का संचालन रवि अग्रहरि ने किया। इस अवसर पर संध्या श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर केपी त्रिपाठी, सोनू, जयसवाल, अमय पांडे, शैलेंद्र दुबे, अनुपमा सिंह दुबे, सुशीला केवट, प्रतिभा वर्मा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, बजरंगी वर्मा, धनंजय, दुर्गा प्रसाद, उमाकांत त्रिपाठी सहित भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आकाश मोदनवाल ने सम्मेलन में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बलरामपुर में बुलडोजर एक्शनः सोहेलवा में वन भूमि पर अवैध कब्जा कर बनी थी मजार, कर दिया समतल

**● बलरामपुर के सोहेलवा संरक्षित क्षेत्र में वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर बनाई गई मजार को ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की ओर से कार्रवाई हुई है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुरः** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में वन विभाग की जमीन पर अवैध तरीके से बनी पांच दशक से अधिक पुरानी मजार को ध्वस्त कर दिया गया है। प्रशासन की कार्रवाई का मामला सामने आने के बाद चर्चा गरमा गई है। दरअसल, प्रदेश के दो जिलों में रविवार को अवैध निर्माणों पर बुलडोजर गरजने की खबर ने हलचल बढ़ा दी है। देवरिया में गोरखपुर रोड ओवरब्रिज के नीचे बनी मजार को ध्वस्त किया गया। दोनों जगह अवैध निर्माण का मामला सामने आया। इसके बाद प्रशासन की टीम ने बुलडोजर एक्शन कर अतिक्रमण को हटाया है।

बलरामपुर में सोहेलवा के संरक्षित वन क्षेत्र में अतिक्रमण कर निर्माण किए की बात सामने आई थी। सोहेलवा संरक्षित क्षेत्र के कोल्हुई में पांच दशक पहले वन विभाग की जमीन कब्जा कर बनाई गई मजार को रविवार को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। इस एक्शन के दौरान गोपनीयता बरते जाने की बात सामने आ रही है।

**संयुक्त कार्रवाई में अतिक्रमण ध्वस्त**

कोल्हुई में रविवार को पुलिस और वन विभाग की टीम की संयुक्त कार्रवाई हुई। दोनों विभाग की टीम अतिक्रमित स्थल पर बुलडोजर के साथ पहुंची। संयुक्त कार्रवाई में दो घंटे में पूरी मजार ध्वस्त कर इलाके को समतल कर दिया गया। मौके से जमा मलबे को भी हटा दिया गया है। पुलिस ने गोपनीय तरीके से पूरी कार्रवाई की।

**एएसपी का आया बयान**

बलरामपुर एएसपी विशाल पांडेय ने अतिक्रमण अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में जिन-जिन जगहों पर अवैध मजारें बनी हुई हैं, उन सभी की जांच की जा रही है। इन सबके खिलाफ अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहीं पर भी कोई भी अवैध निर्माण को रहने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर कोई अपनी आस्था को व्यक्त नहीं कर सकता। यह गैरकानूनी है।50 साल पुरानी थी मजार सीओ सदर ज्योतिश्री ने मामले में कहा कि संरक्षित वन क्षेत्र में बनी यह मजार 50 साल से अधिक पुरानी थी। जंगल की जमीन पर कब्जा कर वर्षों पहले इसका निर्माण कराया गया था। मामला सामने आने के बाद पूरी जांच की गई। वन विभाग ने मजार को अनधिकृत घोषित किया था।सीओ ने कहा कि बुलडोजर से पूरी मजार को ध्वस्त करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस एक्शन पर किसी प्रकार की आपत्ति या विवाद करने वाले लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# एयर गन का छर्रा लगने से युवक गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के निहस्था रामपुर गांव में एयर गन से निकला छर्रा युवक के दाएं पैर में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को लहूलुहान हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्नाव जिले के देवराहार मजरे धानीखेड़ा निवासी प्रियांशू (22) पुत्र सुनेक कुमार अपने ननिहाल रामपुर गांव आया था। रविवार को वह खेतों की ओर गया था, जहां खेल-खेल में चिड़िया मारने वाली बंदूक चल गई और छर्रा उसके पैर में जा धंसा। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों के अनुसार घायल और उसके साथ आए लोग घटना की स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। युवक को एक्स-रे के लिए रेफर किया गया है। घटना की सूचना पीआई के माध्यम से कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली:** भीषण ठंड के इस मौसम में समाजसेवियों द्वारा गरीबों की मदद का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में मऊ ग्राम पंचायत में बीते तीन दिनों से लगातार जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जा रहा है। यह सराहनीय कार्य मऊ सर्की गांव निवासी पूर्व प्रमुख एवं वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि तथा भाजपा नेता सत्येंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। आपको बता दें कि, कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह द्वारा लगभग 1500 गरीब, जरूरतमंद वृद्धों एवं महिलाओं को कंबल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

टेलीफोनिक बातचीत में सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि, वे यह सेवा कार्य प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में नियमित रूप से करते आ रहे हैं। उनका मानना है कि, गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है, और यह कार्य वे पूरी तरह निस्वार्थ भाव से करते हैं। उन्होंने बताया कि, उनके पिता स्वर्गीय गोकुल सिंह भी समाजसेवा को अपना धर्म मानते थे और सदैव जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। उन्हीं से प्रेरणा लेकर उन्होंने गरीबों की मदद को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया।

श्री सिंह का कहना है कि, गरीबों द्वारा दिया गया सच्चा आशीर्वाद अवश्य फलित होता है, और उसी के परिणामस्वरूप आज वे इस योग्य हैं कि, दूसरों की सहायता कर सकें। आपको यह भी बता दे कि, पिछले कई वर्षों से मऊ बाजार स्थित रामलीला मैदान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष उन्होंने कुछ अलग करते हुए घर-घर जाकर प्रत्येक महिला सदस्य को कंबल देने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे वे पूरी निष्ठा से पूरा करने में जुटे हैं। इस पुण्य कार्य में ग्राम प्रधान भोलई मौर्य, रमेश सिंह (विधायक), आशीष सिंह, शुभम सिंह, दीपक सिंह, रज्जू, काली प्रसाद, रामदीन सहित अनेक समर्थक सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

# लॉयर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद- सीतापुर** स्थानीय तहसील परिसर में लॉयर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप) आशीष सिंह पटेल रहे।

कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं संतोष पांडे को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की भूमिका समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों की मजबूती से रक्षा करने तथा विधिक सेवा को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की मेजबानी जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य सी.पी. त्रिपाठी ने की। समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, अधिवक्ता एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से वेद प्रकाश श्रीवास्तव, कमल वर्मा, मामून आलम, बी.बी. पांडेय एवं रमाकांत वर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अपने संबोधन में लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल ने संगठन की एकता बनाए रखने, अधिवक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। वहीं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने तकनीकी शिक्षा और विधिक सहायता के बीच बेहतर समन्वय को समय की आवश्यकता बताते हुए इस दिशा में सकारात्मक पहल पर जोर दिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के पश्चात जलपान के साथ किया गया। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री ने रामकुंड चौराहे पर पटेल प्रतिमा एवं मोतीपुर चौराहे पर क्षीता पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात पॉलीटेक्निक के सेवानिवृत्त प्रवक्ता मास्टर अशोक पटेल के आवास पर स्वल्पाहार ग्रहण कर लखनऊ के लिए प्रस्थान किया।

# स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर युवा सम्मेलन एवं गोष्ठी आयोजित

**चुनार, मीरजापुर।** संघ शताब्दी वर्ष एवं स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर सोमवार को नगर के उस्मानपुर स्थित श्री हीरालाल वर्मा इंटर कॉलेज में युवा सम्मेलन गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विपुल रस्तोगी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ कुलदीप पांडेय (प्रान्त बौद्धिक प्रमुख ) रहे। कार्यक्रम का संचालन सह नगर कार्यवाह धीरज जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और स्वागत गीत के साथ हुआ। मुख्य वक्ता डॉ कुलदीप पांडेय ने स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व, जीवन व चरित्र पर वर्णन करते हुए युवाओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण सभागार भारत माता की जय व वंदे मातरम् की गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत से हुआ। इस अवसर पर बचाऊ लाल सेठ, नगर कार्यवाह विवेक सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी,वरिष्ठ गणमान्य जन, युवा एवं छात्रों सहित सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# मदरसा नूरूल हुदा लिलबनात में 11 वा वार्षिक क़ौमी एकता रज़ाई कम्बल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**● इंसानियत से बढ़ कर कोई बड़ा कार्य नहीं हो सकता, मौलाना खालिद रशीद फ़रंगी महली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खैराबाद सीतापुर** स्थानीय मदरसा नूरूल हुदा लिलबनात मसवासी टोला में ग्यारहवां क़ौमी एकता रज़ाई कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय ख़लील अहमद खान की याद में खैरूननिसा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्त्वावधान में आयोजित किया गया, इस अवसर पर सभी धर्म और सम्प्रदाय के लगभग 300 ग़रीब, और ज़रूरतमन्द लोगों को लाभ पहुंचाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऐशबाग लखनऊ ईदगाह के शाही इमाम मौलाना खालिद रशीद फ़रंगी महली ने कहा कि यह बहुत हीअच्छा और पुनीत कार्य है इससे इंसानियत को एक मजबूती प्रदान होती है और इस पुनीत कार्य यानी इंसानियत से बड़ा कोई न धर्म है और न पुनीत कार्य क्योंकि जब मनुष्य के अंदर इंसानियत पैदा हो जाती है उसका एख़्लाक़ अच्छा होता है तो उसके कार्य और हर अमल से अल्लाह भी खुश होता है इस लिए मौलाना मुफ्ती आफताब आलम नदवी खैराबादी जो कार्य पिछले ग्यारह सालों से करते चले आ रहे हैं वाक़ई यह बहुत अच्छा और बड़ा कार्य है बल्कि मैं यह चाहता हूं कि यहां मौजूद सभी लोग जो इस तरह के कार्य कर सकते हैं वो भी करें या मौलाना आफताब आलम के कार्य में सहयोग करें। और इसके लिए मैं मौलाना को मुबारकबाद पेश करता हूं कि बड़ी मेहनत और लगन से कर रहे हैं। इसी अवसर पर मौलाना मुश्ताक नदवी लखनऊ, मौलाना सूफ़ियान निजामी तथा सीतापुर व्यापार मण्डल अध्यक्ष भगवती प्रसाद गुप्ता तथा खैराबाद की बड़ी संगत माखूपुर के महंत कृष्णा चारी और शिया आलिम ए दीन मौलाना इश्तियाक हुसैन रिज़वी ने भी इस मौक़े पर संबोधित किया और मौलाना आफताब आलम को मुबारकबाद पेश की। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन कार्यक्रम आयोजक मौलाना आफताब आलम नदवी खैराबादी ने किया और सभी अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों में नायब तहसीलदार तिवारी जी, लेखपाल आलोक कुमार,तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों में अब्दुल कय्यूम अंसारी, हाजी आबिद अली, हाजी साजिद अली, लक्ष्य शांति अखबार के संस्थापक रामसुमिरन शर्मा,सुप्रसिद्ध शायर डॉक्टर अब्दुल अज़ीज़ खैराबादी, मदरसा अल्लामा फ़ज़्ले हक़ खैराबादी मेमोरियल कॉलेज खैराबाद के संस्थापक काजिम हुसैन इमरान, हाफिज महताब आलम पत्रकार सरकार आलम, असमारुल हक़, कालू जायसवाल, मोहम्मद सत्तार खान,मोईन अहमद,अतीउल्लाह, जमा अंसारी,आदि को कार्यक्रम आयोजक मौलाना आफताब आलम और उनके सुपुत्र हमजा ने सभी अतिथियों सम्मानित व्यक्तियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यों की समीक्षा

**● लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने, समय से डेटा फीडिंग व लंबित वादों के निस्तारण के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कर-करेत्तर मदों की प्राप्ति तथा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यों की प्रगति को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से प्राप्त राजस्व की विभागवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति का आकलन किया। डीएम ने स्टाम्प एवं पंजीकरण, परिवहन, मंडी शुल्क, खनन, आबकारी, जीएसटी सहित अन्य राजस्व विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मासिक एवं वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाई जाए तथा राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सघन मॉनिटरिंग एवं प्रभावी कार्ययोजना के तहत कार्य करें, जिससे जनपद की राजस्व स्थिति मजबूत हो सके।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व से संबंधित प्रविष्टियों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय से डेटा फीडिंग सुनिश्चित करने तथा प्रविष्टियों की गुणवत्ता व सत्यापन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि डैशबोर्ड पर अद्यतन व सही जानकारी समयबद्ध रूप से उपलब्ध होनी चाहिए।

राजस्व मामलों की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने लंबित वादों पर भी विशेष जोर देते हुए समस्त उपजिलाधिकारियों एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध वाद निस्तारण से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं गति आएगी। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, एडीएम न्यायिक, एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता, एसडीएम उतरौला अभय सिंह, एसडीएम तुलसीपुर राकेश कुमार जयंत, जिला आबकारी अधिकारी, एआईजी स्टाम्प, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, डीसी जीएसटी, खान निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार में चयन के बाद नाम हटाने पर बवाल, प्रशासनिक लापरवाही उजागर, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने दी प्रोत्साहन राशि

**● ...लिखित सूचना व सत्यापन के बावजूद सम्मान से वंचित हुए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ** राजधानी लखनऊ में आयोजित विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार से जुड़े एक मामले ने योगी सरकार के युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मोहनलालगंज क्षेत्र के ग्राम गनेश खेड़ा निवासी राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता अवधेश कुमार को विभाग की ओर से लिखित रूप से यह सूचना दी गई थी कि उन्हें विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस सूचना को उनके वर्षों से किए जा रहे सामाजिक, शैक्षणिक, युवा-हित एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यों की औपचारिक स्वीकृति माना गया। इसके बाद उनका सत्यापन भी पूरा किया गया, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि अंतिम सूची जारी होते समय बिना किसी स्पष्ट कारण और पूर्व सूचना के उनका नाम हटा दिया गया। जब अवधेश कुमार ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेने और अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का प्रयास किया, तो आरोप है कि योगी सरकार के जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को टालने और दबाने की कोशिश की। इतना ही नहीं, उन्हें आगे शिकायत करने पर विभागीय नुकसान उठाने के संकेत भी दिए गए। इस प्रशासनिक रवैये से न केवल युवाओं में रोष है, बल्कि चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है। मामला तब और गंभीर हो गया जब यह विषय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अवनीश यादव, विवेकानंद यूथ अवॉर्डी विशाल गुप्ता एवं अन्य समाजसेवियों के माध्यम से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुँचा। अखिलेश यादव ने अवधेश कुमार को बुलाकर उनकी बात सुनी और उन्हें ?51 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस प्रकरण में शामिल लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में योग्य युवाओं के साथ भेदभाव हो रहा है, जो चिंता का विषय है। विभाग की ओर से अब तक इस पूरे मामले में कोई स्पष्ट और लिखित स्पष्टीकरण न दिया जाना प्रशासनिक निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। इस मुद्दे को सामने लाने में समाजसेवी नवीन मिश्रा और संदीप वर्मा का भी सहयोग रहा।

# विद्यालयों में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू

**● प्री-बोर्ड परीक्षा देते हुये सेठ रामकुमार खेतान बालिका विद्यालय की छात्राएं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ स्थित शिवपती इंटर कॉलेज एवं सेठ राम कुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की प्री-बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से सोमवार को शुरू हुआ। प्रशासन एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुशासन और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया गया।

प्री-बोर्ड परीक्षा के तहतशिवपति इंटर कॉलेज में हाईस्कूल (कक्षा 10) में कुल 576 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिसमें 46 अनुपस्थित एवं इंटरमीडिएट (कक्षा 12) में 537 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिसमें 26 अनुपस्थिति रहे। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक विक्रम प्रसाद यादव व परीक्षा केंद्र प्रभारी मकबूल आलम खान के साथ शिक्षक राजेश कुमार, हेमंत राज, राजेश सिंह, राम त्रिपाठी एवं विजय शंकर पांडेय सुचारू परीक्षा संचालन में जुटे रहे। इसी तरह कस्बा के सेठ राम कुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में कुल 290 छात्राएं पंजीकृत थीं, जिनमें से 7 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। इंटरमीडिएट में 281 छात्राएं पंजीकृत थीं, जिनमें से 5 छात्राएं परीक्षा में शामिल नहीं हो सकीं। परीक्षा केंद्र की केंद्र व्यवस्थापक अंजू मिश्रा व केंद्र प्रभारी सत्यप्रकाश शुक्ला और कल्पना श्रीवास्तव, अपर्णा पांडेय, शशी मौर्य, फरहाना जमाल, यशस्वी गुप्ता एवं मेघ श्याम गुप्ता परीक्षा व्यवस्था में जिम्मेदारी निभाया। परीक्षा में शामिल होने वाली छात्राओं में नौशीन फातिमा, नसीन, अलीना नाज़, नंदनी, रोहिणी, सपना यादव, ज्योति गिरी, शालू गुप्ता, ज्योति शुक्ला ने परीक्षा दी। विद्यालयों में परीक्षा को लेकर सुरक्षा एवं अनुशासन की पुख्ता व्यवस्था रही। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को मुख्य बोर्ड परीक्षा के लिए मानसिक एवं शैक्षणिक रूप से तैयार करना है।

# कांग्रेसियों ने मनाया सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन, पार्टी की मजबूती पर जोर



**कोन/सोनभद्र-** विकास खण्ड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोन के बैनर तले काँग्रेसियों ने सांसद प्रियंका गांधी का जन्म दिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा बचाओ पर विशेष चर्चा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता ने किया। आगे उन्होंने कहा कि प्रियंका गाँधी देश की आवाज हैं और गरीब, दलित ,शोषित परिवारों और समाज के वंचित लोगों के अधिकार के लिए संघर्ष करती हैं। इससे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए और संगठन के मजबूती के लिए बढ़ चढ़कर भाग लेने की लोगों से अपील किया। इसी क्रम में जिला सचिव राजेश त्रिपाठी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रियंका गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला और मनरेगा बचाओ पर चर्चा किया। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी की नितियों पर चर्चा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभा का समापन किया। इस मौके पर ब्लॉक महासचिव विजय कनौजिया, कचनरवा न्याय पंचायत अध्यक्ष अखलेश शर्मा, संजय, रविंद्र गुप्ता, श्रवण यादव, मनोज यादव अमरनाथ चेरो, मनोज, कुंदन बैठा, रमेश चंद्र सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद की शिक्षा, दर्शन को आत्मसात करने की जरुरत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** दयादीप पब्लिक स्कूल दंडीपुरम में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विचार संगम, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों का सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन अतिथि समाजसेवी संजय शुक्ल ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने वैदिक शिक्षा के प्रसार, अंतर्निहित शक्तियों के विकास तथा राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित चेतना पर बल देते हुए स्वामी विवेकानंद के शिक्षादर्शन को आत्मसात करने की आवश्यकता बताई। विशिष्ट अतिथि मत्स्येन्द्रनाथ मिश्र ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प. रामसेवक त्रिपाठी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। इसके पश्चात देवी प्रसाद मिश्र प्रधान, समाजसेवी संजय शुक्ल, चन्द्रशेखर शुक्ल सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कवि सम्मेलन में साहित्यकार व शिक्षक डॉ. अरुण कुमार रत्नाकर, डॉ. सच्चिदानंद त्रिपाठी, शेख मुंशी रजा अनीस देहाती, फैय्याज अहमद परवाना, धीरेन्द्र त्रिपाठी, मिठाईलाल गौतम, आचार्य संतोष मिश्र आदि ने काव्य पाठ किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रभावना का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शर्मिला गोस्वामी, माधुरी पाल, अंकिता गुप्ता, खुशबू पटेल व विभा विश्वकर्मा, अखिलेश पांडेय, शिवशंकर तिवारी, राम बरन सिंह, रामचन्द्र यादव सहित 151 लोगों का सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। आयोजक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दयाशंकर गिरि ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। व्यवस्थापक रमाकांत तिवारी ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की, जबकि संयोजक शिक्षक व साहित्यकार आशुतोष गिरि 'दीपक' ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार हरिवंश शुक्ल ( शौर्य ) ने किया। इस मौके पर ओम प्रकाश गिरि, विनय दुबे, पुरुषोत्तम विश्वतर्मा, शिवमूर्ति उपाध्याय,अंकित त्रिपाठी, मुन्ने, शिवमूर्ति मिश्र आदि मौजूद रहे।

# अनंत शक्ति का उद्घोष: स्वामी विवेकानंद - भारत की जागृत ज्योति

**[ एक अनंत मशाल: स्वामी विवेकानंद का जन्म और अविनाशी प्रकाश ]**

**[ भारत की सुप्त आत्मा का जागरण: स्वामी विवेकानंद - कालातीत सूर्योदय ]**

जब मैं अपनी आँखें बंद करता हूँ और भारत की उस सनातन आत्मा का स्मरण करता हूँ, जो युगों से सत्य, प्रेम और साहस की प्रेरणा देती रही है, तो मेरे अंतःकरण में स्वामी विवेकानंद का तेजस्वी स्वरूप सजीव हो उठता है। वह स्वरूप केवल एक महापुरुष का नहीं, बल्कि एक युग की चेतना का प्रतीक है; वह वाणी केवल शब्दों का उच्चारण नहीं, बल्कि आत्मजागरण का महाघोष है। 12 जनवरी 1863—यह तिथि केवल एक जन्म-दिन नहीं, बल्कि भारत की आत्मा में प्रज्वलित हुई उस अग्नि का स्मरण है, जिसने सुप्त राष्ट्र को जाग्रत किया और विश्व को भारतीय अध्यात्म की विराटता से परिचित कराया। स्वामी विवेकानंद कोई साधारण संन्यासी नहीं थे; वे उस अमर मशाल के समान थे, जिसकी लौ आज भी मानवता को दिशा दे रही है। उनकी जयंती हमें नमन करने का अवसर देती है—न केवल उनके जीवन को, बल्कि उस आत्मविश्वास, करुणा और निर्भीकता को, जो उन्होंने भारत की चेतना में प्रवाहित की। स्वामी विवेकानंद का जन्म कोलकाता में नरेंद्र नाथ दत्त के रूप में हुआ। बाल्यकाल से ही उनके व्यक्तित्व में असाधारण तेज, निर्भीकता और जिज्ञासा स्पष्ट दिखाई देती थी। सत्य को जानने की उत्कंठा, ईश्वर के साक्षात्कार की तीव्र प्यास और तर्कशील बुद्धि उन्हें अपने समकालीनों से भिन्न बनाती थी। 1881 में रामकृष्ण परमहंस से हुई उनकी भेंट उनके जीवन की निर्णायक घटना सिद्ध हुई। रामकृष्ण ने उनके भीतर उस सुप्त सूर्य को पहचान लिया, जो आगे चलकर संपूर्ण विश्व को आलोकित करने वाला था। गुरु के सान्निध्य में नरेंद्र से विवेकानंद बनने की यह यात्रा केवल एक साधक की साधना नहीं थी, बल्कि भारत के आत्मबोध की यात्रा थी। रामकृष्ण परमहंस के महाप्रयाण के पश्चात, विवेकानंद ने अपने गुरु के संदेश को विश्व तक पहुँचाने का संकल्प लिया। यह संकल्प केवल आध्यात्मिक प्रचार का नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण का था। 1893 का शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन उनके जीवन का वह ऐतिहासिक क्षण बना, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर गौरवपूर्ण पहचान दिलाई। जब उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' कहकर अपना संबोधन प्रारंभ किया, तो सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट केवल शिष्टाचार नहीं थी—वह विश्व की आत्मा द्वारा भारतीय संस्कृति को दिया गया सम्मान था। सात मिनट के उस भाषण में उन्होंने वेदांत, सहिष्णुता और सार्वभौमिक भाईचारे का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरक है। स्वामी विवेकानंद का दर्शन रूढ़ परंपराओं की सीमाओं को तोड़ने वाला था। उन्होंने धर्म को केवल कर्मकांड और पूजा-पाठ तक सीमित नहीं किया। उनके लिए धर्म का अर्थ था—मानव सेवा, करुणा और निर्भय सत्य। वे स्पष्ट शब्दों में कहते थे, 'जो दरिद्र नारायण की सेवा नहीं करता, वह ईश्वर की सेवा का अधिकारी नहीं हो सकता।' उनके इस विचार ने अध्यात्म को जीवन से जोड़ा और सेवा को साधना का सर्वोच्च रूप घोषित किया। 1897 में स्थापित रामकृष्ण मिशन उनके इसी विचार का सजीव उदाहरण है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के माध्यम से आज भी लाखों जीवनों को संवार रहा है। उनके विचारों की सबसे बड़ी विशेषता थी—आत्मविश्वास की अग्नि। औपनिवेशिक दासता से ग्रस्त भारत को उन्होंने आत्मग्लानि से मुक्त होने का संदेश दिया। उनका उद्घोष– 'अपने को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है '—केवल वाक्य नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना को झकझोरने वाला मंत्र था। उन्होंने युवाओं को यह विश्वास दिलाया कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी आत्मा में निहित है। उनके शब्दों में जो ओज था, वह आज भी रक्त में बिजली-सी दौड़ जाता है। स्वामी विवेकानंद का युवाओं पर अटूट विश्वास था। वे मानते थे कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की धुरी है। उनका प्रसिद्ध कथन– 'मुझे सौ ऊर्जावान युवा दो, मैं भारत का पुनर्निर्माण कर दूँगा '—आज भी हर युवा हृदय को आंदोलित करता है। आज के भारत में, जहाँ युवा जनसंख्या विशाल है, स्वामीजी का यह आह्वान और भी अधिक प्रासंगिक हो उठता है। वे युवाओं को केवल स्वप्न देखने के लिए नहीं, बल्कि संकल्प और कर्म के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते थे। उनका अमर संदेश– 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए '—मानव जीवन का शाश्वत सूत्र है। यह संदेश केवल व्यक्तिगत सफलता का नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान का मार्गदर्शन करता है। विवेकानंद का विश्वास था कि प्रत्येक आत्मा में अनंत सामर्थ्य विद्यमान है। आवश्यकता केवल उसे पहचानने और जाग्रत करने की है। शिक्षा के विषय में भी उनका दृष्टिकोण अत्यंत क्रांतिकारी था। वे शिक्षा को सूचना-संग्रह नहीं, बल्कि चरित्र-निर्माण का साधन मानते थे। उनके अनुसार, वही शिक्षा सार्थक है जो मनुष्य को आत्मनिर्भर, निर्भीक और नैतिक बनाती है। आज के युग में, जब शिक्षा प्रायः केवल रोजगार का साधन बनकर रह गई है,



स्वामी विवेकानंद के विचार हमें उसके मूल उद्देश्य की याद दिलाते हैं। स्वामी विवेकानंद का जीवनकाल भले ही संक्षिप्त रहा हो, परंतु उनकी चेतना कालातीत है। वे समय की सीमाओं में बंधे नहीं थे। उनका जन्म केवल 1863 में नहीं हुआ—वे प्रत्येक युग में तब जन्म लेते हैं, जब समाज को दिशा की आवश्यकता होती है। उनकी जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि विचार अमर होते हैं, और जो राष्ट्र आत्मविश्वास खो देता है, वह इतिहास बन जाता है। आज, स्वामी विवेकानंद की जयंती के पावन अवसर पर, यह आवश्यक है कि हम उन्हें केवल पुष्पांजलि तक सीमित न करें। सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी, जब हम उनके विचारों को अपने जीवन और कर्म में उतारें। उनका जीवन एक चिरस्थायी दीपस्तंभ है, जो अंधकार में भी मार्ग दिखाता है। उनकी अमर वाणी– 'तुम अनंत शक्तियों के स्वामी हो '—हर निराश मन को आशा से भर देती है। स्वामी विवेकानंद का जन्म भारत की आत्मा में उदित हुआ वह सूर्य है, जिसकी किरणें आज भी विश्व को आलोकित कर रही हैं। उनकी जयंती हमें संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम उनके आदर्शों को जीवन में उतारकर राष्ट्र और मानवता की सेवा करें, और भारत को पुनः उस गौरवशाली पथ पर अग्रसर करें, जिसकी कल्पना स्वामी विवेकानंद ने की थी।

**प्रो. आरके जैन**

# आर्थिक साम्राज्यवाद और तेल की राजनीति

अमेरिका का आर्थिक साम्राज्यवाद लंबे समय से वैश्विक अर्थव्यवस्था और भू-राजनीति का केंद्र बिंदु रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने अपनी आर्थिक और सैन्य शक्ति का उपयोग करके एक ऐसी व्यवस्था स्थापित की, जिसमें डॉलर को विश्व की प्रमुख मुद्रा बनाया गया। विशेष रूप से तेल व्यापार में 'पेट्रोडॉलर' प्रणाली ने अमेरिका को अपार लाभ पहुँचाया। इस प्रणाली के तहत तेल निर्यातक देश, मुख्यतः ओपेक सदस्य, तेल की बिक्री डॉलर में करते हैं, जिससे विश्व भर में डॉलर की मांग बनी रहती है।

इससे अमेरिका को सस्ते कर्ज और वैश्विक प्रभाव की सुविधा मिली। लेकिन 2026 की वर्तमान परिस्थितियों में यह साम्राज्यवाद चुनौतियों का सामना कर रहा है, जहाँ ट्रंप प्रशासन की आक्रामक नीतियाँ, वेनेजुएला जैसे देशों में हस्तक्षेप और तेल बाजार की अस्थिरता प्रमुख हैं। तेल की राजनीति अमेरिकी साम्राज्यवाद का मूल आधार रही है। मध्य पूर्व में तेल संसाधनों पर नियंत्रण के लिए अमेरिका ने दशकों से हस्तक्षेप किए हैं। 1970 के दशक में सऊदी अरब के साथ समझौते ने पेट्रोडॉलर को जन्म दिया, जिसने अमेरिकी डॉलर को मजबूत बनाया। लेकिन अब ब्रिक्स देशों का उदय, चीन की डिजिटल युआन और वैकल्पिक भुगतान प्रणालियाँ पेट्रोडॉलर को चुनौती दे रही हैं। 2026 में वैश्विक तेल बाजार ओवरसप्लाई की स्थिति में है, जहाँ उत्पादन मांग से अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (ढ्ढश्व) के अनुसार, 2026 में अतिरिक्त आपूर्ति 2 मिलियन बैरल प्रतिदिन से अधिक हो सकती है, जिससे कीमतें कम रहने की संभावना है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 55-60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रह सकती है। ट्रंप प्रशासन की वापसी ने अमेरिकी साम्राज्यवाद को नया रूप दिया है। 2025 के अंत और 2026 की शुरुआत में वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप इसका स्पष्ट उदाहरण है। जनवरी 2026 में अमेरिकी सेनाओं ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया और देश पर नियंत्रण की घोषणा की। ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि अमेरिकी कंपनियाँ वेनेजुएला के तेल उद्योग को ठीक करेंगी और लाभ कमाएंगी। वेनेजुएला विश्व के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडार वाला देश है, लेकिन दशकों की कुप्रबंधन और अमेरिकी प्रतिबंधों से उसका उत्पादन गिरकर मात्र 9-10 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया है। इस हस्तक्षेप का उद्देश्य न केवल मादुरो की तानाशाही समाप्त करना बताया गया, बल्कि तेल संसाधनों पर नियंत्रण भी। इससे अमेरिका ओपेक को कमजोर कर सकता है और रूस, ईरान जैसे प्रतिद्वंद्वियों पर दबाव बढ़ा सकता है। यह हस्तक्षेप अमेरिकी आर्थिक साम्राज्यवाद की पुरानी रणनीति को दर्शाता है। मध्य पूर्व में इराक, लीबिया जैसे देशों में तेल के लिए युद्ध और हस्तक्षेप हुए। अब लैटिन अमेरिका में मोनरो सिद्धांत को पुनर्जीवित करते हुए ट्रंप ने वेनेजुएला पर कब्जा किया। इससे वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ सकती है, जो अमेरिकी कंपनियों जैसे शेवरॉन, एक्सॉनमोबिल को लाभ पहुँचाएगी। लेकिन यह ओपेक के लिए खतरा है, क्योंकि वेनेजुएला के तेल से कीमतें और गिर सकती हैं। ओपेक ने 2026 की पहली तिमाही में उत्पादन वृद्धि रोक दी है, ताकि बाजार स्थिर रहे। अमेरिका की तेल राजनीति में प्रतिबंधों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ईरान, रूस और वेनेजुएला पर लगे प्रतिबंधों से इन देशों का तेल निर्यात प्रभावित हुआ है। रूस पर यूक्रेन युद्ध के कारण प्रतिबंधों से उसका तेल बाजार में कम प्रभावी हुआ। ईरान पर परमाणु कार्यक्रम के नाम पर प्रतिबंध जारी हैं। वेनेजुएला में अब अमेरिकी नियंत्रण से प्रतिबंध हट सकते हैं, जिससे अतिरिक्त तेल बाजार में आएगा। लेकिन यह वैश्विक आपूर्ति अधिशेष को बढ़ाएगा, जो अमेरिका के लिए फायदेमंद है क्योंकि वह स्वयं बड़ा तेल उत्पादक है। अमेरिकी शेल तेल उत्पादन 13.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन के आसपास है, जो विश्व में प्रमुख है। वर्तमान में अमेरिकी साम्राज्यवाद गिरावट के संकेत दिखा रहा है। चीन का उदय, ब्रिक्स का विस्तार और वैकल्पिक मुद्राओं में व्यापार पेट्रोडॉलर को कमजोर कर रहे हैं। कई देश तेल व्यापार में युआन या अन्य मुद्राओं का उपयोग कर रहे हैं। ट्रंप की टैरिफ युद्ध और अलगाववादी नीतियाँ अमेरिकी प्रभाव को कम कर रही हैं। यूरोपीय सहयोगी भी अमेरिकी नीतियों से असंतुष्ट हैं। फिर भी, अमेरिका की सैन्य शक्ति और डॉलर की प्रभुता बनी हुई है। वेनेजुएला हस्तक्षेप से अमेरिका तेल बाजार पर पुनः नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। तेल की राजनीति पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है। जलवायु परिवर्तन के दौर में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता विवादास्पद है। लेकिन अमेरिका ट्रंप के नेतृत्व में तेल उत्पादन बढ़ा रहा है। दूसरी ओर, नवीकरणीय ऊर्जा का उदय तेल की मांग कम कर सकता है। 2026 में वैश्विक मांग वृद्धि मात्र 0.8-1 मिलियन बैरल प्रतिदिन रहने का अनुमान है। 2026 में अमेरिका का आर्थिक साम्राज्यवाद तेल की राजनीति से गहराई से जुड़ा हुआ है। वेनेजुएला जैसे हस्तक्षेप से अमेरिका अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन बहुध्रुवीय विश्व में यह चुनौतीपूर्ण है। चीन, रूस और ब्रिक्स की बढ़ती भूमिका से पेट्रोडॉलर कमजोर हो रहा है। फिर भी, तेल संसाधनों पर नियंत्रण अमेरिकी शक्ति का प्रमुख हथियार बना हुआ है। यह स्थिति वैश्विक स्थिरता और विकासशील देशों के लिए खतरा पैदा कर रही है, जहाँ आर्थिक साम्राज्यवाद संसाधनों के शोषण को बढ़ावा देता है। भविष्य में यदि अमेरिका अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करता, तो उसकी प्रभुता और कमजोर हो सकती है।

**डॉ जगदीप सिंह**

# स्त्री शिक्षा,सुरक्षा और सशक्तिकरण का समकालीन परिदृश्य

**ग्रामीण क्षेत्र में स्त्रियों के विकास की स्थिति चिंताजनक**

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की प्रगति का आकलन उसकी आधी आबादी अर्थात स्त्रियों की स्थिति से किया जाता है और यह तथ्य आज केवल विचार नहीं बल्कि वैश्विक विकास सूचकांकों का आधार बन चुका है, भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में स्त्री की स्थिति एक ओर उल्लेखनीय प्रगति का संकेत देती है तो दूसरी ओर गंभीर चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकृष्ट करती है। स्त्री शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का आधार स्तंभ होती है, बीते कुछ दशकों में भारत में स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार देखने को मिला है, बालिका नामांकन दर में वृद्धि, माध्यमिक शिक्षा में लैंगिक अंतर में कमी और उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी ने सामाजिक संरचना को नया स्वरूप दिया है। विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि शिक्षा स्त्री सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बन रही है, किंतु यह भी यथार्थ है कि ग्रामीण, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में बालिकाओं की शिक्षा अब भी सामाजिक दबाव, घरेलू श्रम और बाल विवाह जैसी समस्याओं से प्रभावित है। वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में स्त्री की स्थिति आधुनिक भारत की स्त्री आज शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में पहले की तुलना में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही है, पंचायत से लेकर संसद तक उसकी भागीदारी बढ़ी है और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, इसके बावजूद घरेलू स्तर पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता, समान वेतन और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दे अब भी पूर्ण समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि कानूनी अधिकार और सामाजिक स्वीकृति के बीच अभी भी एक स्पष्ट अंतर विद्यमान है। स्त्रियों के विरुद्ध अपराध चिंता का विषय है हाल के वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के स्वरूप में भी बदलाव आया है, पारंपरिक अपराधों के साथ-साथ साइबर अपराध,ऑनलाइन उत्पीड़न और डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग से जुड़ी घटनाएँ तेजी से बढ़ी हैं, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज से संबंधित मामले और सार्वजनिक स्थलों पर असुरक्षा की घटनाएँ यह संकेत देती हैं कि शहरीकरण और तकनीकी प्रगति के बावजूद सामाजिक मानसिकता में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है, यह स्थिति न केवल कानून व्यवस्था बल्कि सामाजिक चेतना के स्तर पर भी गंभीर आत्ममंथन की मांग करती है। कानूनी प्रावधान और प्रशासनिक दायित्व पर एक दृष्टि डालें तो भारत में महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए सुदृढ़ कानूनी ढांचा उपलब्ध है, जिसमें घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण कानून, दहेज निषेध अधिनियम तथा हाल के आपराधिक कानून संशोधन शामिल हैं, किंतु प्रशासनिक दृष्टि से चुनौती इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण की है, पुलिस, न्यायपालिका और स्थानीय प्रशासन के समन्वय के बिना केवल कानूनों का अस्तित्व पर्याप्त नहीं सिद्ध हो सकता। आर्थिक सहभागिता और विकास की अनिवार्यता – स्त्रियों की आर्थिक भागीदारी को राष्ट्रीय विकास की अनिवार्य शर्त के रूप में स्वीकार किया जा चुका है, स्वयं सहायता समूहों, सूक्ष्म वित्त योजनाओं, ग्रामीण उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान किए हैं, फिर भी श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम बनी हुई है, जिसका कारण सामाजिक जिम्मेदारियों का असमान बोझ, कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी और अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार की अधिकता है। मीडिया और सामाजिक दृष्टिकोण में मीडिया स्त्री की छवि निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, सकारात्मक उदाहरणों के साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि स्त्री को संवेदनशीलता के साथ सम्मानजनक और संतुलित रूप में प्रस्तुत किया जाए, जिससे समाज में समानता और गरिमा का संदेश सुदृढ़ हो सके। भविष्य की दिशा और नीतिगत अपेक्षाएँ देखीं जाएं तो स्त्री की स्थिति में वास्तविक सुधार के लिए शिक्षा,



स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार को समग्र दृष्टिकोण से जोड़ना होगा, साथ ही सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन के लिए पुरुषों और बालकों को भी लैंगिक समानता के मूल्यों से जोड़ना अनिवार्य होगा, यह केवल महिला केंद्रित योजनाओं से नहीं बल्कि सामाजिक सहभागिता और प्रशासनिक संवेदनशीलता से संभव है। स्त्री की स्थिति किसी एक वर्ग या समुदाय का विषय नहीं बल्कि राष्ट्र की सामाजिक परिपक्वता और लोकतांत्रिक गुणवत्ता का दर्पण है, जब तक स्त्रियाँ भयमुक्त वातावरण में शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में समान अवसर प्राप्त नहीं करेंगी तब तक समावेशी विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा, इसलिए स्त्री सशक्तिकरण को नीतिगत प्राथमिकता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में भी स्वीकार किया जाना समय की आवश्यकता है।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## अग्नि, सूर्य और फसल का उत्सव लोहड़ी

**परंपरा, प्रकृति और सामूहिक उल्लास का जीवंत पर्व लोहड़ी**



सूर्य हमारे जीवन का मूल आधार है। उसी के प्रकाश, ताप और ऊर्जा से प्रकृति का चक्र चलता है, ऋतुएँ बदलती हैं और जीवन की निरंतरता बनी रहती है। भारतीय संस्कृति में सूर्य केवल एक खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि देवत्व का प्रतीक है। सूर्योपासना के विविध आयाम भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न पर्वों के रूप में दिखाई देते हैं। दक्षिण भारत में पोंगल, असम में माघ बिहु, बंगाल में संक्रांति, उत्तर भारत में मकर संक्रांति और पंजाब में लोहड़ी।ये सभी पर्व मूलतः सूर्य, ऋतु परिवर्तन और कृषि जीवन से जुड़े हुए हैं। इन्हीं में से लोहड़ी एक ऐसा पर्व है, जो मस्ती, उमंग और सामूहिक उल्लास का प्रतीक बन चुका है। लोहड़ी का पर्व पौष मास की कड़कड़ाती ठंड में आता है, जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करने की तैयारी करता है। यह वह समय होता है, जब सूर्य की गति दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर मुड़ती है। इसी खगोलीय परिवर्तन के कारण दिन धीरे-धीरे बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं। भारतीय परंपरा में इस परिवर्तन को शुभ माना गया है, क्योंकि यह शीत की जड़ता को तोड़कर नई ऊर्जा, नई चेतना और नई उम्मीद का संकेत देता है। लोहड़ी, जो मकर संक्रांति से ठीक एक दिन पहले 13 जनवरी की रात को मनाई जाती है, इसी परिवर्तन का उत्सव है। आज भी लोहड़ी पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई जाती है, क्योंकि इसके पीछे केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन से जुड़े गहरे कारण हैं। यह पर्व सीधे-सीधे किसान जीवन से जुड़ा हुआ है। पंजाब को भारत की रोटी की टोकरी कहा जाता है। यहाँ रबी की फसल, विशेषकर गेहूं, इसी समय खेतों में लहलहा रही होती है। फसल अभी पक रही होती है, कटाई में समय होता है, लेकिन मेहनत का परिणाम साफ दिखाई देने लगता है। ऐसे समय में किसान का मन आशा, संतोष और खुशी से भर उठता है। लोहड़ी उसी भावना की अभिव्यक्ति है। यह आने वाली समृद्धि का स्वागत है और धरती, सूर्य व अग्नि के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। लोहड़ी की सबसे प्रमुख रस्म है अग्नि प्रज्ज्वलन। सूर्य ढलते ही घर के सामने या खुले स्थान पर लकड़ियाँ इकट्ठा कर आग जलाई जाती है। यह अग्नि केवल ठंड से बचने का साधन नहीं, बल्कि पवित्रता, ऊर्जा और जीवन शक्ति का प्रतीक है। लोग इस अग्नि की परिक्रमा करते हैं और उसमें रेवड़ी, मूंगफली, गजक, तिल, पॉपकॉर्न और सूखे मेवे अर्पित करते हैं। यह अर्पण नई फसल, नई मिठास और नई शुरुआत का प्रतीक होता है। लोकमान्यता है कि इससे भूमि की उर्वरता बढ़ती है और आने वाला वर्ष सुख-समृद्धि से भरपूर होता है। लोहड़ी के साथ जुड़ी लोकपरंपराएँ इसे और भी जीवंत बनाती हैं।

बच्चों का घर-घर जाकर लोहड़ी लूट मांगना, लोकगीत गाना और बड़ों से आशीर्वाद लेना समाज के भीतर आपसी जुड़ाव को मजबूत करता है। यह परंपरा केवल रस्म अदायगी नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच संवाद और संस्कारों के हस्तांतरण का माध्यम है। जब बच्चे हँसी-खुशी गीत गाते हुए लोहड़ी मांगते हैं और बड़े उन्हें स्नेहपूर्वक देते हैं, तो समाज में अपनत्व और सामूहिकता की भावना स्वतः पनपती है। लोहड़ी के गीतों में दुल्ला भट्टी का नाम विशेष रूप से लिया जाता है। दुल्ला भट्टी पंजाब के लोकनायक थे, जिन्हें गरीबों का मसीहा कहा जाता है। वे अमीरों से लूटकर गरीबों की मदद करते थे और अन्याय के खिलाफ खड़े रहते थे। कहा जाता है कि उन्होंने एक गरीब लड़की की शादी अपनी बहन की तरह करवाई थी। उनकी यही उदारता और साहस लोकगीतों के माध्यम से आज भी जीवित है। लोहड़ी के गीतों में दुल्ला भट्टी का स्मरण यह बताता है कि यह पर्व केवल फसल या ऋतु परिवर्तन का नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, करुणा और साहस के मूल्यों का लभी उत्सव है। अक्सर यह प्रश्न उठता है कि क्या लोहड़ी केवल पंजाब का पर्व है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से देखें तो लोहड़ी का जन्म जरूर पंजाब की मिट्टी में हुआ, लेकिन इसकी आत्मा पूरे भारत की साझा संस्कृति से जुड़ी है। सूर्य, अग्नि और फसल का उत्सव भारत के हर क्षेत्र में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। नाम अलग हैं, रस्में अलग हैं, लेकिन भाव वही है। इसलिए लोहड़ी को केवल एक प्रांतीय पर्व मानना इसकी व्यापक सांस्कृतिक भावना को सीमित करना होगा। आज महानगरों में, यहाँ तक कि पंजाब से बाहर भी, लोग लोहड़ी को पूरे उत्साह से मनाते हैं। यह इसके सार्वभौमिक स्वरूप का प्रमाण है। किसानों के लिए लोहड़ी का महत्व विशेष है। यह पर्व उन्हें प्रकृति के साथ उनके रिश्ते का एहसास कराता है। किसान जानता है कि उसकी मेहनत अकेले पर्याप्त नहीं है, सूर्य का ताप, धरती की उर्वरता और मौसम की अनुकूलता भी उतनी ही जरूरी है। लोहड़ी के माध्यम से वह इन सभी शक्तियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। यह कृतज्ञता ही किसान को नई ऊर्जा देती है और कठिन परिश्रम के लिए प्रेरित करती है। यही कारण है कि लोहड़ी के समय खेतों में काम करने वाले किसानों के चेहरे पर अलग ही चमक दिखाई देती है। सामाजिक दृष्टि से लोहड़ी उल्लास का पर्व है। कड़कड़ाती ठंड और घने कोहरे के बीच जब लोग जलती आग के चारों ओर इकट्ठा होकर हँसते-गाते हैं, तो जीवन की कठिनाइयाँ कुछ समय के लिए पीछे छूट जाती हैं। भंगड़ा और गिद्दा की थाप पर थिरकते कदम केवल नृत्य नहीं, बल्कि जीवन के प्रति उत्साह की अभिव्यक्ति होते हैं। यह सामूहिक आनंद समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और आपसी रिश्तों को और मजबूत बनाता है।लोहड़ी की प्रासंगिकता आज के समय में और भी बढ़ जाती है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव और व्यक्तिवाद के बीच यह पर्व हमें सामूहिकता और प्रकृति से जुड़ाव का संदेश देता है। यह याद दिलाता है कि हमारी खुशियाँ केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि साझा उत्सवों और सामूहिक अनुभवों में भी छिपी हैं। लोहड़ी का असली कारण यही है कि मनुष्य प्रकृति के चक्र को समझे, उसका सम्मान करे और समाज के साथ मिलकर जीवन का उत्सव मनाए। अंत में लोहड़ी केवल आग जलाने, मिठाइयाँ खाने या नाच-गाने का पर्व नहीं है। यह सूर्य के उत्तरायण होने का स्वागत है, किसान की मेहनत का सम्मान है, लोकनायकों की स्मृति है और समाज के भीतर उल्लास व एकता का प्रतीक है। यही कारण है कि आज भी, सदियों बाद, लोहड़ी उसी जोश और उमंग के साथ मनाई जाती है। यह पर्व हमें सिखाता है कि परंपरा तभी जीवित रहती है, जब वह जीवन से जुड़ी हो और लोहड़ी इस सच्चाई का सबसे सुंदर उदाहरण है।

**कांतिलाल मांडोत**

# शोषण की वंशावली: जो माँ से बच्चे तक बहती है

**सामाजिक विवशताओं में कुचलता मानवीय अधिकार**

**बाल श्रम और महिला शोषण: दो सिरों वाला एक ही जहरीला तीर**

समाज की सबसे अँधेरी सच्चाइयाँ अक्सर उन घरों में छिपी होती हैं, जहाँ रोशनी के नाम पर सिर्फ मजबूरी जलती है। ऐसे घरों में माँ का पसीना और बच्चे का बचपन एक साथ गिरवी रखा जाता है। गरीबी, अशिक्षा और असमानता की जंजीरों में जकड़ा यह तंत्र बाल श्रम और महिला शोषण को एक-दूसरे से अलग नहीं रहने देता। ये दोनों समस्याएँ अलग-अलग दिखाई भले ही दें, पर वास्तव में एक ही जहरीले तीर के दो सिरे हैं। एक सिर बच्चों के हाथों से किताब छीनता है, तो दूसरा महिलाओं के जीवन से सम्मान। यही तीर पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को घायल करता चला जा रहा है। इस तीर का सबसे मजबूत आधार गरीबी है, जो परिवारों को असहाय बना देती है। जब आय सीमित होती है और ज़रूरतें अनंत, तब निर्णय विवशता में लिए जाते हैं। माँ घर से बाहर काम पर जाती है, खेतों या कारखानों में दिन खपाती है, और बच्चे स्कूल की जगह काम की दुनिया में धकेल दिए जाते हैं। इस संघर्ष में सबसे अधिक मार महिलाओं और बच्चों पर ही पड़ती है। पुरुष प्रधान समाज में पुरुष का काम स्थायी माना जाता है, जबकि महिला और बच्चे को सस्ते श्रम के रूप में देखा जाता है। इसी सोच के कारण यह विषैला तीर और तेज हो जाता है। बाल श्रम इस तीर का वह सिर है, जो मासूमियत को सबसे पहले भेदता है। कम उम्र में काम का बोझ उठाते बच्चे खेल, शिक्षा और सपनों से वंचित रह जाते हैं। ईंट-भट्ठों, होटलों, घरेलू कामों और छोटे उद्योगों में लगे ये बच्चे न सिर्फ शारीरिक श्रम करते हैं, बल्कि मानसिक दबाव भी झेलते हैं। कई बार उनके साथ दुर्व्यवहार और हिंसा भी होती है। शिक्षा से दूर रहने के कारण वे अपने अधिकारों को पहचान ही नहीं पाते। यह स्थिति उन्हें जीवनभर के लिए कमजोर बना देती है और समाज को एक अशिक्षित पीढ़ी सौंप देती है। इस तीर का दूसरा सिर महिला शोषण है, जो समान रूप से घातक है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएँ कम मजदूरी, लंबे काम के घंटे और असुरक्षित माहौल झेलती हैं। घरेलू कामगार, खेत मजदूर या कारखानों में लगी महिलाएँ अक्सर यौन उत्पीड़न और मानसिक उत्पीड़न का शिकार होती हैं। उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिलता और उन्हें निर्णय लेने का अधिकार भी नहीं दिया जाता। जब महिला स्वयं असुरक्षित होती है, तो उसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है और बच्चे भी उसी असुरक्षा में पलते हैं। बाल श्रम और महिला शोषण एक-दूसरे को जन्म देते हैं और एक-दूसरे को बढ़ाते हैं।

जब महिला की आय कम होती है और उसका शोषण होता है, तो परिवार की आर्थिक स्थिति नहीं सुधरती। ऐसे में बच्चों को भी काम पर भेजना मजबूरी बन जाता है। वही बच्चे बड़े होकर फिर उसी व्यवस्था का हिस्सा बनते हैं, जहाँ महिलाएँ और बच्चे शोषण के चक्र में फँसे रहते हैं। इस प्रकार यह जहरीला तीर सिर्फ वर्तमान को नहीं, बल्कि भविष्य को भी घायल करता है। यह एक ऐसा दुष्चक्र है, जो बिना हस्तक्षेप के कभी नहीं टूटता। सामाजिक रूढ़ियाँ इस तीर को और मजबूत बनाती हैं। लड़की को आज भी कई जगह बोझ समझा जाता है। उसकी शिक्षा पर कम ध्यान दिया जाता है और उससे कम उम्र में ही जिम्मेदारियाँ निभाने की अपेक्षा की जाती है। घरेलू काम, छोटे भाई-बहनों की देखभाल और बाहर का श्रम—यह सब उसकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है। वहीं महिला को सहनशीलता और त्याग का प्रतीक बनाकर उसके शोषण को सामान्य मान लिया जाता है। ऐसी सोच बच्चों और महिलाओं दोनों को कमजोर स्थिति में धकेल देती है। कानून और योजनाएँ इस समस्या से निपटने के लिए मौजूद हैं, लेकिन उनका प्रभाव सीमित है। बाल श्रम निषेध कानून, शिक्षा के अधिकार और महिला सशक्तिकरण की योजनाएँ कागजों पर मजबूत दिखती हैं, पर जमीनी हकीकत अलग है। प्रवर्तन की कमी, भ्रष्टाचार और जागरूकता के अभाव में ये प्रयास अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते। कई बार बच्चे बचा लिए जाते हैं, लेकिन पुनर्वास और शिक्षा की व्यवस्था न होने से वे फिर उसी दलदल में लौट जाते हैं। महिलाओं के लिए बनी योजनाएँ भी तभी सफल होंगी, जब उन्हें सम्मान और सुरक्षा के साथ लागू किया जाए। इस दो सिरों वाले जहरीले तीर को तोड़ने का सबसे प्रभावी हथियार शिक्षा है। गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा बच्चों को श्रम से दूर रख सकती है और उन्हें आत्मनिर्भर बना सकती है। साथ ही महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्यस्थल और समान वेतन मिलना अनिवार्य है। जब महिला आर्थिक रूप से सशक्त होगी, तभी वह अपने बच्चों को बेहतर भविष्य दे पाएगी। शिक्षा और सशक्तिकरण मिलकर ही इस दुष्चक्र को तोड़ सकते हैं। समाज की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। केवल सरकार पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। परिवारों को यह समझना होगा कि बच्चे कमाई का साधन नहीं, बल्कि भविष्य की नींव हैं। महिलाओं को सम्मान देना और उनके श्रम का मूल्य समझना सामाजिक जिम्मेदारी है। जागरूकता, संवेदनशीलता और सामूहिक प्रयास से ही यह बदलाव संभव है। जब सोच बदलेगी, तभी व्यवस्था बदलेगी और यह जहरीला तीर अपनी धार खो देगा। बाल श्रम और महिला शोषण के खिलाफ लड़ाई मानवता की लड़ाई है। यह संघर्ष कठिन जरूर है, पर असंभव नहीं। यदि आज समाज, सरकार और नागरिक मिलकर कदम उठाएँ, तो आने वाली पीढ़ियाँ एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगी। बच्चों का बचपन और महिलाओं की गरिमा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होती है। इस पूँजी की रक्षा करना हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है, क्योंकि यही सच्चे अर्थों में प्रगति की पहचान है।

**कृति आरके जैन**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा महोत्सव में सनातन संस्कृति की भव्य झलक



**गोलाबाजार, गोरखपुर –** गोलाबाजार स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय युवा महोत्सव के पहले दिन सनातन संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और आधुनिक विज्ञान का प्रभावशाली संगम देखने को मिला। सोमवार को शुरू हुए इस महोत्सव में छात्र-छात्राओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रचनात्मक मॉडलों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा पर आधारित नृत्य ने विशेष आकर्षण पैदा किया। इसके साथ ही महारानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज और स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित नृत्य व नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रेत से बनाए गए अखंड भारत, देश के प्रमुख मंदिरों और गोरखपुर के मॉडल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। एक मॉडल में आतंकवाद और भारतीय सेना की कार्रवाई को दर्शाया गया, जिसे दर्शकों ने राष्ट्रभक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति बताया। विज्ञान प्रदर्शनी में मार्स पर जीवन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, महिला सशक्तिकरण और भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर आधारित मॉडलों को खूब सराहना मिली। कार्यक्रम में काजल प्रजापति, फरजाना, भावना दूबे, सोनी विश्वकर्मा, संजना दूबे, खुशबू चंद, नीलू तिवारी, राधा उपाध्याय, ललिता यादव, आदित्य शुक्ला, उर्वशी शुक्ला, सुनील कुमार सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया।

### दरवाजे के सामने खड़ी बुलेट बाईक चोरी

**दस दिनों के भीतर घर के दरवाजे से दो बुलेट बाइक चोरी, स्थानीय लोगों में खौफ**

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया चौराहे पर स्थित हरिलाल पुत्र शेषमन की बुलेट बाइक दरवाजे से चोरी हो गई। परिजनों द्वारा बुलेट का काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित हरिलाल ने स्थानीय पुलिस को बुलेट चोरी की शिकायती पत्र देकर खोजबीन की मांग की है। ऐसे में परसामलिक थाना क्षेत्र से विगत दश दिनों के अंदर दो बुलेट बाईक घर के दरवाजे से चोरी हो गई। बीते एक जनवरी की रात ग्राम पंचायत रेहरा टोला बेलभार निवासी अभय प्रताप सिंह पुत्र गंगाराम सिंह के घर से बुलेट बाईक संख्या यूपी 56 एबी 8100 चोरी हो गई थी। वहीं उक्त बुलेट की खोजबीन में स्थानीय पुलिस जुटी हुई थी की रविवार की देर रात चोरों ने महदेइया निवासी हरिलाल पुत्र शेषमन की बुलेट बाइक यूपी 56 एक्यू 5078 घर के दरवाजे से उड़ा ले गए। ऐसे में दस दिनों में लगातार दो बुलेट बाइक की चोरी होने से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय पुलिस चोरों तक पहुंचने में फिसड्डी साबित हो रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है बाइक की खोजबीन की जा रही है।

### बहु सम्मेलन में पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक




**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सोमवार को पथरा बाजार थाने की पुलिस ने ग्राम भगगोभार में चौपाल लगाकर (बहुसम्मेलन ) आयोजित किया।जिसमे पथरा बाजार थानाध्यक्ष अमित कुमार और उनकी टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को गुड व बैड टच) और महिला सशक्तिकरण के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी देकर जागरूक किया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन सहित विभिन्न नंबर चलाए जा रहे है। थानाध्यक्ष ने महिलाओं और बालिकाओं को नए कानून के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम प्रधान बब्बू चोधरी, बैंकसखी -रेशमा ,समूह सचिव -लालपती देवी, मलखा प्रसाद,प्रवीण यादव , सुदामा यादव,बबिता भारती आदि लोग मौजूद रहे।

## गोरखपुर में बड़ी डकैती का खुलासा, 3 शातिर अपराधी गिरफ्तार, लाखों की ज्वेलरी, नकदी और हथियार बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद में अपराध पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना एम्स पुलिस, एसओजी और स्वाट टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सशस्त्र डकैती की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से डकैती की बड़ी मात्रा में पीली व सफेद धातु, नकदी, मोबाइल, कपड़े, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष एम्स संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना एम्स पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 06/2026 से संबंधित अभियुक्त राजकुमार सिंह उर्फ टिंकू, धनंजय चौहान और अभिषेक चौहान को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के पास से 261 ग्राम पीली धातु, 1 किलो 372 ग्राम सफेद धातु, 70 हजार रुपये नकद, डकैती के पैसों से खरीदा गया मोबाइल व कपड़े, एक मोटरसाइकिल और .315 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार 5 जनवरी 2026 को वादी ने थाना एम्स पर तहरीर देकर सूचना दी थी कि दो मोटरसाइकिलों से आए अज्ञात बदमाशों ने असलहा के बल पर उसके घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी और अलमारी में रखे आभूषण, पहने हुए गहने व नकदी लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को चिन्हित कर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने डकैती की घटना में संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य अभियुक्त राजकुमार सिंह उर्फ टिंकू समेत तीनों के खिलाफ पूर्व से ही लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। अब तक पुलिस कुल 307 ग्राम पीली धातु, 1 किलो 372 ग्राम सफेद धातु और 1 लाख 20 हजार रुपये नकद बरामद कर चुकी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और अन्य संभावित अपराधों के संबंध में भी पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई को गोरखपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

## समाज और राष्ट्र की एकजुटता से ही विश्व गुरु बनेगा भारत - राजेश त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर–** गोला उपनगर स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल परिसर में स्वामी विवेकानंद के 163 वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय युवा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि जब परिवार, समाज और देश एकजुट रहेगा, तभी दुनिया भारत को सलाम करेगी। युवाओं को फिल्मी दुनिया के बनावटी नायकों के बजाय स्वामी विवेकानंद जैसे युगद्रष्टा को अपना रियल हीरो बनाना चाहिए। आगे विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि राष्ट्रचेतना के महान विचारक थे। उन्होंने शिकागो धर्म संसद का प्रसंग साझा करते हुए कहा कि संन्यासी वेश के कारण प्रारंभ में स्वामी जी की अवहेलना की गई और उन्हें शून्य जैसे विषय पर बोलने को कहा गया, लेकिन उसी 'शून्य' को उन्होंने अपने विचारों से विश्व के लिए सार्थक बना दिया। स्वामी जी ने अपने उद्बोधन से भारत की आत्मा, सहिष्णुता और मानवता का संदेश विश्व पटल पर स्थापित किया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक मुख्य सेवक प्रदीप सिंह एवं मुख्य सेविका रत्ना सिंह को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन पर युवा महोत्सव आयोजित करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यदि इस मंच से एक भी युवा स्वामी विवेकानंद की असाधारण क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति को समझ ले, तो यह आयोजन अपने वास्तविक उद्देश्य में सफल होगा। कार्यक्रम की शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि विधायक राजेश त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल त्रिपाठी के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति, लोक-संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों पर आधारित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई। युवा महोत्सव के दौरान विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेला भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नवाचार, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता से जुड़े अपने मॉडल व विचार प्रस्तुत किए। पुस्तक मेले में ज्ञानवर्धक, प्रेरणास्पद एवं साहित्यिक पुस्तकों की विविध श्रृंखला उपलब्ध रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी और पुस्तक मेले की विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आमजन ने सराहना की। मुख्य सेवक प्रदीप सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, बौद्धिक विकास और राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन रूपईडीह के पदाधिकारियों ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महेश सिंह को ज्ञापन सौंपा

**●पत्रकारों को दिया आश्वासन ब्लॉक स्तर पर कराई जाएगी पत्रकार कक्ष की व्यवस्थाः प्रमुख प्रतिनिधि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** विकास खंड रूपईडीह के ब्लाक मुख्यालय पर पत्रकारों के लिए स्थायी पत्रकार कक्ष की व्यवस्था कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन रूपईडीह के पदाधिकारियों ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महेश सिंह को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन रूपईडीह के ब्लॉक अध्यक्ष गुरु बचन शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि वर्तमान में ब्लाक मुख्यालय पर कार्यरत पत्रकारों को समाचार संकलन, लेखन एवं प्रेषण के लिए किसी भी प्रकार की निर्धारित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इसके चलते पत्रकारों को कभी कार्यालयों के बाहर तो कभी इधर-उधर बैठकर कार्य करना पड़ता है, जिससे न केवल समाचार कार्य प्रभावित होता है बल्कि पत्रकारों को अनावश्यक असुविधा का भी सामना करना पड़ता है।

ज्ञापन में कहा गया कि ब्लाक मुख्यालय पर प्रतिदिन विभिन्न विभागों से जुड़ी जनहित की सूचनाएं प्राप्त होती हैं, जिन्हें समय से जनता तक पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका रहती है। ऐसे में यदि एक सुव्यवस्थित पत्रकार कक्ष की स्थापना कर दी जाए तो पत्रकार अपने कार्य को और अधिक प्रभावी, सुचारू एवं जिम्मेदारी के साथ कर सकेंगे।ब्लॉक अध्यक्ष गुरु बचन शर्मा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करते हैं और प्रशासन व आम जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। पत्रकार कक्ष की सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी भी है, जिससे सूचना तंत्र मजबूत हो सके।

## मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने फार्मा पार्क का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा विजय किरन आनंद द्वारा फार्मा पार्क की समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण कर वहां वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा कार्यो को गुणवत्तापूर्वक ससमय पूर्ण किये जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। भारत सरकार की संस्था राईट्स लिमिटेड को प्रत्येक माह कार्यो की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। जनमानस तथा स्थानीय युवाओं को ध्यान में रखते हुऐ कौशल विकास केन्द्र में प्रशिक्षण दिये जाने हेतु संबंधित शिक्षण संस्थानों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त फार्मा पार्क को रेल मार्ग एवं हवाई मार्ग से जोड़ने हेतु संबंधित विभागो से समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक पी.के.कौशिक, क्षेत्रीय प्रबन्धक संदीप कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक सत्यपाल, उपजिलाधिकारी मड़ावरा व महरौनी, एवं लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम (ग्रामीण) आदि के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खंगार क्षत्रिय समाज मनायेगी महारानी मणिमाला जौहर दिवस

**●वीर बानपुर में महाराजा खेत सिंह जू देव स्थल पर बैठक आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मड़ावरा (ललितपुर)।** कस्बा के ग्राम बीर बानपुर में स्थापित खंगार समाज के वंशज महाराजा खेत सिंह खँगार जू देव परिसर में 29 जनवरी को होने वाले ऐतिहासिक महारानी मणिमाला जौहर दिवस कार्यक्रम मनाये जाने को लेकर खंगार समाज द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार द्वारा की गई। कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाये जाने को लेकर रूप रेखा तय कर जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महारानी मणिमाला जौहर की परंपरा को बनाए रखते हुए इस वर्ष भी कार्यक्रम श्रद्धा एवं सम्मान के साथ आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रदेश स्तर से लेकर अन्य राज्यों से खंगार समाज के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सपा प्रदेश सचिव मेघनाथ सिंह खंगार, अतिथि रामसिंह खंगार, त्रिलोक खंगार, भैयन खंगार प्रधान छपरट, एड महेश परिहार धवा, सुहेलदेव पार्टी जिलाध्यक्ष तेजसिंह परिहार, सन्तोष परिहार, मुकेश परिहार, जितेंद्र परिहार, बलवीर परिहार, विजय परिहार, जगराम परिहार, केहर परिहार, हाकिम परिहार, सुनील परिहार, दिनेश, प्रमोद, ताराचंद परिहार, सीताराम परिहार, खुमान, भानसिंह परिहार, मीडिया प्रभारी प्रकाश खंगार पीसी मड़ावरा समेत सैकड़ों की संख्या में स्वजातीय बंधु मौजूद रहे।

## डिजिटल दुनिया में सावधानी ही सुरक्षा - आलोक सिंह



**कानपुर।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा आज लाजपत भवन, मोतीझील कानपुर नगर में आयोजित युवा चेतना-2026 ''सजग सोच सुरक्षित भविष्य'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सम्बोधन के माध्यम से अवगत कराया गया कि डिजिटल दुनिया में सावधानी ही सुरक्षा है, युवा चेतना से ही साइबर अपराध पर रोक संभव है। मजबूत पासवर्ड, सचेत युवा, सुरक्षित भारत। साइबर अपराध के खिलाफ आज से ही जागरूक बनें। कार्यक्रम के दौरान श्री रघुवीर लाल, पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट, श्रीमती श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक, कानपुर देहात, श्री रक्षित टंडन, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एनपीसीआई को लेकर खाताधारक परेशान

**●बैंक मैनेजर ने कहा कि जल्द ही एनपीसीआई का कार्य पूर्ण कर उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करवाया जाएगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थित बड़ौदा यूपी बैंक में उपभोक्ताओं के लिए एनपीसीआई एक बड़ा सिरदर्द बना हुआ है। एनपीसीआई को लेकर क्षेत्रीय बड़ौदा यूपी बैंक में उपभोक्ताओं की लम्बी भीड़ लग रही है। सुबह नौ बजे से ही बैंकों व सीएससी पर उपभोक्ता अपने बैंक खाते की एनपीसीआई करवाने में जुटे हुए हैं। ऐसे में अचानक बैंक द्वारा उपभोक्ताओं के खाते की एनपीसीआई पुनः करवाने की समस्या उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द बन गया है। बिना एनपीसीआई के उपभोक्ता खाते से पैसे की निकासी नहीं कर पा रहे हैं जिसको लेकर खाताधारक खासा परेशान हैं। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के रतनपुर, सेखुआनी, परसामलिक असुरैना स्थित बड़ौदा यूपी बैंक पर एनपीसीआई करवाने को लम्बी भीड़ जुट रही है। इस संबंध में बैंक मैनेजर सूरज कुमार ने बताया कि डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने को लेकर बैंक द्वारा एनपीसीआई अनिवार्य किया गया है, उन्होंने कहा कि एनपीसीआई को लेकर उपभोक्ताओं को थोड़ा दिक्कत हो रहा है लेकिन जल्द ही एनपीसीआई का कार्य पूर्ण कर उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करवाया जाएगा।

## मलिन बस्ती में प्रियंका गांधी का जन्म दिवस, दलित महिलाओं व बच्चों संग केक काटकर कांग्रेस ने दिया सामाजिक न्याय का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार को गोरखपुर शहर में कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक सरोकार और जनपक्षधर राजनीति का सशक्त संदेश दिया। कैंट क्षेत्र स्थित चारु चंद पूरी परिसर के समीप दलित एवं मलिन बस्ती में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिवस मनाया और खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर सफाई कर्मियों, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, वहीं बच्चियों को कॉपी-पेन वितरित कर शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के साथ कांग्रेस की प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने दलित बस्ती के परिवारों से सीधा संवाद किया, बच्चों के साथ समय बिताया और प्रियंका गांधी के संघर्षशील, संवेदनशील एवं जनसमर्पित व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि प्रियंका गांधी की राजनीति सत्ता की नहीं, बल्कि गरीबों, दलितों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई है। मलिन बस्ती में जन्मदिवस मनाकर यह संदेश दिया गया कि कांग्रेस की राजनीति जमीन से जुड़ी हुई है।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष विश्व बिजय सिंह, दलित जोड़ो अभियान के प्रमुख नेता महेंद्र मोहन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रियंका गांधी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस की आगामी 100 दिवसीय कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। नेताओं ने बताया कि संविधान संवाद महापंचायत, मनरेगा बचाओ संग्राम जैसे आंदोलनों के माध्यम से रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों के मुद्दों को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हो रहे हमलों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रेसवार्ता के दौरान आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की गई। कांग्रेस जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का कार्य करेगी।

## वरिष्ठ पत्रकार ए.आर. उस्मानी के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने जताई संवेदना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदस्य एवं जिले के तेजतर्रार, वरिष्ठ पत्रकार ए.आर. उस्मानी अब हमारे बीच नहीं रहे। यह दुखद समाचार आज भोर में प्राप्त हुआ कि लंबी बीमारी के चलते उपचार के दौरान डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ में उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही जिले भर के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। ए.आर. उस्मानी अपने निर्भीक लेखन, जमीनी मुद्दों की सटीक पकड़ और पत्रकारिता के प्रति ईमानदार समर्पण के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में समाज के कमजोर, वंचित और पीड़ित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया और सदैव निष्पक्ष व बेबाक पत्रकारिता की मिसाल कायम की।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि 'ए.आर. उस्मानी न केवल एक वरिष्ठ पत्रकार थे, बल्कि नई पीढ़ी के पत्रकारों के लिए प्रेरणास्रोत भी थे। उन्होंने हमेशा सच्चाई के पक्ष में खड़े होकर पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखा। उनके निधन से जिले की पत्रकारिता को जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई करना संभव नहीं है। 'इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, पं, बागीस तिवारी ,बैजनाथ अवस्थी, कल्लू कोबरा, अजय शुक्ला, अरूण पाठक, राजन पांडेय, अशोक पाठक , दुर्गेश जायसवाल, प्रदीप तिवारी, योगेश पांडे,, खुशबू कनौजिया, बृजभूषण तिवारी, श्री प्रकाश शुक्ला, शैलेंद्र अवस्थी,राकेश दत्त रामपांडे, आरपी सिंह, श्रीनाथरस्तोगी, रणविजय सिंह, गुरबचन शर्मा, आनंद पांडे, सुशील दुबे,, आशीष श्रीवास्तव, प्रमोद पांडे, रमेश तिवारी, अर्जुन प्रसाद मिश्रा, एच,पी श्रीवास्तव,घनश्याम बर्मा, श्री प्रकाश शुक्ला, सुशील पांडे , शिवकुमार पांडे, दीपक कौशल, रामकुमार कौशल, वीरेंद्र तिवारी, जयदीप शुक्ला,सहित जिले के तमाम पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। स्वर्गीय ए.आर. उस्मानी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनका जाना जिले की पत्रकारिता के लिए एक ऐसी क्षति है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाती रहेगी।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिलेभर में खेल व गोष्ठियां आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न विकास खंडों में युवा कल्याण विभाग और युवक मंगल दलों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गौरी बाजार के जोगिया ग्राम पंचायत में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर पुष्प अर्पित कर वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराई गई। बैतालपुर स्थित आईटीआई सभागार में क्विज प्रतियोगिता एवं गोष्ठी, जबकि खुखुन्दू चौराहा मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें खुखुन्दू की टीम विजेता और बेलबनिया उपविजेता रही। दोनों टीमों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। भाटापारानी, लार, सलेमपुर व पथरदेवा विकास खंडों में भी गोष्ठी व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। कार्यक्रमों में युवा कल्याण अधिकारी नीरज कुमार मिश्रा, आशीष सिंह, संतोष कुमार, अर्जुन सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**प्रेरणादायी गोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित**

**देवरिया।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बैतालपुर विकासखंड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मेरा युवा भारत देवरिया एवं स्वामी विवेकानंद युवा वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रेरणादायी गोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालकृष्ण गौड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि संस्थान प्रभारी प्रवीण कुमार व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आशीष सिंह रहे। अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रवीण कुमार ने कहा कि विवेकानंद के विचार युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन व राष्ट्रसेवा की भावना जगाते हैं, जबकि आशीष सिंह ने युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। विचार गोष्ठी में सिद्धार्थ कुमार, मोहम्मद शाहिद, खुशबू पाल व प्रियांशु गुप्ता ने अपने विचार रखे। प्रश्नोत्तरी में 20 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक विकास यादव ने सभी का आभार जताया।

**राष्ट्रीय युवा दिवस पर मनाई गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती**

**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक दीपक जी ने कहा कि विवेकानंद के विचार आज भी राष्ट्रीय स्वाभिमान और मानव उत्थान के लिए प्रासंगिक हैं तथा युवाओं को संयम, अनुशासन व संस्कार अपनाने होंगे। डॉ. सुषमा पांडेय ने युवाओं से 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक न रुको' के आदर्श को अपनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने स्वामी जी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विवेकानंद का रूप धारण कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

## लोकपाल ने खीरीडाड में अनियमितता की शिकायत पर किया जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर–** जिला लोकपाल नवीन कुमार ने ग्राम सभा खीरीडाड में ग्राम प्रधान, ब्लॉक के अधिकारियों तथा शिकायतकर्ता के सामने शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण किया। ग्राम सभा खीरीडाड निवासी राम सतीश ने जिला लोकपाल को शिकायती पत्र देकर ग्राम सभा में 6 कार्यों दूधनाथ के खेत से सोनू पासवान के खेत तक , राम प्रीत के घर से तालाब तक मिट्टी पटाई, राम नारायण के खेत से आमी नदी तक नाले की खुदाई, पुरुषोत्तम के खेत से सिहबरा सिवान तक नाला खुदाई,दान बहादुर के खेत से गंगा भारती के खेत तक मिट्टी कार्य,शिवपाल यादव घर से श्याम लाल के घर तक सीसी रोड के निर्माण में अनियमितता हुई है। लोक पाल ने मौके पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यों का भौतिक मिलान किया। इस बारे में पूछे जाने पर लोकपाल ने कहा कि कार्यों के पत्रावली से कार्यो का मिलान किया गया है। परीक्षण के बाद इसकी रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को भेजी जाएगी। मौके पर जेई लघु सिंचाई रविन्द्र कुशवाहा, टीए मनोज गुप्ता, सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रसून प्रताप सिंह को अखिल भारतीय मजदूर संघ का जिलाध्यक्ष (फिरोजाबाद) नियुक्त किए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने शिविर कार्यालय स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं




**टूण्डला** – प्रसून प्रताप सिंह को अखिल भारतीय मजदूर संघ का जिलाध्यक्ष (फिरोजाबाद) नियुक्त किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने शिविर कार्यालय भाजपा पर अनेकों कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत कर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रसून प्रताप सिंह का संगठनात्मक अनुभव और मजदूर हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भारतीय मजदूर संघ को जिले में और अधिक सशक्त बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री सिंह के नेतृत्व में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके कल्याण तथा संगठन विस्तार की दिशा में प्रभावी कार्य होंगे। प्रसून प्रताप सिंह ने संगठन और नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे तथा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे। तथा उन्होंने यह भी कहा कि श्रमिकों पर किसी भी तरह का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी एवं संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिम मुख्यतः अनंत प्रताप सिंह गुल्लू, आशीष जादौन,यतेंद्र सिंह बाबा, हनी पूनिया, मुकेश धामा, विश्व प्रताप सिंह, हनी जादौन, दिनेश गुप्ता शशांक जादौन सुनील परमार, सुमित भारद्वाज, राहुल सिसोदिया अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विवेकानंद चौक पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई



**टूण्डला**– टूण्डला स्टेशन रोड स्थित विवेकानंद चौक पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन के नेतृत्व में युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। युवा दिवस हर वर्ष 12 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन महान दार्शनिक, समाज सुधारक और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि युवा ही देश की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं और उनके विचार आज भी युवाओं को सही दिशा दिखाते हैं। युवा किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। उनमें ऊर्जा, उत्साह और नए विचारों की अपार क्षमता होती है। युवा दिवस का उद्देश्य युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक करना, उनमें आत्मविश्वास जगाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है। इस दिन स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न संस्थानों में भाषण, वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरणादायक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। यह दिन हमें यह संदेश देता है कि यदि युवा सही मार्ग पर चलें तो देश प्रगति की ऊँचाइयों को छू सकता है। अतः युवा दिवस हमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार युवा बनने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन,नगर महामंत्री सुनील पाठक, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष जुबीन भारद्वाज, गौरव सिसौदिया, गौरव शर्मा, अमन ठाकुर, सुधीर पाठक, प्रशांत ठाकुर, करन कश्यप, दीपक कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# महाघोटाला: जिंदा खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की भूमि की हत्या

● चंद रुपयों की खातिर बच्चों की सेहत और खेल शिक्षा पर डाली जा रही मिट्टी

### राजस्व विभाग द्वारा की जांच में अवैध कब्जा की पुष्टि, फिर भी कार्रवाई शून्य



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में बच्चों की खेल शिक्षा और स्वास्थ्य तथा बच्चों के हकों पर डाका डालने वाला एक सनसनीखेज ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसे सुनकर आपके पैरों के ताले की जमीन खिसक जाएगी। विकास के नाम पर विनाश के सौदागरों ने चंद कागज़ के टुकड़ों की खातिर दबंग भू माफियाओं से साठ गांठ करके दशकों वर्ष पुराने और राजस्व अभिलेखों में दर्ज खेल मैदान को दफन करना शुरू कर दिया गया। और इसकी रक्षा को नियुक्त लोक सेवक स्वयं भक्षक की भूमिका में नजर आते हुए वह भू माफिया के ताल पर थिरकते देखे जा रहे हैं।

**साजिश की गहराई: कौन है इस खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला भूमि की तबाही का मास्टरमाइंड**

खबर मिली है कि ग्राम पंचायत जटपुरा में खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित, जमीन के साथ साथ खलिहान, हरिजन बस्ती की आरक्षित सरकारी जमीनों पर कई राशूखदार दबंग किस्म लोगो ने प्रधान, लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक से मिलीभगत करके ग्राम पंचायत की रिक्त पड़ी सरकारी जमीनों तथा खेल मैदान का गला घोंटने या यूं कहे वजूद मिटाने की सुपारी ले रखी है। हैरानी की बात यह है कि बिना किसी सरकारी परमिशन और बगैर बिना किसी भाई के खुले आम अवैध कब्जा करके आलीशान मकान और दुकान खड़ी कर ली गई मौके पर जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो वहां मौजूद अवैध कबजेदारों द्वारा दादागिरी दिखाई जाने के आप भी लगाए जा रहे हैं लेकिन उक्त अवैध कब्जा धारकों के पास दिखाने के लिए एक कागज का टुकड़ा तक नहीं है।

**बच्चों की खेल शिक्षा पर मंडराया खतरा**

यहां पर सिर्फ सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का मामला नहीं बल्कि बच्चों के खेल के मैदान पर अवैध कब्जा कर बिल्डिंग बनाएं जाने का मामला है जो बच्चों के भविष्य को संवारने और खेल के प्रतिभा निखारने वाला स्थान और बच्चों के भविष्य का मैदान है। यदि यह खेल मैदान नष्ट हो गया तो हजारों बच्चों की खेल प्रतिभाओं का गला घुट जाएगा और सरकार की मंशा पर भी पानी फिर जाएगा।

**प्रशासन को सीधी चुनौती:आखिर कब जागेगा कुंभकर्णी नीद में सोया सिस्टम?**

ग्रामीण और समाजसेवी लोगों में राजेंद्र कुमार ने इस असम में अपराध के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। और मुख्यमंत्री सहित शासन प्रशासन को शिकायती पत्र देकर पूछा है क्या दबंग और रसूखदारों को कानून से ऊपर रहने और खेल मैदान ,प्राइमरी पाठशाला के नाम दर्ज कागजात सरकारी भूमि पर कब्जा करने की खुली छूट मिली हुई है? जनता पूछ रही है ह्नआखिर किसकी सह पर खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित देश कीमती जमीन पर बनाए जा रहे मकान और दुकान? ऐसी क्या मजबूरी है जो खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला के आरक्षित जमीन पर किए गए पक्के निर्माण का ध्वस्थिकरण नहीं किया जा रहा है? क्या प्रशासन ने अवैध कबजेदारों के सामने घुटने टेक दिए हैं? क्या योगी सरकार खेल मैदान का वजूद मिटाए जाने का तमाशा देखती रहेगी। उपरोक्त मामले में ग्रामीण और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने साफ कर दिया है कि यदि खेल मैदान से अवैध कब्जा न हटाया गया और खेल मैदान तथा प्राइमरी पाठशाला के नाम दर्ज कागजात जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले दोषी लोगों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो यह मामला कागजों तक ही सीमित नहीं रहेगा जन आंदोलन की आज मुख्यालय तक पहुंचेगी और साथी उच्च न्यायालय का चलेगा कई जिम्मेदार अफसर पर कानूनी हंटर। अब देखना यह है ऊंट किस करवट बैठता है खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला के नाम दर्ज जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराया जाता है या फिर यूं ही पूर्व की भाती लीपापोती कर मामले को फाइलों में दफन कर दिया जाएगा। क्या कहते हैं भूमि प्रबंध समिति अध्यक्ष/प्रधान कुलदीप कुमार जब खेल मैदान की आरक्षित भूमि पर कब्जा किए जाने के मामले पर जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि यह कब्जा पहले वाले प्रधानों द्वारा करवाया गया है। मै क्यों खाली कराऊ , मेरा चुनाव सर पर है खराब हो जाएगा। अभी तो केवल प्लास्टर फर्श बनवाई जा रही थी, शायद प्रधान जी इसको निर्माण नहीं मानते हैं।

### आग लगने की घटना की सूचना पर मदद के लिए उठे हांथ



**बरवर खीरी।** ग्राम पंचायत सेमराजानीपुर के दिलावर नगर गांव में कल अचानक लाइट के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई थी जिससे दो झोपड़ी जलकर खाक हो गई थी जिसमें परिवार के पास कुछ भी उनका नहीं बचा था।घटना की सूचना मिलने पर शाम को अनुज सिंह बरवर मंडल अध्यक्ष गृहस्थी का सामान लेकर सहयोग करने के लिए पहुंचे जिसमें गर्म कपड़े चादर गद्दा धोती साड़ी स्वेटर आदि जरूरी सामान देकर सहयोग किया और उन्होंने कहा कि पूरा सहयोग संगठन और सरकार के द्वारा प्रशासन से दिलाया जाएगा।राहत सामग्री पाकर परिवार ने सुखद महसूस किया है।

## अवैध अतिक्रमण से संकुचित हुई गली, आमजन का आवागमन बाधित

● जहूर बाग स्कूल से मस्जिद मार्ग पर कब्जाधारियों से मोहल्लेवासियों में रोष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के मोहल्ला गोटैय्या बाग में सार्वजनिक सड़क व गली पर किए गए अवैध अतिक्रमण से आमजन का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि मोहल्ला निवासी जाकिर खान द्वारा घर के सामने स्थित मुख्य गली में दिन-रात मोटरसाइकिल खड़ी की जाती है। साथ ही गली में चबूतरा नुमा सीढ़ी (जीना) बना रखी है, जिससे रिक्शा, दोपहिया व अन्य वाहनों के निकलने में भारी कठिनाई होती है। विरोध करने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज व झगड़े पर उतारू हो जाने की शिकायतें सामने आई हैं।बताया गया है कि मुख्य मार्ग ज़हूर बाग स्कूल से मस्जिद रोड की ओर भी जाकिर खान द्वारा एक दरवाजा निकालकर नाली बंद कर दी गई है तथा सड़क पर ऊँचा चबूतरा बनाकर पूरी तरह अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके चलते मस्जिद व कब्रिस्तान की ओर जाने वाला मार्ग अत्यधिक संकरा हो गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मोहल्लेवासियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है और आपातकालीन परिस्थितियों में वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। इस समस्या को लेकर पूर्व में भी ज़हूर बाग स्कूल से मस्जिद रोड तक अवैध अतिक्रमण के संबंध में समाचार प्रकाशित हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से जनहित में हस्तक्षेप करते हुए सार्वजनिक सड़क व गली को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में शांति बनी रहे और आमजन को राहत मिल सके।

## महाखुलाशा: फर्जी वरासत के विवादो में फिर फंसे लेखपाल गोपाल राणा

● रक्षक ही बने भक्षक: लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक के इस खेल में शामिल होने के आरोप




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के राजस्व विभाग के भ्रष्टाचार का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे प्रशासन की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं आम आदमी जी पटवारी और कानून को तहसीलदार पर भरोसा करता है और अपनी पूरी जिंदगी की कमाई लगता है वही अधिकारी कर्मचारी अगर भू माफिया के साथ मिल जाए तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? क्या है पूरा मामलाह्नह्नमामला तहसील पलिया कला अंतर्गत ग्राम सभा शाहपुर डाकिया कला का बताया जाता है जहां के निवासी मृतक भूमि स्वामी बनवारी पुत्र कामता प्रसाद के असली बारिश वालों को सपने में भी अंदाजा नहीं था कि जो जमीन उनके मृतक पूर्वजों की है और वह उक्त भूमि के वास्तविक हकदार और एकमात्र वारिस हैं इस जमीन को लेखपाल कानून को भारी भरकम रिश्वत राशि लेकर किसी दूसरे फर्जी आदमी के नाम बरसात भर देंगे तहसील पलिया में कैसा ही सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है जहां पर तैनात लेखपाल गोपाल राणा द्वारा गांधी छाप कागजों की चक्र चौथ में पेट के नाम पर लाखों की ठगी कर फर्जी तरीके से वरासत कर दिए जाने के मामला सोफिया सोशल मीडिया से लेकर अखबारी सुर्खियां बने हैं इससे पहले भी लेखपाल राणा फर्जी विरासतों के विवादों में गिर चुके हैं गोस्वामी मृतक बनवारी पुत्र कामता प्रसाद के बारिशों का आरोप है कि लेखपाल गोपाल राणा ने उनके नाम पर बरसात एन भरकर अन्य फर्जी बारिशों के नाम बरसात दर्ज कर भरी फर्जी वाला किया है उक्त वृषण दूसरी जाति के हैं तथा दूसरी जगह के निवासी भी बताए जाते हैं उक्त फर्जी वाला करके लेखपाल गोपाल राणा द्वारा लाखों की कमाई की गई है सूत्र बताते हैं कि मृतक बनवारी की फर्जी बेटी बनी सरिता देवी पुत्री बनवारी पत्नी बालवीर निवासी ग्राम पटवारा बड़ा सारखानी पूर्व जो गैर जाति बिरादरी की बताई जाती हैं। उक्त मामले में आज तक कार्यवाही ना होना सवाल खड़ा करता है कि इस सक्षम हुक्मरानों की घोर लापरवाही कहें या फिर लेखपाल द्वारा की गई कमाई में भागीदारी समझा जाए। बड़ा सबाल ह्नयह मामला सिर्फ एक व्यक्ति के साथ घटित घटना अथवा फर्जी वरासत का नहीं है बल्कि यह सिस्टम में दीमक की तरह लगे भ्रष्टाचार का सबूत है जब रक्षक ही रक्षक की भूमिका में आ जाए तो आम जनता अपनी जमीन की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करे। फर्जी बरसात के विवादों में फंसे लेखपाल गोपाल राणा पर आज तक कार्यवाही ना होना प्रशासनिक शक्ति को उजागर करता है अब देखना है कि क्षेत्र में चर्चित दबंग किस्म लेखपाल पर कब तक शिकंजा कस पता है जिला प्रशासन।

## आरएम ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** दिनांक 12 जनवरी 26 को आरएम ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज राजाजीपुरम राजापुर में राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट ने भारत के महान संत, विचारक एवं ओजस्वी वक्ता स्वामी विवेकानंद जी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में श्री वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय युवाओं को आत्मविश्वास, साहस और चरित्र निर्माण का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध वाक्य 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि युवा शक्ति ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति होती है। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद के अनुसार सच्ची शिक्षा वही है जो मनुष्य के भीतर छिपी हुई शक्तियों को जागृत करे। वे चाहते थे कि युवा केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ।श्री वर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में, जब युवा अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, स्वामी विवेकानंद के विचार हमें सही दिशा दिखाते हैं। यदि युवा उनके बताए मार्ग अनुशासन, परिश्रम और सेवा को अपना जीवनमंत्र बना लें, तो भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का सपना साकार हो सकता है। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला जी ने युवा दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया कि वे अपने जीवन को लक्ष्यपूर्ण बनाएँगे, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे और स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने आचरण में उतारेंगे।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### मजदूर मसीहा महामंत्री आर.डी.यादव का जन्मदिन यूनियन कार्यालय मैं मनाया गया

**टूण्डला**– रेल कर्मचारियों के मजदूर मसीहा महामंत्री एन.सी.आर.एम.यू.एवं उपाध्यक्ष ए. आई . आर.एफ आर.डी. यादव का जन्मदिन यूनियन कार्यालय में सादगी एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर एवं बूंदी वितरित की गई। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष कॉम. ओमवीर सिंह, तीनों शाखाओं के शाखा मंत्री एवं शाखा पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कर्मचारियों के हितों एवं समस्याओं पर भी संक्षिप्त चर्चा की गई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में, मैकेनिकल शाखा टूंडला के शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी ने कहा कि महामंत्री आर.डी. यादव जी का नेतृत्व कर्मचारियों के हितों के लिए प्रेरणादायक है। उनके मार्गदर्शन में यूनियन कर्मचारियों की आवाज़ को मजबूती से उठाती रहेगी और लोको शाखा टूण्डला के शाखा मंत्री सरदार सिंह ने आर.डी. यादव की दीर्घ आयु की कामना करते हुए रेल कर्मचारियों के लिए किये गए कार्यो की व्याख्या की। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह शाखा मंत्री सरदार सिंह,जयकिशन अजवानी, गौरव कुमार, नाहर सिंह मीना, अरविंद मीना, मनोज कुमार, बी.एल.मीना, संजीव यादव, रोशन लाल मीना, देवेश गौतम, गौरव पाल, महेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गस्त के दौरान पुलिस ने स्कॉर्पियो में दो संदिग्ध पकड़े जो अपराधी मिले जेल भेजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/** क्यों लड़ियां पुलिस ने बीती शाम गस्त के दौरान ठिरिया बन्नो जान मैं ग्रस्त के दौरान एक स्कॉर्पियो गन्ना केंद्र के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली चेकिंग को निकली पुलिस ने गाड़ी में बैठे दो लोगों को पड़ा पूछताछ में पता चला उनके पास से 315 बोर तमंचा एवं कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार पूछताछ करने पर पुलिस का शक और गहरा गया पुलिस दोनों को थाने लेकर आई पकड़े गए अभियुक्त अनूप सिंह पुत्र फरीद सिंह निवासी हाफिजगंज थाना हाफिजगंज सचिन कुमार पुत्र कृष्ण पाल निवासी औरंगाबाद थाना हाफिजगंज निकले पुलिस ने पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के संबंधित थाना हाफिजगंज नवाबगंज में इनका अपराधिक इतिहास खगाला गया। तो इन पर अनेकों मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज पाए गए पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को अवैध शस्त्र रखना के आरोप में जेल भेज दिया है पुलिस को चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हासिल हुई है ज्ञात रहे इन व्यक्तियों पर नवाबगंज में भी विद्यालय प्रबंधक तुलाराम गंगवार गंगवार पर फायरिंग करने एवं तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज होने की जानकारी प्राप्त हुई है परंतु क्यों लड़ियां पुलिस ने नवाबगंज में फायरिंग करके निकले दोनों आरोपियों को क्यों लड़िया क्षेत्र के ठिरिया बन्नो जान के पास गन्ना सेंटर धर्म कांटा स्थित स्कॉर्पियो सहित पकड़ लिया ।उन पर अवैध शस्त्र मिलने के साथ ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस का मानना है यदि यह पड़े न जाते तो हो सकता कहीं और घटना को अंजाम दे सकते थे इनको पकड़ने में प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह अरिमर्दन सिंह कांस्टेबल सचिन कुमार आदि पुलिस बल की सक्रियता से दोनों अपराधी पकड़े गए और जेल भेज दिया गया है।

## शिशु वाटिका में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका लखीमपुर खीरी में आज राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य के अवसर पर वन्दना सभा में विद्यालय की संचालिका श्रीमती हीरा सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी पर माल्यार्पण कर अपने विचार रखते हुए बताया कि विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले महान आध्यात्मिक गुरु, समाज सुधारक और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआतःबचपन से ही ईश्वर को जानने की ललक ने उन्हें श्रीरामकृष्ण परमहंस के पास पहुँचाया, जिन्होंने उनके आध्यात्मिक मार्ग को प्रशस्त किया और उन्हें 'विवेकानंद' नाम दिया।कार्यक्रम की संयोजिका बहन ऋचा बाजपेई जी ने जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती हर साल 12 जनवरी को मनाई जाती है, जो एक महान भारतीय दार्शनिक, लेखक और वक्ता थे। उनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को कलकत्ता (अब कोलकाता) में हुआ था। उन्होंने विश्व को भारतीय संस्कृति और वेदांत दर्शन से परिचित कराया और युवाओं को आत्म-विश्वास और सेवा भाव से प्रेरित किया स्वामी विवेकानंद के विचार और शिक्षाएं आत्म-विश्वास उन्होंने युवाओं को अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और आत्म-विश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सेवा को पूजा माना और लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने वेदांत दर्शन को विश्वभर में प्रसारित किया और इसके महत्व को समझाया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल दिया और युवाओं को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया।स्वामी विवेकानंद जयंती हमें उनके आदर्शों और शिक्षाओं को याद करने और अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित करती है। यह दिन युवाओं को आत्म-विश्वास, सेवा भाव और शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय की शिक्षिका बहन सु श्री अंशिका जी ने तर्क और साहस का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बार नरेंद्र नाथ अपने दोस्तों के साथ एक चंपा के पेड़ पर खेल रहे थे, तभी एक बुजुर्ग ने उन्हें भूत का डर दिखाकर वहाँ से हटा दिया, जो रात में गर्दन मरोड़ देता है। नरेंद्र ने दोस्तों से कहा कि यह डर अच्छी बात नहीं, और वे अकेले ही पेड़ पर चढ़ने लगे। जब दोस्तों ने भूत का डर दिखाया, तो नरेंद्र हँसकर बोले, 'अगर सचमुच भूत होता, तो अब तक मेरी गर्दन मरोड़ चुका होता।' इससे पता चलता है कि वे अंधविश्वास से दूर, तर्क और साहस पर विश्वास करते थे। समस्त शिक्षिकाऐं बहने उपस्थित रही।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी टूण्डला ने चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया

**टूण्डला** – स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी टूण्डला नगर कार्यालय भारत माता चौक पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया । स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा आज का भारत युवा है उनकी दिव्य साधना को नमन स्वामी विवेकानंद वेदांत के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे उनका वास्तविक नाम नरेंद्र नाथ दत्त था उन्होंने 1893 में आयोजित विश्व पंथ महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है भारत में विवेकानंद जी को एक देशभक्त सन्यासी के रूप में जाना जाता है और उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान टूण्डला नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह, नारखी ब्लॉक प्रमुख सुशील चक, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, संजीव सिंह, संजू दीपक चौधरी, बनवारी लाल शर्मा, रिंकू उपाध्याय, विष्णु तिवारी, प्रदीप जैन टाइगर, महेंद्र झा,संध्या गौतम,कन्हैया पूनिया, राजू श्रीवास्तव, विनोद बाबू,तरुण शर्मा,मुकेश धामा, तरुण गौतम, सुनील पाठक, अग्रज जैन, दीपक ठेनुआ, मुकेश पचौरी, सुनील चौहान, राजन सभासद, गिरवर निषाद, ज्ञानेंद्र सिंह, विपुल जैन, मदन गुप्ता, विकास वाल्मीकि, राकेश दिवाकर, यजुबान सिंह, अंकित यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने हमझे स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचार

● स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती/प्रेरणा दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मेडिकल छात्रों को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि स्वामी विवेकानंद का दर्शन मेडिकल छात्रों के लिए मानव सेवा, निस्वार्थ कर्म, दृढ़ संकल्प और एकाग्रता को अपनाने की प्रेरणा देता है। उनके प्रसिद्ध संदेश 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत' को चिकित्सकीय जीवन से जोड़ते हुए समझाया गया कि एक डॉक्टर को शारीरिक एवं मानसिक शक्ति के साथ रोगियों की सेवा करनी चाहिए, क्योंकि प्रत्येक कर्तव्य पवित्र है। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि ध्यान एवं आत्मनियंत्रण तनाव को कम करने में सहायक होते हैं. जो चिकित्सा क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद ने मानवता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया और यह संदेश दिया कि सेवा केवल पुस्तकों तक सीमित न होकर कर्म में दिखाई देनी चाहिए। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि एक चिकित्सक के रूप में रोगियों की सेवा करना सर्वोच्च कर्तव्य है. चाहे परिस्थिति कैसी भी हो। साथ ही स्वामीजी के शारीरिक विकास पर दिए गए जोर को भी रेखांकित किया गया, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और सशक्त आत्मा का वास होता है। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि मेडिकल छात्रों को अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा, सेवा भाव और समर्पण के साथ करना चाहिए, स्वयं को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए और अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक कार्य में दिव्यता निहित है।

## विद्यालय प्रबंधक पर फायरिंग मामले में सीओ को ज्ञापन सौपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/**नवाबगंज मैं बीती शाम विद्यालय प्रबंधक तुलाराम गंगवार पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को पकड़ कर जेल भेज दिया परंतु इसके बाद भी माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा के तत्व अवधान में क्षेत्राधिकार नवाबगंज को ज्ञापन देने पहुंचे। शिक्षकों द्वारा की गई नारेबाजी से आहत हुए क्षेत्राधिकार ने शिक्षकों से कई अहम सवाल दागे जिनका वह जवाब नहीं दे पाए क्षेत्राधिकार द्वारा पुलिस से कोई शिकायत होने का सवाल किया तो बोला नहीं है इस पर उन्होंने कहा कि आपकी पुलिस ने मदद नहीं की तो वह कुछ भी नहीं कह सके। शिक्षकों ने भविष्य की सुरक्षा में ज्ञापन देने की बात कहकर ज्ञापन सौंप दिया क्षेत्राधिकार निलेश मिश्रा ने बताया पुलिस प्रशासन शिक्षकों की मदद के लिए कब तैयार नहीं था शाम की घटना पर पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई कर आरोपी को पड़कर जेल भेज दिया है और इससे फास्ट क्या सेवा चाहते हैं। मदद होने के बाद भी आप लोग मुझे सूचना देकर आना चाहिए था जिन जिन विद्यालयों के अध्यापकों को गुंडे परेशान कर रहे हैं वह लिखकर दें पुलिस कार्यवाही करेगी इस क्रम शिक्षकों को पूरा आश्वासन देकर विदा किया ज्ञापन देने पहुंचे शिक्षक संघ ने भी पुलिस से कोई भी शिकायत ना होना स्वीकार किया जिसके तहत ज्ञापन देने वालों में सुरेंद्र वीर गंगवार तुलाराम गंगवार रूपेश गंगवार धर्मेंद्र गंगवार छविराम त्रिभुवन त्रिभुवन नोनी राम नवल किशोर समेत भारी संख्या में शिक्षक गण उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण में 3.91 लाख संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन शुरू

**भदोही।** भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 एवं उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 9 के तहत राज्य निर्वाचन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद भदोही में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के अंतर्गत संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन व निस्तारण की कार्यवाही कराई जा रही है। इस क्रम में 7 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक सत्यापन कार्य सुनिश्चित किए जाने को लेकर सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने खंड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं ग्राम पंचायत सचिवों के साथ जूम माध्यम से बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अभोली में 42,841, औराई में 85,801, ज्ञानपुर में 67,457, डीघ में 73,052, भदोही में 73,086 तथा सुरियावां में 49,395 सहित कुल 3,91,632 संभावित डुप्लीकेट मतदाता चिन्हित किए गए हैं। सीडीओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत सत्यापन कार्य पूरा करते हुए पात्र व अपात्र मतदाताओं की सही पहचान सुनिश्चित करें तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई जाए, ताकि निर्वाचक नामावली शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाई जा सके।

## धूमधाम से मनाया गया सपा विधायक दुर्गा प्रसाद यादव का जन्मदिन



**आजमगढ़** के सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उन्हें बधाई देने वालों की भारी भीड़ उमड़ी। परिवारजनों के साथ बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की अध्यक्ष बबीता चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सहभागिता की और विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जन्मदिन समारोह में उत्साह, अपनत्व और जनसमर्थन का माहौल देखने को मिला।

## आजमगढ़ में भाजपा ने किया सपा एमएलसी गुड्डू जमाली का पुतला दहन



**आजमगढ़** भाजपा नगर अध्यक्ष मृगांक शेखर सिन्हा भूतपूर्व नगर अध्यक्ष विनय प्रकाश गुप्ता और अभिभावक संघ के अध्यक्ष गोविंद दुबे की अगुवाई में आजमगढ़ पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सपा नेता गुड्डू जमाली का पुतला जलाया गया। क्योंकि रानीकी सराय स्थिति उनके विद्यालय आजमगढ़ पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की मान्यता के बावजूद छोटे-छोटे बच्चों को शरीयत की शिक्षा दी जा रही है जोकि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सीबीएसई बोर्ड में किसी मजहब की शिक्षा देना गलत है आजमगढ़ पब्लिक स्कूल के उनके प्रिंसिपल द्वारा इस मामले में बच्चों को ही कटघरे में खड़ा करना और भी गलत है। उनके द्वारा बताया गया की बच्चों ने जिज्ञासा जारी की तो टीचर द्वारा उसका जवाब दिया गया। जबकि इस पूरे मामले की प वीडियो में टीचर द्वारा ही प्रश्न पूछा जा रहा है। इससे यह साबित होता है या वीडियो उनके विद्यालय का है। और यह काम स्कूल प्रबंधन की पूरी जानकारी व मंशा हो रहा था इस घटना से आहत होकर जिला सहायक मीडिया प्रभारी अवनीश चतुर्वेदी, सभासद नरौली संतोष चौहान, मुंशी निषाद, दीपक राय, राजेश साहनी, गोपाल, नीरज सिंह, विशाल श्रीवास्तव के सहयोग से प्रबंधक गुड्डू जमाली का पुतला फूंका गया। अगर प्रशासन द्वारा उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही नहीं की गई और उनको बचाने का प्रयास किया जाएगा तो यह लड़ाई लखनऊ और दिल्ली तक जाएगी।

# राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भदोही की बेटी वसुधा ने जीता कांस्य पदक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** राष्ट्रीय विद्यालयीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 10 जनवरी तक झारखंड की राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम का नेतृत्व करते हुए भदोही जनपद की वसुधा गुप्ता ने 17 वर्षीय बालिका वर्ग के कंपाउंड राउंड में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। मनवासा विद्या आर्चरी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही वसुधा गुप्ता भदोही जनपद की पहली बालिका तीरंदाज हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर इतिहास रचा है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जनपद में हर्ष का माहौल है। मनवासा विद्या आर्चरी अकादमी के प्रबंधक एसपी सिंह ने कहा कि वसुधा की यह सफलता जिले के अन्य तीरंदाजों के लिए प्रेरणास्रोत है और आने वाले समय में भदोही राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी मजबूत पहचान बनाएगा। वसुधा के प्रशिक्षक एवं जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि वसुधा ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और संघर्ष से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विशंभर दयाल ने वसुधा को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में तीरंदाजी के क्षेत्र में भदोही नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने पर वसुधा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान प्रशिक्षक वैभव दीक्षित, सुनील कुमार, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता उर्मिला



देवी, टेक्निकल एडवाइजर विवेक कुमार श्रीवास्तव, सुमन गुप्ता, डॉ. रत्ना गुप्ता, डॉ. कृष्ण सिंह, दुर्गा प्रसाद पटवा, आशुतोष पटवा, सूर्य प्रकाश, प्रियांशी, मुस्कान, गौरव, उमंग यादव एवं राज यादव सहित अनेक लोगों ने माला-फूल पहनाकर सम्मानित किया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा निकल गया शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सुरियावां नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं स्थानीय युवा शामिल हुए। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिसमें स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर सेवा कार्य संयोजक राजकुमार डायमंड ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का स्पष्ट संदेश था कि सेवा कार्य ही सच्चा ईश्वरीय कार्य है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता ज्ञान, शील और एकता के मंत्र को आत्मसात करते हुए समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए सतत कार्य कर रहा है।

नगर मंत्री रामेश्वर अचल दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद




युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। उनके विचार युवाओं में चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में विभाग संयोजक सागर राय, तहसील संयोजक निधीश पाण्डेय, आयुष उपाध्याय, अभिलाष राय, आयुष, हरिओम, अंबुज, अंशु, उदय दुबे सहित अनेक कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। शोभा यात्रा शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई।

## प्रशांत दुबे ने गरीबों में बांटे 350 कंबल



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय विकासखंड के गौरव गांव के राशन की दुकान के पास समाजसेवी तथा पूर्व ग्राम प्रधान प्रशांत कुमार दुबे के द्वारा भीषण ठंड से निजात पाने के लिए गरीबों में 350 कंबल वितरण कर पुण्य का काम किया है बताते चलें कि विकास खंड के अति पिछड़े क्षेत्र कोरावल में समाजसेवी के द्वारा 350 कंबल बाट कर पुनीत कार्य किया है कम्बल पाते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे।उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीबों में कंबल वितरण किया गया है। इस दौरान उपस्थित रहे क्षेत्रीय राजस्व निरिक्षक अशोक दूबे तथा लेखपाल के अलावा गरीब ग्रामीण उपस्थित रहे।

# समाजसेवा में प्रयास का हर प्रयास सराहनीय: आरपी राय

**● आजमगढ़ प्रयास ने 9वें स्थापना दिवस को 'युवा दिवस एवं प्रयास स्थापना' के रूप में मनाया, चित्रकूट के समाजसेवी इमरान हुसैन उर्फ जुगनू समेत कईयों का हुआ सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़।** प्रयास सामाजिक संगठन ने अपने 9वें स्थापना दिवस को 'युवा दिवस एवं प्रयास स्थापना' के रूप में शहर के हरवंशपुर स्थित सिहांसिनी वाटिका के सभागार में मनाया। कार्यक्रम का आगाज स्वामी विवेकानन्द के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि आर.पी. राय, बालेश्वर सिंह, प्रवीण सिंह, एसएन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलित से हुआ। इसके बाद विशेष क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिसमे चित्रकूट के समाजसेवी इमरान हुसैन उर्फ जुगनू को उत्कृष्ट सेवा सम्मान तो रामजतन यादव, सावित्री पासवान को सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया वहीं उत्कृष्ट छायांकन के लिए श्रुति दत्ता को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आरपी राय ने कहाकि युवा दिवस पर युवा अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाकर उसके लिए आगे बढ़े। अभिभावक अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें ताकि यही बच्चे आगे चलकर स्वामी विवेकानंद जी की तरह देश व समाज का नाम रोशन कर सकें। समाजसेवा के क्षेत्र में प्रयास का हर प्रयास सराहनीय है।

विशिष्ट अतिथि बालेश्वर सिंह ने कहाकि प्रत्येक युवाओं को स्वामी विवेकानंद को आत्मसात करना चाहिए और अपने अंदर चेतना की नई ऊर्जा विकसित करते हुए लोगों की मदद करनी होगी ताकि मानवीयता को सहेजा जा सकें। अध्यक्षीय सम्बोधन में राणा बलवीर सिंह ने कहाकि अनाज बैंक, नेकी का बाक्स, पशुओं की सेवा, कोरोना काल में भोजन की व्यवस्था आदि जैसे सैकड़ों कार्य प्रयास की सार्थकर्ता और नेकी की मिसाल है। जो प्रयास की संवेदना का परिचायक है। हर युवा को समय निकालकर संगठन से जुड़कर समाजसेवा के लिए आगे आना चाहिए। आंगतुकों के प्रति आभार जताते हुए प्रयास केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत




सिंह ने चंद साथियों के साथ शुरू हुआ प्रयास सामाजिक संगठन आज कई प्रदेश के बहुत से शहरों में हजारों असहायों की मदद का सार्थक प्रयास कर रहा है। अंत में जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया। संचालन कवि आदित्य आजमी, ओम नरायन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डीएन सिंह, सचिव इंजी सुनील यादव, इमरान खां, शिवप्रसाद पाठक, रामकेश यादव, धर्मेन्द्र सैनी, धनश्याम मौर्य, शम्भु दयाल सोनकर, डा. वीरेंद्र पाठक, इंजी अमित यादव, रविशंकर सिंह, अंगद साहनी, राजीव विश्वकर्मा, किशन कुमार, सिंगर अमित कुमार सहित सभी सदस्य, पदाधिकारी व सरंक्षणगण मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने पीएम को संबोधित मांगो का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** सोमवार के दिन सरीला, गोहांड और राठ ब्लॉक क्षेत्र की लगभग आधा सैकड़ा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी राठ को सौंपा। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का कहना था कि उन्होंने देश नौनिहालों को माँ जैसा पालन कर देश की नींव मजबूत की है ,लेकिन आज वह ही खुद असुरक्षित भविष्य की मार झेल रही हैं। वर्षों से अल्प मानदेय, शोषण और उपेक्षा का दंश झेल रहीं आंगनबाड़ी कर्मियों ने आखिरकार आवाज़ बुलंद की है।आंगनबाड़ी कर्मियों ने साफ कहा कि वर्ष 1975 से देश के नौनिहालों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी निभाने वाली ये महिलाएं आज खुद असुरक्षा और अनदेखी का शिकार हैं। विडंबना यह है कि जिन हाथों से देश का भविष्य गढ़ा जा रहा है, उन्हीं हाथों को सरकार आज भी सम्मानजनक अधिकार देने को तैयार नहीं है। बेहद कम मानदेय, कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं, वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मात्र ?4500 और सहायिकाओं को ?2200 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो न महंगाई के अनुरूप है और न ही न्यूनतम मजदूरी के आसपास। न तो महंगाई भत्ता, न वार्षिक वेतन वृद्धि, न पेंशन, न भविष्य निधि, न ग्रेच्युटी और न ही स्वास्थ्य सुविधाएं, जबकि काम सरकारी कर्मचारी से भी अधिक।



कर्मियों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार उन्हें आज भी मानसेवी बताकर नियमित कर्मचारी का दर्जा देने से बच रही है, जबकि चयन प्रक्रिया, सेवा शर्तें, अनुशासन और सेवानिवृत्ति के सभी नियम सरकार स्वयं तय करती है। आंगनबाड़ी कर्मियों ने कहा कि 25 अप्रैल 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया था कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम के अंतर्गत ग्रेच्युटी की हकदार हैं। लेकिन करीब तीन साल बीत जाने के बाद भी यह आदेश कहीं लागू नहीं हुआ, जो सीधे तौर पर न्यायालय की अवमानना है। इसके अलावा सिविल अपील संख्या 3153 में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि आंगनबाड़ी कर्मी न तो स्वयंसेवी हैं और न ही मानसेवी बल्कि सरकार की प्रत्यक्ष कर्मचारी हैं। इसके बावजूद आज तक उन्हें नियमित करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। देशभर में लगभग 28 लाख आंगनबाड़ी महिला कर्मी कार्यरत हैं। समान कार्य करने वाले कई संविदा कर्मियों को नियमित किया जा चुका है, लेकिन आंगनबाड़ी कर्मी आज भी उपेक्षा की शिकार हैं। नई शिक्षा नीति के तहत उन्हें नर्सरी टीचर के रूप में समायोजित करने का विकल्प भी मौजूद है, मगर सरकार इस पर मौन है। मार्च 2019 के बाद से महंगाई, डीए और न्यूनतम मजदूरी में लगातार बढ़ोतरी हुई, लेकिन आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय जस का तस बना रहा। मांग की गई कि केंद्र सरकार अपने अंशदान में तीन गुना वृद्धि करे, जिससे मानदेय 20,000 से 25,000 प्रतिमाह तक हो सके। भयमुक्त और सम्मानजनक कार्य वातावरण की मांग, कर्मियों ने मानसिक दबाव, धमकी, जबरन डिजिटल कार्य और फेस रिकॉग्निशन सिस्टम को अपमानजनक व अव्यवहारिक बताया। उन्होंने गुजरात हाईकोर्ट के आदेशानुसार सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने और मानदेय ?800 प्रतिदिन (24,000 प्रतिमाह) करने की मांग की। उनकी मांगे है कि सरकारी कर्मचारी का दर्जा और वेतनमान लागू हो। फेस रिकॉग्निशन प्रणाली तत्काल बंद की जाए। टीएचआर वितरण पुराने नियमों से हो। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी का भुगतान, पोषण आहार की मात्रा तीन गुना बढ़ाई जाए। पोषण ट्रैकर हेतु 5G मोबाइल व 5000 वार्षिक रिचार्ज भत्ता, सेवानिवृत्ति पर 5 लाख सहायता व पेंशन सुविधा दी जाए।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत 26 पीड़िताओं की 360 डिग्री काउंसलिंग



**भदोही।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत भदोही पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण को लेकर प्रभावी पहल की गई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों के मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में 26 पीड़िताओं के घर जाकर 360 डिग्री काउंसलिंग कर फीडबैक लिया। सभी पीड़िताएं संतुष्ट पाई गईं। इस दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति 5.0 के प्रावधानों एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1076, 102, 108, 181 व 1930 की जानकारी देकर जागरूक किया गया। भदोही पुलिस ने महिला सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताते हुए अभियान को निरंतर जारी रखने की बात कही।

# प्रियंका गांधी के जन्मदिवस पर 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव माननीय प्रियंका गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के तत्वावधान में 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जो रामनगर से प्रारंभ होकर गोपीपुर स्थित अंबेडकर पार्क पर संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे 'राजन', जिला उपाध्यक्ष (संगठन) त्रिलोकी नाथ बिंद एवं वरिष्ठ नेता सुरेश चंद मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया, जिसमें जनपद भर से लगभग 250 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में चंदन यादव (कौलापुर) प्रथम, विकास सरोज (कल्लूपाही) द्वितीय एवं नीरज पाल (ज्ञानपुर) तृतीय स्थान पर रहे; प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को साइकिल तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को स्मार्ट वॉच व ट्रैक सूट प्रदान किया गया, जबकि प्रथम से 50वें स्थान तक के प्रतिभागियों को विभिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय



सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी (पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़) राजेश तिवारी, पूर्व प्रदेश महासचिव तस्लीमुद्दीन, वरिष्ठ नेता सुशील कुमार सिंह व कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पांडेय ने युवाओं में खेल भावना व सामाजिक सरोकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी ने किया तथा समापन पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामाजिक न्याय एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया; दौड़ में कैलाश नाथ पाल, राकेश पाल, श्याम बिहारी मौर्य एवं राकेश कुमार पाल ने रेफरी की भूमिका निभाई और बड़ी संख्या में ब्लॉक अध्यक्ष शिवपूजन मिश्रा सरफराज अहमद मनोज गौतम व कांग्रेसजन स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय, गुरुमुरा- सोनभद्र में 06 एवं 09 में प्रवेश हेतु बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें अटल आवासीय विद्यालय, गुरुमुरा-सोनभद्र में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 06 एवं 09 में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी, भदोही द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि अटल आवासीय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 06 में 160 सीटें (80 छात्र एवं 80 छात्राएं) तथा कक्षा 09 में 64 सीटें (32 छात्र एवं 32 छात्राएं) निर्धारित हैं। प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि आवेदन पत्र 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे तथा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 है। प्रवेश पत्र 07 फरवरी 2026 से वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे एवं प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी दिन रविवार को आयोजित की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त श्रम कार्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी कार्यालयों के माध्यम से पात्र परिवारों तक इस योजना की जानकारी व्यापक रूप से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र श्रमिक परिवारों के बच्चे आवेदन कर सकें। साथ ही आवेदन प्रक्रिया, पात्रता शर्तों एवं आवश्यक अभिलेखों के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अटल आवासीय विद्यालय की प्रमुख विशेषताओं जैसे–सह-शैक्षिक आवासीय व्यवस्था, बालक/बालिकाओं के लिए पृथक छात्रावास, निःशुल्क गुणवत्तापरक शिक्षा, भोजन एवं छात्रावास सुविधा तथा



सीबीएसई पैटर्न पर शिक्षा पर भी चर्चा की गई। पात्रता के अंतर्गत भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 में अनाथ हुए पात्र बच्चों तथा आरक्षण नियमों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जाए तथा जनपद स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए, जिससे श्रमिक परिवारों के बच्चों को इस आवासीय विद्यालय योजना का अधिकतम लाभ मिल सके।

## आजमगढ़ कलाकार एसोसिएशन का 30 वा स्थापना दिवस संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़।** आजमगढ़ कलाकार एसोसिएशन के 30वां स्थापना दिवस पर नेहरू हाल के सभागार में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरा काआयोजन किया गया। धार्मिक कवि पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, साहित्यकार संजय कुमार पांडेय सरस, गायक कलाकार राजेश रंजन, अभिषेक उपाध्याय, सौरभ उपाध्याय, शिवम तिवारी, ने दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रारंभ में गायक कलाकार तुषार सिंह ने गणेश वंदना की, तदुपरांत राकेश विश्वकर्मा, बाबू लाल गुप्ता, दुर्गेश सिंह, किरन तिवारी नैना, शाह आलम सांवरिया, संतोष सिंह पुष्कर, अनुपम राय गुड्डू, केपी सांवला, वीरेन्द्र गुप्ता, सोनू यादव आदि एक से बढ़कर एक गीत गाया और कार्यक्रम में शमां बांधकर लोगों को झूमने के लिए विवश कर दिया।

पूर्व मंत्री सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव एवं गोल्डेन फार्चून के मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष यादव ने साहित्यकारों व कलाकारों को अंगवस्त्रम, मोमेंटो देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र राष्ट्रीय कवि सम्मेलनव मुशायरा वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुनारायण पांडेय प्रेमी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुम्बई से पधारे मशहूर शायर अल्ताफ जिया ने गजल एक चिराग ही है



अंधेरे से हमें बचाने को। सरे शाम आ जाता है खुद को जलाने को। प्रस्तुत किया तो श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। इसी क्रम में लोगों की मांग पर सारी दुनिया के नाम कर दूंगा। तुम अगर बेवफाई कर बैठी तैरा जीना हराम कर दूंगा। सुनकर श्रोताओं को श्रृंगार रस में डूबो दिया।

मशहूर शायरा चांदनी शबनम ने तन्हाई में मिलना तुम एक काम जरूरी है। राधा के लिए जैसे श्याम जरूरी है। सुनाकर कवि सम्मेलन व मुशायरा को उंचाई प्रदान की। मलकेश तरन्नुम ताज आजमी, राजकुमार आशीर्वाद, सहित काफी संख्या में शायर व कवियों ने अपनी प्रस्तुति से देररात तक दर्शकों को बांधे रखा। सम्मेलन का सफल संचालन करते हुए संजय कुमार पांडेय सरस ने अपने शेरों शायरी के माध्यम से माहौल को खुशनुमा बना दिया। ऐसासिएशन के संरक्षक तौहीद इंडेन गैस एजेंसी बनकट के संचालक तौहीद ने आभार प्रदर्शन किया एंव अध्यक्ष राजेश रंजन ने अतिथियों का स्वागत किया।

## दो इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार



**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा जी तिराहे से दो इनामिया पशु तस्करों को गिरफतार किया गया। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि दुर्गा जी मोड़ पर कुछ पशु तस्कर अपने निजी वाहनों से पशुओं को लाद रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाल विजय शंकर सिंह, उपनिरीक्षक नरेंद्र यादव, शक्तेशगढ़ चौकी प्रभारी राजेश पाण्डेय ,हेड कांस्टेबल विद्याधर यादव ,विनय राय, भानू प्रताप सिंह ने दबिश देकर पच्चीस हजार के इनामी अभियुक्त रोहित भारती पुत्र कल्लन निवासी इमिलिया कला थाना भेजा जनपद प्रयागराज व मुलायम यादव पुत्र देशराज निवासी नीवी कुकुर कटवा थाना मेंजा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाल ने बताया कि पूर्व में आरोपी के खिलाफ धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम 11 पशुक्रूरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज है।पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय को भेज दिया गया।

## महा विद्यालय में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमो किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** सोमवार को नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मगरहां में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जैसे में रोड सेफ्टी क्लब का पुनर्गठन करके महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलंटियर्स को क्लब का सदस्य बनाया गया। मुख्य वक्ता डॉ. सुशील कुमार ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार के यातायात के नियमों की जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जैसे मूल मंत्र को हमे अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर प्रेम यादव ने सड़क सुरक्षा से संबंधित संकेत चिन्हों के बारे में बताया। रोवर्स प्रभारी डॉ. राम नरेश यादव ने राह-वीर योजना के बारे में बताते हुए कहा कि आपको सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करनी चाहिए, इससे आपको कोई परेशानी नहीं होगी बल्कि आपको सरकार




की तरफ से पुरस्कृत भी किया जाएगा। आपकी सहायता से यदि घायल व्यक्ति की ससमय मदद हो जाए तो उसकी जान बच सकती है। रेंजर्स प्रभारी डॉ.नीलम यादव ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई। तत्पश्चात नशा मुक्ति से संबंधित कार्यक्रम का भी आयोजित किया गया। इसमें डॉ. पल्लवी मिश्रा ने छात्र छात्राओं को नशे से होनी वाली शारीरिक, मानसिक व सामाजिक हानियों को बताया। उन्होंने कहा कि हमे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना क्योंकि अगर हम कोई भी नशा करेंगे तो अपने परिवार और समाज को इससे रोक नहीं सकते। उसके लिए खुद से शुरुआत करनी होगी। छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मृणालिनी सिंह के देख रेख में आयोजित किया गया । धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मधु तिवारी तथा तकनीकी सहयोग डॉ. दीपक वर्मा ने किया। उक्त अवसर पर महा विद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## संक्षिप्त खबरें

### फायर ब्रिगेड ने मेला क्षेत्र में दुकानों का निरीक्षण किया



**नैनी प्रयागराज।** नैनी के अरैल घाट पर फायर ब्रिगेड की टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया इस अभियान के तहत आसपास लगाई गई चाय नाश्ते की दुकानों पर उपयोग हो रहे सिलेंडरों की जांच की इसके अलावा दुकानदारों को आगजनी की घटना से बचाने और सुरक्षा की पूरी जानकारी दी।फायर ब्रिगेड टीम ने दुकानों पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया साथ ही चेकिंग के दौरान व्यवस्थित रूप से इंतजाम न किए जाने पर दुकानदारों को कड़ी हिदायत भी दी।फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने दुकानदारों की दुकानों पर पहुंचकर उनके गैस सिलेंडर को चेक किया और बताया कि किस तरह से आगजनी की घटना से बचा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि दुकान पर परिवार मात्रा में बालू के साथ-साथ पानी की भरपूर व्यवस्था हो साथ ही दुकान पर बोरे मौजूद हो।दुकानदारों को बताया गया कि सिलेंडर के नीचे लकड़ी के पेट्रोल का उपयोग करें जमीन से थोड़ा ऊपर सिलेंडर हो। ऐसी व्यवस्था करने पर आगजनी की घटनाओं से बचा जा सकता है।माघ मेले में कल्पवास करने वाले कल्पवासी भी अपने टेंट में अधिकतर गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। इसके साथ आसपास दुकानदार अपनी दुकानों को भी चलाते हैं। जिसको लेकर फायर ब्रिगेड की ओर से प्रतिदिन सगन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को आगजनी की घटना से बचाव की जानकारी दी जा रही है। तंबुओं की इस नगरी में बसे कल्पवासियों से मिलकर उन्हें सुझाव के साथ-साथ जानकारियां दी जा रही हैं। जिससे माघ मेले में आज जाने की घटना ना हो सके।

### संस्कृति संध्या की धूम,गीतों पर झूमे श्रोता

**-दस हजार लोगों से ज्यादा ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया**



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी स्टेशन रोड स्थित श्री राम जानकी सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित प्राचीन मंदिर में शोभायात्रा का कार्यक्रम सफल होने के साथ-साथ सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व राम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इसके साथ-साथ कन्याओं का पूजन हुआ।इस भजन संध्या के कार्यक्रम में एक के बाद एक कई कलाकारों ने अपनी गीतों की प्रस्तुति दी। जिसमें देर रात तक भजन संध्या में श्रोता डूबे रहे। वही तिवारी बंधु ने अपने गीतों के माध्यम से समां बांध ।इसके साथ करीब 10 हजार से अधिक की संख्या में भीड़ कार्यक्रम में पहुंची। जहां एक तरफ भजन संध्या का लोग आनंद उठा रहे थे वहीं दूसरी तरफ बड़ी संख्या में लोग प्रसाद भी ग्रहण कर रहे थे जो देर रात तक चलता रहा ।भजन संध्या कार्यक्रम में प्रयागराज के प्रसिद्ध गायक अमित अमिलिया, प्राची उपाध्याय, अमित पांडेय और तिवारी बंधु की प्रस्तुति से देर रात तक कार्यक्रम में धूम मची रही इस दौरान मंच पर जय श्री राम के नारे लगाते रहे जहां एक तरफ भजन संध्या का लोक आनंद उठा रहे थे वहीं दूसरी तरफ हजारों की भीड़ प्रसाद पाने के लिए कतार में खड़ी रही। भजन संध्या में हमें तो मालवीय ने हम प्रयागराज वाले हैं, प्राचीन उपाध्याय ने श्याम और भगवान शंकर के भजनों की प्रस्तुति से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। जिसे सुनने के लिए स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर दराज से भी लोग पहुंचे हुए थे।प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर के इस भव्य आयोजन में मुख्य रूप से मंदिर प्रबंधक त्रिभुवन चौरसिया पार्षद व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल, वरिष्ठ समाजसेवी समर बहादुर सिंह,सुधीर शर्मा, मंदिर पुजारी नंदू महाराज,मंटू सिंह,विनय जायसवाल , डब्लू जायसवाल,अशोक गुप्ता, बबलू तिवारी, घनश्याम जायसवाल, संजय केसरवानी,राजेश साहू, टुनटुन पांडे, विनोद केसरवानी, अनिल चौरसिया, सहित सैकड़ो की संख्या में व्यापारी व महिलाएं शामिल रहे।

### काल का क्रूर प्रहार! बेटी के जन्म से 8 घंटे पहले फौजी पिता की मौत, स्ट्रेचर पर नवजात के साथ विदाई देने पहुँची पत्नी

महाराष्ट्र के सतारा जिले से एक ऐसी दुखद खबर सामने आई है, जिसने पूरे देश की आंखों में आंसू ला दिए हैं। भारतीय सेना के एक जवान प्रमोद जाधव, जो अपनी आने वाली संतान के स्वागत के लिए छुट्टियों पर घर आए थे, एक सड़क हादसे में जान गंवा बैठे। नियति की विडंबना देखिए कि पिता के निधन के महज 8 घंटे बाद उनकी नन्ही परी ने दुनिया में कदम रखा।

# इसरो की PSLV-C62 उड़ान विफल, 16 उपग्रह खोए; अंतरिक्ष अभियान को बड़ा झटका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ब्यूरो प्रयागराज।** देश के अंतरिक्ष अभियान को सोमवार को बड़ा झटका लगा है। इसरो की पीएसएलवी-C62 उड़ान विफल हो गई है। यह आठ महीने में दूसरी बड़ी विफलता है। सोमवार सुबह पूरे देश की नजरें श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पर टिकी थीं। इसरो ने रॉकेट को 10:17 बजे लॉन्च किया। रॉकेट बहुत शानदार तरीके से आसमान में उड़ा और पहले दो स्टेज बिल्कुल ठीक काम किए। लाखों लोग टीवी और मोबाइल पर इसे लाइव देख रहे थे और खुशी से तालियाँ बजा रहे थे। लेकिन तीसरे स्टेज के इग्निशन के बाद अचानक चुप्पी छा गई। मिशन कंट्रोल रूम में कोई डेटा नहीं आया। कुछ ही मिनटों में इसरो ने घोषणा कर दी कि इस मिशन में गड़बड़ी आ गई है। यानी यह अभियान असफल हो गया। रॉकेट में लगे सभी 16 उपग्रह अपनी कक्षा में नहीं पहुँच पाए और खो गए। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने बताया, 'तीसरे स्टेज के अंत तक रॉकेट का प्रदर्शन सामान्य था। उसके बाद रोल रेट (घूमने की गति) में अचानक गड़बड़ी हुई और उड़ान के मार्ग से भटकाव दिखा। हम पूरी डेटा की जांच कर रहे हैं और जल्द ही और जानकारी देंगे।' इसरो ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि इस मिशन के आखिरी चरण में गड़बड़ी आ गई है। इस पीएसएलवी-डीएल रॉकेट का वजह 260 टन था और यह कुल 16 उपग्रह ले जा रहा था। इन सबमें सबसे प्रमुख उपग्रह डीआरडीओ का EOS-Nv था। यह उपग्रह समुद्र पर नज़र रखने और नौसेना की निगरानी के लिए बनाया गया था। इसके अलावा 15 छोटे उपग्रह भी थे, जिनमें भारतीय छात्रों के प्रयोग, निजी कंपनियों के उपकरण और स्पेन का KID री-एंट्री डेमोंस्ट्रेटर शामिल था। सभी उपग्रहों को 505 किलोमीटर ऊँची सन सिंक्रोनस ऑर्बिट में भेजना था। रॉकेट ने पहले चरण के सॉलिड बूस्टर को बहुत अच्छे से अलग किया। लेकिन लॉन्च के क़रीब 8 मिनट बाद तीसरे स्टेज में दिक्कत आ गई। यह वही समस्या है जो पिछले साल पीएसएलवी-C61 मिशन में हुई थी। पिछले साल के अभियान में भी तीसरे स्टेज में चैंबर प्रेशर कम होने से EOS-09 उपग्रह खो गया था। इस बार भी रॉकेट अपनी निर्धारित राह से भटक गया। इसरो ने कहा है कि अब विफलता की जाँच करने वाली एक कमिटी बनाई जाएगी, जो पूरी जांच करेगी। अभी तक गड़बड़ी की सटीक वजह नहीं बताई गई है।

### प्री-मेडिकल परीक्षा के नाम पर मेडिकल माफिया का खेल खत्म, प्रयागराज पुलिस ने अंतर्राज्यीय ठगी गिरोह का किया भंडाफोड

**● मेडिकल में प्रवेश दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी, सरगना डॉक्टर राकेश गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्री-मेडिकल परीक्षा पंजीकरण और फर्जी चिकित्सकीय दस्तावेज़ों के सहारे युवाओं से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय मेडिकल ठगी गिरोह का प्रयागराज पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना डॉक्टर राकेश को गिरफ्तार कर लिया है, जो लंबे समय से मेडिकल महाविद्यालय में दाखिला दिलाने का झांसा देकर भोले-भाले अभ्यर्थियों को अपना शिकार बना रहा था।पुलिस के अनुसार आरोपी खुद को प्रभावशाली चिकित्सकीय तंत्र से जुड़ा बताकर छात्रों और उनके परिजनों का भरोसा जीतता था और प्री-मेडिकल परीक्षा पंजीकरण, फर्जी परामर्श प्रक्रिया तथा मेडिकल सीट पक्की कराने के नाम पर मोटी रकम वसूलता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने एक ही पीड़ित से लगभग 6 लाख रुपये की ठगी की थी, जबकि अन्य पीड़ितों की संख्या और ठगी की कुल रकम इससे कहीं अधिक होने की आशंका जताई जा रही है।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से संगणक (लैपटॉप), मोबाइल दूरभाष, पिस्तौल, फर्जी प्री-मेडिकल परीक्षा प्रपत्र, संदिग्ध दस्तावेज़ तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की गहन जांच की जा रही है, जिससे कई चौंकाने वाले खुलासे होने की संभावना है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह केवल प्रयागराज तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका जाल अन्य राज्यों तक फैला हुआ है। आरोपी के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इस मेडिकल ठगी तंत्र से जुड़े और बड़े खुलासे हो सकते हैं। पुलिस ने अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि मेडिकल प्रवेश के नाम पर दिए जाने वाले किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें और केवल अधिकृत व वैधानिक माध्यमों पर ही भरोसा करें।

### लेजर शो का संचालन काली घाट से प्रारम्भ किया गया



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज पुनः वाटर लेजर शो का संचालन काली घाट से प्रारम्भ किया गया। गत वर्ष महाकुम्भ-2025 में पर्यटन विभाग द्वारा उपरोक्त परियोजना का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' जी के द्वारा किया गया था। बाढ़ समाप्त होने के उपरान्त माघ मेला-2026 के प्रारम्भ होने के दृष्टिगत लेजर शो का पुनः संचालन पर्यटन विभाग द्वारा कार्यदायी संस्था-यू.पी.पी.सी.एल. यूनिट-2, प्रयागराज के माध्यम से कराया जा रहा है। उपरोक्त लेजर शो का अवलोकन आज मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ अजयपाल शर्मा तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। लेजर शो का संचालन प्रतिदिन सांय 07:00 बजे काली घाट से किया जायेगा। लेजर शो की समयावधि 45 मिनट है, जिसके अन्तर्गत प्रयाग से जुड़ी कथाओं व माघ, कुम्भ व महाकुम्भ के महत्व को भी दर्शाया जायेगा। काली घाट के सन्निकट ही वाटर स्पोर्ट्स व फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का संचालन स्मार्ट सिटी द्वारा किया जा रहा है, वाटर लेजर शो का संचालन प्रारम्भ हो जाने से प्रयागराज आने वाले पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा।

## SC की CEC और चुनाव आयुक्तों को केस से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने पर सहमति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संसद द्वारा बनाए गए कानून के एक प्रावधान की वैधता की जांच करने पर सहमति जताई, जो मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों (ECs) को मुकदमे से जीवन भर की छूट देता है। लोक प्रहरी की ओर से उसके जनरल सेक्रेटरी एस एन शुक्ला ने यह याचिका दायर की थी, जिस पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सुनवाई की. बेंच ने याचिका की जांच करने पर सहमति जताई और चुनाव आयोग और केंद्र सरकार से जवाब मांगा। याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की धारा 16 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी. यह प्रावधान सीईसी और ईसी को बेहिसाब असीमित शक्ति देता है जिससे उन्हें अपने पद के घोर दुरुपयोग में किए गए गलत कामों के लिए किसी भी सिविल और यहाँ तक कि आपराधिक कार्यवाही से जीवन भर के लिए पूरी तरह स्थायी छूट मिल जाती है, जो संविधान बनाने वालों ने राष्ट्रपति, राज्यपालों और जजों को भी नहीं दी थी। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया, 'विवादित प्रावधान लेवल प्लेइंग फील्ड को खराब करता है, क्योंकि यह सीईसी और ईसी को किसी राजनीतिक पार्टी/उम्मीदवार या सरकार के पक्ष या विपक्ष में अपनी स्थिति का गलत इस्तेमाल करने की खुली छूट देता है, जैसा कि हाल ही में आरोप लगाया गया है. साथ ही यह पूरी तरह से बिना आधार के नहीं है, जैसा कि एनजेसी केस (2016) के मुख्य फैसले के पैरा 352-355 में देखा गया है।' याचिका में दलील दी गई कि इस एक्ट की धारा 16 को रहने नहीं दिया जा सकता और इसे खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि एस. कृष्णन बनाम स्टेट ऑफ मद्रास (1951) मामले में संविधान पीठ ने जो कानून बनाया था, उसके



अनुसार कोई भी कानून जो संवैधानिक प्रावधानों को हराने के मकसद से पास किया गया हो, उसे संविधान के साथ धोखा होने के आधार पर चुनौती दी जा सकती है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से दखल देने की अपील की गई है, जिसमें कहा गया है कि देश में कानून के शासन को लागू करने और लोकतंत्र के सही कामकाज और भविष्य की रक्षा के लिए यह बहुत जरूरी है. याचिका में कहा गया, 'लगातार हो रहे नुकसान को देखते हुए, विवादित प्रावधान के संचालन और प्रभाव पर रोक लगाने के लिए अंतरिम राहत भी दी जाए।

### बुजुर्ग मां की पीट-पीटकर हत्या : आरोपी बेटा गिरफ्तार

कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र में शराब के आदी एक व्यक्ति ने अपनी मां की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार मुहल्ले में रहने वाले गुड्डू उर्फ याकूब (40) का रविवार रात अपनी मां आयशा (75) से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि विवाद बढ़ने पर गुड्डू ने अपनी मां के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के कुछ लोग उसके घर पहुंचे और बुजुर्ग महिला को बचाने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि गुड्डू नशे का आदी है। मोहल्ले के लोगों के समझाने के बावजूद वह शांत नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार बाद में उसने घर का दरवाजा बंद कर अपनी मां को फिर मारा–पीटा जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना पर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया। बुजुर्ग महिला का शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### SC/ST आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्यों को नोटिस जारी किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है. याचिका में स्ष्ट/स्ञ्ज आरक्षण व्यवस्था में क्रीमी लेयर सिस्टम लागू करने की मांग की गई है. यह याचिका वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है. उनका तर्क है कि स्ष्ट/स्ञ्ज वर्ग के जिन परिवारों में एक व्यक्ति को सरकारी या संवैधानिक पद मिल जाता है, उसके बच्चों को इस वर्ग के तहत आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। याचिकाकर्ता का कहना है कि आरक्षण का उद्देश्य दबे-कुचले वर्गों तक लाभ पहुंचाना था, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में वही परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी इसका फायदा उठा रहे हैं. ष्टछ्वढ्ढ सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने यह नोटिस जारी किया है. याचिका में कहा गया है कि आरक्षण



का लाभ उन लोगों तक नहीं पहुंच रहा है जो वास्तव में वंचित हैं. इसके बजाय, पहले से लाभान्वित परिवारों को ही बार-बार फायदा मिल रहा है। गौरतलब है कि पूर्व सीजेआई बी आर गवई की अगुवाई वाली संविधान पीठ में भी समय-समय पर स्ष्ट/स्ञ्ज वर्ग में क्रीमी लेयर लागू करने को लेकर टिप्पणियां की गई थीं. अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सरकारों से जवाब मांगा है. इस मामले पर अगली सुनवाई में यह तय हो सकता है कि क्या स्ष्ट/स्ञ्ज आरक्षण में क्रीमी लेयर व्यवस्था लागू होगी।

### भगवान श्रीकृष्ण की नगरी Dwarka कल्पना नहीं हकीकत है, समुद्र और जमीन की गहराइयों में उतर कर सबूत सामने लायेगी ASI

भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक इतिहास में द्वारका का नाम केवल एक नगर भर नहीं है, बल्कि यह आस्था, विश्वास और सभ्यता की निरंतरता का जीवंत प्रतीक है। अब वही द्वारका एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। हम आपको बता दें कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने प्राचीन द्वारका की खोज को नए सिरे से, अधिक गहराई और गंभीरता के साथ आगे बढाने का निर्णय लिया है। इस बार यह अभियान केवल सतही अध्ययन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जमीन और समुद्र दोनों में गहन खुदाई के जरिये इतिहास की दबी हुई परतों को उजागर करने का प्रयास होगा। हम आपको बता दें कि अब तक हुए सीमित अध्ययनों में समुद्र के भीतर पत्थर की संरचनाएं, दीवारनुमा अवशेष और मानव बसावट के संकेत मिल चुके हैं। लेकिन इन संकेतों को निर्णायक प्रमाण में बदलने के लिए ASI अब आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरण और विशेषज्ञों की बहुविषयक टीम के साथ आगे बढ़ रहा है। इस नए अभियान का केंद्र गोमती नदी का मुहाना, समुद्री किनारे के वे हिस्से जहां अब तक खुदाई नहीं हुई, और बेट द्वारका जैसे क्षेत्र होंगे।

## योगी सरकार ने बदली मकर संक्रांति की छुट्टी की तारीख, अब 15 को होगा पब्लिक हॉलिडे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शासन ने मकर संक्रांति के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया है. पहले जारी सूची के अनुसार, साल 2026 में मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी (बुधवार) को निर्बंधित अवकाश रखा गया था, लेकिन अब शासन ने इसे बदलकर 15 जनवरी (गुरुवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। सामान्य प्रशासन अनुभाग के तरफ से जारी सूचना के अनुसार, पहले 17 नवंबर 2025 को जारी किए गए लिस्ट में 14 जनवरी को मकर संक्रांति का रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे दर्ज था, लेकिन शासन स्तर पर गहन विचार-विमर्श के बाद ये निर्णय लिया गया है कि 15 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश रहेगा. इस संशोधन के चलते 14 जनवरी को अब सामान्य कार्य दिवस रहेगा और सरकारी कार्यालय, बैंक तथा अन्य संस्थान खुले रहेंगे। मकर संक्रांति उत्तरायण का प्रतीक है, जब सूर्य धनु से मकर राशि में प्रवेश करता है. यह फसल उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है, जिसमें लोग स्नान, दान, तिल-गुड़ और पतंगबाजी का आनंद लेते हैं। प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन एस.वी.एस. रंगा राव ने भी ये जानकारी दी. प्रदेश के लाखों कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्रों के लिए यह महत्वपूर्ण अपडेट है. सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे इस बदलाव के अनुसार अपनी योजनाएं बनाएं और त्योहार की खुशियां मनाएं। इस बार संक्रांति का पुण्य काल 14 जनवरी को न मानकर 15 को माना जा रहा है. इसके पीछे बड़ी वजह ये भी है कि संक्रांति 14 को सुबह मिल ही नहीं रही है. जबकि 15 की सुबह स्नान और दान के लिए अच्छा समय है. 14 जनवरी को शटतिला एकादशी पड़ रही है, क्योंकि एकादशी के मौके पर चावल नहीं खाना चाहिए और ना ही दान करना चाहिए. इसलिए संक्रांति पर खिचड़ी खाने और दान करने की परंपरा का निर्वहन भी 14 को नहीं हो पा'एगा।

## माघ मेला-2026 द्वितीय/तृतीय मुख्य स्नान पर्व मकर संक्रान्ति दिनांक एवं मौनी अमावस्या पर यातायात प्रबन्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला-2026 द्वितीय/तृतीय मुख्य स्नान पर्व मकर संक्रान्ति दिनांक 15.01.2026 एवं मौनी अमावस्या दिनांक 18.01.2026 पर आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों के सुगम एवं सुरक्षित यातायात आवागमन के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में प्रमुख मार्गो से आने वाले वाहनों हेतु निम्नानुसार यातायात डायवर्जन/पार्किंग की व्यवस्था प्रस्तावित हैः- दिनांक 13.01.2026 को सायं 20.00 बजे से दिनांक 19.01.2026 को समय 24.00 बजे तक अथवा मेला क्षेत्र की भीड़ समाप्ति तक सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में प्रशासनिक चिकित्सकीय वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के वाहनों का संचरण प्रतिबन्धित रहेगा। सम्पूर्ण मेला के परेड, झूँसी, अरैल क्षेत्रों में आने वाले श्रद्धालु स्नानार्थी सम्बन्धित परेड, झूँसी, अरैल क्षेत्रों में बनाये गये संगम स्नान घाटों पर ही स्नान करेंगे।

**शहर/कानपुर मार्ग/लखनऊ मार्ग से आने वाले श्रद्धालु/स्नानार्थीः-**

1. प्लाट नं0 17 पार्किंग में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल काली मार्ग द्वारा अपर संगम मार्ग से संगम घाट, संगम हनुमान घाट व संगम रामघाट पर स्नान हेतु जा सकेगें। स्नान के उपरान्त श्रद्धालुगण स्नानार्थी अक्षयवट मार्ग, खडंजा वापसी मार्ग होकर त्रिवेणी मार्ग द्वारा सम्बन्धित पार्किंग में पहुँच कर अपने वाहनों से गन्तव्य को वापस जा सकेगें।

2. गल्ला मण्डी पार्किंग में श्रद्धालुगण स्नानार्थी अपने वाहनों को पार्क कर पैदल काली-2 मार्ग से बेणीबांय, मोरी रैम्प द्वारा किला घाट मार्ग पहुँच कर संगम मोरी घाट तथा संगम शिवाला घाट पर पहुँच कर स्नान कर सकेंगे, स्नान के उपरान्त श्रद्धालुगण/स्नानार्थी गंगामूर्ति चौराहा से ओल्ड जीटी मार्ग (थाना दारागंज कमिश्नरेट के सामने से) अथवा रिवर फ्रंट मार्ग द्वारा सम्बन्धित पार्किंग में पहुँच कर अपने वाहनों द्वारा गन्तव्य को वापस जा सकेगें।

3. नागवासुकि पार्किंग में श्रद्धालुगण स्नानार्थी अपने वाहनों को पार्क कर पैदल नागवासुकि संगम स्नान घाट पर स्नान कर सकेगें, स्नान के उपरान्त श्रद्धालुगण स्नानार्थी सम्बन्धित पार्किंग से अपने वाहनों से अपने गन्तव्य को वापस जा सकेगें।

**जौनपुर/वाराणसी मार्ग से आने वाले श्रद्धालु/स्नानार्थीः-**

1. ओल्ड जीटी कछार पार्किंग में श्रद्धालुगण स्नानार्थी अपने वाहनों को पार्क कर पैदल नागवासुकि मार्ग द्वारा पान्टून पुल नं0 4 व 5 पश्चिमी के मध्य वने संगम स्नान घाट पर स्नान कर सकेगें, स्नान के उपरान्त श्रद्धालुगण/स्नानार्थी ओल्ड जीटी मार्ग द्वारा ओल्ड जीटी कछार पार्किंग में पहुँच कर अपने वाहनों से गन्तव्य को जा सकेगें।

2. महुआबाग पार्किंग में श्रद्धालुगण / स्नानार्थी अपने वाहनों को पार्क कर पैदल जीटी रोड टीकरमाफी से त्रिवेणी मार्ग द्वारा संगम लोवर मार्ग-त्रिवेणी मार्ग चौराहा से बायें मुड़कर संगम लोवर मार्ग द्वारा अक्षयवट मार्ग-लोवर संगम मार्ग से दाहिने अक्षयवट मार्ग द्वारा संगम ऐरावत घाट पहुंच कर स्नान कर सकेंगें। स्नान करने के उपरान्त श्रद्धालुगण महावीर मार्ग द्वारा रिवर फन्ट-समुद्र कूप मार्ग व काली मार्ग द्वारा टीकरमाफी जीटी रोड से महुआबाग पार्किंग व अन्य सम्बन्धित पार्किंग से अपने वाहनों द्वारा अपने गन्तव्य को जा सकेगें।

3. सोहम आश्रम पार्किंग में श्रद्धालुगण स्नानार्थी अपने वाहनों को पार्क कर पैदल रिवर फ्रंट झूसी मार्ग द्वारा अक्षयवट मार्ग से पुल नं0 1 के दक्षिण बने संगम ऐरावत स्नान घाट पर स्नान कर सकेंगे, स्नान के उपरान्त श्रद्धालुगण महावीर मार्ग से समुद्रकूप मार्ग अथवा रिवर फ्रंट झूसी मार्ग से सोहम आश्रम पार्किंग या अन्य सम्बन्धित पार्किंग से अपने वाहनों द्वारा अपने गन्तव्य को जा सकेगें।

**मिर्जापुर-रीवा मार्ग से आने वाले श्रद्धालु स्नानार्थीः-**

1. देवरख कछार पार्किंग में अद्धालुगण स्नानार्थी अपने वाहनों को पार्क कर पैदल सोमेश्वर महादेव रैम्प मार्ग से सोमेश्वर महादेव संगम स्नान घाट पर स्नान कर सकेगें, स्नान के उपरान्त श्रद्धालुगण / स्नानार्थी उसी मार्ग से देवरख कछार पार्किंग अथवा सम्बन्धित पार्किंग में पहुँच कर अपने वाहनों से गन्तव्य को जा सकेगें।

2. गंजिया पार्किंग में श्रद्धालुगण स्नानार्थी अपने वाहनों को पार्क कर पैदल अरैल घाट मार्ग से फलाहारी बाबा आश्रम के सामने से अरैल बांध रोड पहुंच कर अरैल रैम्प द्वारा संगम अरैल घाट, संगम चक्रमाधव घाट एवं अन्य संगम स्नान घाटों पर स्नान कर सकेगें, स्नान के उपरान्त श्रद्धालगण अरैल रैम्प द्वारा अरैल बांध रोड पहुँच कर सच्चा बाबा आश्रम सुरियावीर तिराहा से गंजिया पार्किंग में पहुंच कर अपने वाहनों से गन्तव्य को वापस जा सकेगें।

3. नव प्रयागम् पर्किंग में श्रद्धालुगण स्नानार्थी अपने वाहनों को पार्क कर पैदल नव प्रयागम् अप्रोच मार्ग से अरैल बांध रोड पर पहुंच कर नव प्रयागम् रैम्प द्वारा संकटमोचन मार्ग से अरैल संगम घाट, चकमाश्रय संगम घाट एवं अन्य संगम स्नान घाटों पर स्नान कर सकेगें, स्नान के उपरान्त श्रद्धालगण महाकाल रैम्प से अरैल बांध रोड, नव प्रयागम् अप्रोच मार्ग द्वारा सम्बन्धित पार्किंग में पहुँच कर अपने वाहनों से गन्तव्य को वापस जा सकेगें।

**नोटः-** पान्टून पुलों पर आवागमन हेतु एकल मार्ग व्यवस्था सुनिश्चित है। परेड से झूसी की तरफ जाने के लिए पान्टून पुल नं0 3, 5 व 7 का प्रयोग एवं झूसी से परेड की तरफ आने के लिए पान्टून पुल नं0 4 एवं 6 का प्रयोग कर सकेगें। पान्टून पुल नं0 1 व 2 कन्टीजेंसी हेतु रिजर्व रहेगा एवं आवश्यकतानुसार चलाया जायेगा। मेला क्षेत्र के समस्त संगम स्नान घाटों पर वाहन लाना व पार्क करना प्रतिबन्धित होगा। सम्पूर्ण माघ मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन रहेगा व अक्षयवट दर्शन बन्द रहेगा।

## अधीनस्थ न्यायपालिका से जुड़े करप्शन और एक्शन की जानकारी देनी होगी, सूचना आयोग का बड़ा आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तराखंड में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत एक अहम फैसला लिया गया है. उत्तराखंड सूचना आयोग ने अधीनस्थ न्यायपालिका से जुड़े अधिकारियों और न्यायाधीशों के खिलाफ दर्ज शिकायतों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. देश में ऐसा पहली बार होगा, जब ऐसी जानकारी सार्वजनिक होगी. यह आदेश सूचना आयोग की मुख्य सूचना आयुक्त राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में पारित किया गया। मामला अपील संख्या 43293/2025-26 से जुड़ा है, जिसे आईएफएस संजीव चतुर्वेदी ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(3) के तहत दायर किया था. अपील में अधीनस्थ न्यायपालिका से संबंधित नियमों, शिकायतों और उन पर हुई कार्रवाई की जानकारी मांगी गई थी. ये अपील और आदेश, देश में एक नजीर पेश कर सकता है। अपीलकर्ता द्वारा 14 मई 2025 को दायर आरटीआई आवेदन में चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी. इसमें उत्तराखंड की अधीनस्थ न्यायपालिका पर लागू सेवा नियम, आचरण नियम और अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शामिल थी. इसके अलावा न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार या अन्य प्रकार के मामले से जुड़ी शिकायतें कहां और कैसे दर्ज की जाती हैं, इसकी जानकारी भी मांगी गई थी। आरटीआई में यह भी पूछा गया था कि 1 जनवरी 2020 से 15 अप्रैल 2025 के बीच अधीनस्थ न्यायपालिका के अधिकारियों और न्यायाधीशों के खिलाफ कुल कितनी शिकायतें दर्ज हुई और इनमें से कितने मामलों में अनुशासनात्मक या आपराधिक कार्रवाई की सिफारिश की गई या अमल में लाई गई. साथ ही आरटीआई आवेदन की प्रक्रिया के दौरान तैयार की गई फाइल नोटिंग और दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां भी मांगी गई थीं। लोक सूचना अधिकारी नैनीताल हाईकोर्ट की ओर से अपीलकर्ता को पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई. अधिकारी ने अपने जवाब में कहा कि मांगी गई सूचना गोपनीय प्रकृति की है और तीसरे पक्ष से संबंधित है. इसके साथ ही यह भी तर्क दिया गया कि इस तरह की जानकारी देने से पहले सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक होता है. इस जवाब से असंतुष्ट होकर अपीलकर्ता ने रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय नैनीताल




के समक्ष पहले विभागीय अपील दायर की, और फिर द्वितीय अपील सूचना आयोग में दायर की. संजीव चतुर्वेदी की अपील के बाद ये निर्देश जारी किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सूचना आयोग ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि केवल यह कहना कि सूचना गोपनीय है, सूचना न देने का पर्याप्त आधार नहीं हो सकता. आयोग ने माना कि अधीनस्थ न्यायपालिका में शिकायतों की संख्या और उनके निस्तारण की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी पारदर्शिता के दायरे में आती है. हालांकि, आयोग ने यह भी साफ किया कि किसी भी न्यायाधीश या अधिकारी की व्यक्तिगत पहचान या नाम सार्वजनिक नहीं किया जाएगा. आयोग ने निर्देश दिए कि शिकायतों की संख्या और प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देने से पहले सक्षम स्तर से आवश्यक अनुमति प्राप्त की जाए।

### सभ्य समाज व राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका काफ़ी अहम है : कृष्णा जायसवाल

**सिद्धार्थनगर।** देश दुनिया को भारत के गौरवशाली अतीत से परिचय कराने का काम महापुरुष स्वामी विवेकानंद ने सैंकड़ें वर्ष पहले ही कराया। देशवासियों के प्रेरणास्रोत रहे स्वामी जी ने जीवन जीने का तरीका बताते हुए देश के नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना को जगाने और राष्ट्र प्रेम भावना को भरने का काम किया। सभ्य समाज व राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका काफ़ी अहम है। ये बातें सोमवार को नगर पंचायत बढ़नी में महापुरुष स्वामी विवेकानंद के जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए यूथ हॉस्टल एसोसिएशन बढ़नी इकाई चेयरमैन कृष्णा जायसवाल ने कहीं। कहा कि भारत देश की धराधाम पर जन्मे स्वामी जी का जीवन दर्शन देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को आत्मसात करने का संदेश देता है। पूर्व प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद में पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा, सकारात्मक विचार की भावना कूटकूट कर भरी हुई थी। सकारात्मक सोच देशवासियों में होने पर देश उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ सकता है। पुराने गौरव को वापस प्राप्त करने और आधुनिक भारत को विश्व पटल पर पहुचाने में प्रत्येक नागरिक का योगदान जरूरी है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मनुष्य को सतत पर्यत्नशीलता रखनी चाहिए।विचार गोष्ठी व जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष विजय जायसवाल ने की। इस दौरान अजय कुमार गुप्ता, रामेश्वर चौधरी, मुकुल शर्मा, मुस्तन शेरुल्लाह, राम सुध, अब्दुल कयूम , प्रदीप कमलापुरी, राजकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजभर का पीडीए पर करारा प्रहार: बोले- 'दगे हुए कारतूस', NDA के पास ही वोट दिलाने की ताकत



**बलिया।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने पीडीए गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। भीमपुरा में रविवार को एक निजी विद्यालय के कार्यक्रम में पहुंचे राजभर ने मीडिया से बातचीत में पीडीए के नेताओं को 'दगे हुए कारतूस' करार दिया। राजभर ने पीडीए का अर्थ बताते हुए उसे 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' कहा और तंज कसते हुए कहा कि अब यही परिवार एनडीए से मुकाबला करने की बात कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि पीडीए में ऐसा कौन सा नेता है, जो एक जिले या एक विधानसभा में भी वोट दिलाने की क्षमता रखता हो। उन्होंने दो टूक कहा कि पीडीए में शामिल सभी नेता अब राजनीतिक रूप से निष्प्रभावी हो चुके हैं। इसके उलट राजभर ने एनडीए के सहयोगी दलों और नेताओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि एनडीए में संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल, केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और स्वयं उनके जैसे नेता हैं, जिनमें चुनाव जिताने की ताकत है। राजभर ने दावा किया कि पीडीए 2047 तक भी एनडीए का मुकाबला नहीं कर पाएगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर पूछे गए सवाल पर राजभर ने कहा कि किसी भी सरकार को जनता ही चुनती है। जनता जब तक साथ देती है, तब तक सरकार रहती है और जिस दिन जनता भरोसा तोड़ देती है, उसी दिन सत्ता भी चली जाती है।

### माघ मेला द्वारा मेला क्षेत्र के प्रमुख ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात पुलिस बल की ब्रीफिंग

**ब्यूरो प्रयागराज।** आज रिज़र्व पुलिस लाइन्स, माघ मेला स्थित तीर्थराज सभागार में आगामी प्रमुख स्नान पर्व मकर संक्रान्ति एवं मौनी अमावस्या के दृष्टिगत माघ मेला क्षेत्र के चारों जोन - उत्तरी झूंसी, दक्षिणी झूंसी, परेड एवं संगम के अंतर्गत तैनात अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी तथा प्रमुख ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात दोनों शिफ्टों के पुलिस कार्मिकों का ब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रीफिंग का शुभारंभ नीरज कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा किया गया, जिनके द्वारा मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन, आपातकालीन योजनाओं तथा ड्यूटी प्वाइंट्स की संवेदनशीलता के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) द्वारा घाटों एवं प्रमुख मार्गों पर भीड़ के सुचारु प्रवाह, निकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने, अतिक्रमण पर सतर्क निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी दृष्टि रखने तथा किसी भी असुविधा या जोखिम की स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों एवं कंट्रोल रूम को सूचित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ड्यूटी के दौरान श्रद्धालुओं के साथ विनम्र, सहयोगात्मक एवं सेवा-भावपूर्ण व्यवहार करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर नवागत अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय, कमिश्नरेट प्रयागराज विजय ढुल द्वारा अपने कुम्भ मेला के अनुभव साझा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं द्वारा पूछे जाने पर उन्हें सही, स्पष्ट एवं व्यवहारिक जानकारी दें तथा इसके लिए मेला क्षेत्र के साथ-साथ प्रयागराज के प्रमुख रेलवे स्टेशनों, बस स्टैण्डों, मार्गो एवं चौराहों की पूर्व जानकारी अवश्य रखें। जोगेन्द्र कुमार, पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी, ड्यूटी प्वाइंट, आसपास के क्षेत्रों तथा प्रवेश-निकास मार्गो की पूर्ण जानकारी रखे, अपनी ड्यूटी को हस्तलिखित रूप में अपने पास सुरक्षित रखे तथा आपातकालीन योजनाओं के अंतर्गत अपनी भूमिका से पूर्णतः अवगत रहे। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि सभी ड्यूटी प्वाइंट्स पर वायरलेस संचार अनिवार्य रूप से सक्रिय रखा जाए तथा मोबाइल फोन के स्थान पर हैंडसेट के माध्यम से ही संपर्क स्थापित किया जाए। सभी अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारीगण को अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ बैठक कर, प्रत्येक कर्मी से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर उनके ड्यूटी प्वाइंट्स के संबंध में ब्रीफ करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस आयुक्त द्वारा मेला क्षेत्र के सभी 05 जोनों में तैनात अपर पुलिस अधीक्षकगण, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) तथा आईसीसीसी के कार्यों के प्रभावी पर्यवेक्षण एवं समन्वय हेतु कमिश्नरेट प्रयागराज के अपर पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपायुक्तों को नामित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), नवागत अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय, जिलाधिकारी प्रयागराज, पुलिस अधीक्षक माघ मेला, अपर पुलिस अधीक्षक माघ मेला, अपर पुलिस उपायुक्त नगर/नोडल अधिकारी माघ मेला, पीएसी, जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थ।

# 26 सप्ताह में जन्मा 650 ग्राम का नवजात, 84 दिन बाद मौत को दी मात

### ● आरोग्यम हॉस्पिटल में चिकित्सा विज्ञान और मानवीय सेवा का अनुकरणीय उदाहरण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** चिकित्सा विज्ञान, आधुनिक तकनीक और डॉक्टरों की निष्ठा का एक उल्लेखनीय उदाहरण हजारीबाग शहर के प्रतिष्ठित अस्पतालों में से एक आरोग्यम हॉस्पिटल में सामने आया है। 26 सप्ताह में जन्मा मात्र 650 ग्राम वजन का अत्यंत नाजुक नवजात, जिसकी जीवन की उम्मीदें जन्म के साथ ही क्षीण हो गई थीं, 84 दिनों तक चले गहन इलाज के बाद स्वस्थ होकर अपनी माँ की गोद में घर लौट गया। यह सफलता न केवल एक परिवार के लिए राहत और खुशी की खबर है, बल्कि जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार नवजात का जन्म एक अन्य अस्पताल में समय से पहले हुआ था। जन्म के तुरंत बाद उसकी हालत गंभीर हो गई। फेफड़े पूरी तरह विकसित न होने के कारण बच्चे को सांस लेने में भारी परेशानी हो रही थी। स्थिति लगातार बिगड़ती देख परिजनों ने तत्काल बच्चे को हजारीबाग के आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहाँ उसे नियोनेटल आईसीयू में रखा गया। पीडियाट्रिक्स एवं नियोनेटोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. हीरालाल राम, नियोनेटल एवं चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. प्रकाश चंद्र तथा चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. सुरभि कुमारी की टीम ने बच्चे के इलाज की कमान संभाली। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे के फेफड़े पूरी तरह विकसित नहीं थे, जिसके कारण उसे वेंटिलेटर और सीपीएपी सपोर्ट पर रखा गया। इलाज के दौरान कई बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता पड़ी। 84 दिनों तक लगातार दिन-रात की निगरानी, सटीक चिकित्सकीय निर्णय और नर्सिंग स्टाफ की अथक सेवा के चलते बच्चे की स्थिति में निरंतर सुधार होता गया।

इलाज के दौरान प्रीमैच्योरिटी से जुड़ी सभी जटिलताओं पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया। डिस्चार्ज के समय बच्चे का वजन बढ़कर 1620 ग्राम (1 किलो 620 ग्राम) हो गया, जो इस लंबी और चुनौतीपूर्ण चिकित्सा यात्रा की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। बच्चे की माँ गीता देवी ने भावुक होते हुए कहा कि जब उन्होंने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया था, तब उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी थी। आरोग्यम हॉस्पिटल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने उनके बच्चे को अपने परिवार के सदस्य की तरह संभाला और आज उसी समर्पण का परिणाम है कि उनका बच्चा स्वस्थ है। इस खुशी के अवसर पर आरोग्यम हॉस्पिटल में डिस्चार्ज के दिन केक कटिंग का आयोजन किया गया। केक बच्चे की माँ ने काटा, जिसमें अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस नवजीवन और चिकित्सा सफलता का उत्सव मनाया। आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरी मेडिकल और नर्सिंग टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य अत्याधुनिक सुविधाओं के माध्यम से गंभीर से गंभीर नवजातों को भी जीवन की नई उम्मीद देना है। वहीं अस्पताल के प्रशासक जया सिंह ने कहा कि यह घटना साबित करती है कि अब हजारीबाग जैसे शहर में भी अत्यंत गंभीर और कम वजन के नवजातों का सफल इलाज संभव है, जो जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक नई उपलब्धि है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा आजसू का आयोजन, नशामुक्ति और खेल संसाधनों को लेकर उठी माँग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंड:-** आजसू पार्टी की युवा इकाई युवा आजसू के तत्वावधान में देवघर कॉलेज मैदान में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान युवा आजसू के कार्यकर्ताओं द्वारा आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष सह मधुपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी आदर्श लक्ष्य को गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए आदर्श लक्ष्य ने कहा कि आज राष्ट्रीय युवा दिवस है, लेकिन अत्यंत दुख के साथ कहना पड़ता है कि देवघर के अधिकांश युवा आज विभिन्न प्रकार के नशे की चपेट में आ चुके हैं। दारू, सिगरेट से लेकर गांजा और ब्राउन शुगर जैसे घातक नशों का सेवन लगातार बढ़ रहा है, जो समाज और आने वाले भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि



वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां अधिकांश युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं, वहीं देवघर जिला में खेल के क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं की कोई कमी नहीं है। यदि उन्हें उचित संसाधन, मंच और मार्गदर्शन मिले तो वे जिला, राज्य एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस क्रम में आदर्श लक्ष्य ने झारखंड सरकार एवं देवघर जिला प्रशासन से मांग की कि देवघर कॉलेज अंतर्गत नवनिर्मित फुटबॉल मैदान का शीघ्र शुभारंभ किया जाए, देवघर जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को नियमित रूप से खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए, झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न खेलों के लिए अलग-अलग स्टेडियम का निर्माण कराया जाए, युवाओं के शारीरिक विकास हेतु ओपन जिम की व्यवस्था की जाए तथा सरकार द्वारा निर्मित स्विमिंग पूल को शीघ्र प्रारंभ कर स्विमिंग स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा आजसू कार्यकर्ता, छात्र एवं स्थानीय युवा उपस्थित थे। सभी ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर चलने तथा नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया।

### बरही पुलिस द्वारा चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान, 32 दोपहिया वाहनों का कटा चलान



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** एसआई राजवल्लभ कुमार एवं बादल हेंब्रम के संयुक्त नेतृत्व में बरही थाना के समीप सोमवार को सड़क सुरक्षा को लेकर बरही पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस प्रशासन के निर्देश पर लगातार जारी है, जिसमें दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। वाहन चेकिंग के दौरान द्वारा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, हेलमेट एवं सीट बेल्ट की जांच की गई। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को सख्त चेतावनी दी गई, वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की जा रही है। बरही पुलिस का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाना, अपराधियों की आवाजाही पर नजर रखना तथा आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान एस.आई राजवल्लभ कुमार ने बताया कि सोमवार को 32 दोपहिया वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया।

## केरेडारी प्रेस क्लब ने 50 असहाय लोगों में किया कंबल का वितरण, उपप्रमुख अमेरिका माहतो ने की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**केरेडारी, हजारीबाग, झारखण्ड:-** केरेडारी प्रेस क्लब ने सोमवार को एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए 50 असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। यह कार्यक्रम प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें केरेडारी के उपप्रमुख अमेरिका माहतो बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। कंबल वितरण कार्यक्रम ने समाज में आपसी सहयोग और एकजुटता का संदेश दिया, जिसकी क्षेत्रवासियों ने सराहना की। कार्यक्रम की अगुवाई प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज वर्मा ने की, जो वर्षों से स्थानीय पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने बताया कि यह पहल शीतकाल में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है। कंबल वितरण के लाभार्थियों में मुख्य रूप से विधवा महिलाएं, बुजुर्ग एवं मजदूर वर्ग के लोग शामिल थे, जो ठंड के मौसम में आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह की सामाजिक पहलें जारी रहेंगी, जिनमें राशन और कंबल



वितरण जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। समारोह को संबोधित करते हुए उपप्रमुख अमेरिका माहतो ने प्रेस क्लब की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रेस क्लब न केवल समाचार लेखन तक सीमित है, बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कंबल वितरण असहाय लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाला एक सराहनीय कदम है। साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी ऐसी सामाजिक पहलों को प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम में केरेडारी प्रेस क्लब के दर्जनों सदस्य, ग्रामीण एवं लाभार्थी मौजूद रहे। सभी ने इस मानवीय पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। केरेडारी प्रेस क्लब ने यह साबित कर दिया कि पत्रकारिता केवल खबरें लिखने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सेवा करने का सशक्त माध्यम भी है।

## नल-जल योजना बनी शोपीस, कामता पंचायत में गहराया पेयजल संकट

### ● पाइप लीकेज, खराब मोटर और अधूरे कनेक्शन से सैकड़ों ग्रामीण परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंड:-** कामता पंचायत इन दिनों गंभीर पेयजल संकट से जूझ रही है। नल-जल योजना के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को घरों तक पानी नहीं मिल पा रहा है। कहीं नल-जल योजना खराब पड़ी है, कहीं पाइप लाइन लीकेज है तो कहीं घरों में नल ही नहीं लगाया गया है। कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने भुसाढ़, भंडारगढ़ा, चटुआग, ठुठाबर टोला, कामता, हिसरी एवं अंबादोहर सहित कई गांवों का दौरा कर जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर ठिकेदार द्वारा लापरवाहीपूर्वक कार्य कराए जाने से नल-जल योजना पूरी तरह विफल हो गई है। भुसाढ़ गांव में आंगनबाड़ी के समीप स्थित नल-जल योजना एक वर्ष से खराब है। छह माह पूर्व मोटर खोलकर ले जाई गई, लेकिन अब तक वापस नहीं लगाई गई। वहीं पुराने चापानल में नल-जल



योजना फिट कर देने से न तो चापानल से पर्याप्त पानी निकल रहा है और न ही नल-जल चालू हो पा रही है। इससे दर्जनों परिवारों के घरों में पानी की भारी किल्लत है। कई स्थानों पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है, जिससे पानी सड़कों पर बह रहा है और घरों तक नहीं पहुंच पा रहा। भंडारगढ़ा के बांड़ी सीमर टोला, चटुआग के विभिन्न टोलों, कामता परसाही, हिसरी और अंबादोहर गांवों में नल-जल योजनाएं लंबे समय से खराब पड़ी हैं। कुछ स्थानों पर नल-जल की स्थापना तो कर दी गई, लेकिन एक भी घर में नल कनेक्शन नहीं दिया गया। अयुब खान ने बताया कि नल-जल योजना से पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीण आज भी हैंडपंप पर निर्भर हैं। उन्होंने प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की बैठक में पेयजल से जुड़ी समस्याओं की विस्तृत लिखित सूची बीडीओ को सौंपी और तत्काल समाधान की मांग की। साथ ही उपायुक्त से भी हस्तक्षेप कर दोषी ठिकेदारों पर कार्रवाई एवं योजनाओं की मरम्मत कराने की मांग की गई है। दौरे के दौरान नजरु तुरी, द्वारिका ठाकुर, महेश उरांव, बंधवा देवी, फुलदेव लोहरा, नमीया देवी, दीपक लोहरा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे, जिन्होंने शीघ्र पेयजल संकट दूर करने की मांग की।

### पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित चिल्ड्रन पार्क का उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन



**पाकुड़, झारखंड:-** बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं मनोरंजन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित चिल्ड्रन पार्क का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और रचनात्मक वातावरण अत्यंत आवश्यक है। यह चिल्ड्रन पार्क पुलिस कर्मियों के बच्चों को खेल-कूद के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने पार्क में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया तथा इसे बच्चों के लिए एक उपयोगी, सुरक्षित एवं आनंददायक स्थान बताया। मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, डीएसपी अजय आर्यन एवं नगर परिषद के प्रशासक अमरेन्द्र कुमार चौधरी सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर समाहरणालय में पेंटिंग प्रतियोगिता हुई आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंड:-** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को समाहरणालय परिसर में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों, उनके जीवन दर्शन तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, उनके आदर्शों एवं प्रेरणादायी विचारों को चित्रों के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

प्रतिभागियों की कृतियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, राष्ट्रसेवा और युवा शक्ति का संदेश स्पष्ट रूप से झलकता दिखाई दिया। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रतिभागियों की कला-प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने और अपनी प्रतिभा को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इससे युवाओं का मनोबल बढ़ेगा और वे समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होंगे।

## मकर संक्रांति एवं वंदना पर्व की सांस्कृतिक छटा से उल्लासित हुआ पाकुड़िया प्रखण्ड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** मकर संक्रांति एवं वंदना पर्व के पावन अवसर पर पाकुड़िया प्रखण्ड इन दिनों सांस्कृतिक उल्लास और लोक परंपराओं की मनोरम छटा से सराबोर नजर आ रहा है। तिल कूट की मिठाइयों से सजी दुकानें, तिल, चूड़ा-गुड़ के लड्डू तथा सोहराय पर्व से जुड़ी विविध पारंपरिक सामग्रियों की सौंधी सुगंध से प्रखण्ड का कोना-कोना सुभाषित हो उठा है। सनातन सांस्कृतिक मूल्यों में लोक पर्वों की विशेष महत्ता रही है। इन्हीं पर्वों के माध्यम से 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना सदियों से पुष्ट होती आई है। पर्वों की इस मिठास का प्रभाव पाकुड़िया बाजार में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है, जहां चहल-पहल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वहीं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में संथाली संस्कृति की झलक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि, लोक गायन और सामूहिक नृत्य के माध्यम से प्रखण्ड को आलोकित कर रही है। इसी कड़ी में



पाकुड़िया प्रखण्ड अंतर्गत राजपोखर पंचायत के शीतपूर गांव के समीप सदियों से प्रवाहित गर्म झरना के पावन तट पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 व 15 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में पाकुड़िया प्रखण्ड सहित अन्य जिलों के अलावा बिहार, बंगाल, असम एवं ओडिशा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर साफाहोड़ समाज के लोग, सपरिवार पहुंचते हैं। श्रद्धालु इस अवसर पर गर्म झरना में स्नान कर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते हैं तथा मंदिरों में पूजा-अर्चना एवं वंदन करते हैं। मेला प्रांगण में संथाली भक्ति गीत, संगीत और देव पूजन से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित रहेगा। साथ ही मेले में खरीदारी और मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार की दुकानों के अलावा इलेक्ट्रिक चरखी, चेयर झूले आदि की भी व्यवस्था की गई है। मेले के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रांगण में पाकुड़िया पुलिस बल की व्यापक तैनाती की गई है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर पर्व और मेले का आनंद ले सकें।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर मधुपुर में एबीवीपी ने निकाली प्रेरणादायी शोभा यात्रा

### ● स्वामी विवेकानंद के संदेशों से युवाओं में भरा जोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंड :-** 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मधुपुर नगर इकाई एवं महेंद्र मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के युवा साथियों एवं शिक्षकों के संयुक्त तत्वावधान में पुष्पांजलि एवं भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्रों एवं शिक्षकों की सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदामा यादव ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के महान हिंदू भिक्षुओं में से एक थे। वे न केवल एक आध्यात्मिक नेता थे, बल्कि उनके विचारों और उपदेशों को आज भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया सम्मान के साथ अपनाती है। उनके अभूतपूर्व भाषणों ने विश्व संस्कृति और धर्म पर सकारात्मक प्रभाव डाला तथा मानवता और सहानुभूति के गुणों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी मजबूत किया। वहीं सुमित यादव ने कहा कि एबीवीपी देशभर में राष्ट्रीय युवा दिवस को पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाती है। उन्होंने कहा कि आज समाज परिवर्तन के लिए युवाओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। यदि युवा शिक्षित नहीं होंगे, तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान प्रेरणादायी काव्य पंक्तियों के माध्यम से युवाओं में जोश और राष्ट्रभावना का संचार किया गया। नगर मंत्री सूरज कुमार ने 'चलो कैंपस की ओर' राष्ट्रीयव्यापी अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज कई युवा विभिन्न कारणों से छात्र परिसरों से दूर हो रहे हैं। ऐसे में नशामुक्त, शिक्षित और जागरूक युवाओं के माध्यम से एक आदर्श नागरिक समाज का निर्माण करना हम सभी का संकल्प होना चाहिए। शोभा यात्रा के दौरान भगत सिंह चौक पर सोनू गुप्ता द्वारा युवाओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिशु विद्या मंदिर के आचार्य मनीष कुमार शर्मा सहित चिंटू पांडे, मुकेश मंडल, सोमेश कुमार, विकी यादव, मार्कण्डेय पांडे, सागर कुमार जायसवाल, दिवाकर कुमार, शुभम राजपूत, विवेक, राहुल भैया, अमित तिवारी, जीतू यादव, सौरव यादव, सुमित सौरव रॉय, नितेश शर्मा, राहुल भारद्वाज, अभिषेक कुमार, संतोष झा, हरे राम, प्रभात सिन्हा, किशन तिवारी, विक्रम कुमार, राहुल कुमार, अविनाश कुमार, आलोक, विशाल, सचिन, निलेश, अश्मित सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए युवाओं को शिक्षा, राष्ट्रनिर्माण और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा।

## सोशल मीडिया व आईजीआरएस पर नगर विकास मंत्री के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी, शिकायतकर्ता ने की कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बलिया उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास मंत्री के विरुद्ध सोशल मीडियाऔर आईजीआरएस (जनसुनवाई पोर्टल) पर कथित रूप से की जा रही अनर्गल व भ्रामक टिप्पणियों को लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ असामाजिक तत्व फर्जी आईडी बनाकर लगातार मंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और आईजीआरएस के माध्यम से बार-बार तथ्यहीन आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे न केवल माननीय मंत्री की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है, बल्कि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए बने आईजीआरएस पोर्टल का दुरुपयोग किया जा रहा है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर विकास विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ आम जनता को लगातार मिल रहा है, लेकिन निजी स्वार्थवश कुछ लोग झूठे और भ्रामक आरोप प्रसारित कर जनमानस को गुमराह कर रहे हैं, जिससे समाज में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

शिकायतकर्ता ने मांग की है कि सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी करने वालों, फर्जी आईडी संचालकों और आईजीआरएस का गलत इस्तेमाल करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए।

साथ ही भविष्य में इस तरह की गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस पूरे मामले की जानकारी राज कुमार राय द्वारा दी गई है। वहीं पुलिस अधीक्षक स्तर पर शिकायती पत्र को संज्ञान में लेकर आवश्यक जांच व कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

### मुख्यमंत्री योगी से जेएनसीयू कुलपति की मुलाकात: विश्वविद्यालय भवनों के लोकार्पण पर बनी सहमति, हरसंभव सहयोग का आश्वासन



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय (जेएनसीयू) के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, वित्तीय सहायता, कर्मचारियों की नियुक्ति और संस्थान के समक्ष आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। कुलपति ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के भवनों के प्रथम चरण का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा इन नवनिर्मित भवनों के लोकार्पण के लिए समय देने का अनुरोध किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बलिया पूर्वी उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण जनपद है और इसके शैक्षणिक विकास के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति में शासन स्तर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि जेएनसीयू का विकास बलिया के समग्र विकास से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख और सहयोग के आश्वासन पर कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय परिवार एवं जनपदवासियों की ओर से आभार प्रकट किया।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रस्ताव नम्बर चौदह सौ दो को बोर्ड ने किया खारिज



बोर्ड बैठक में विकास कार्यों के विभिन्न प्रस्ताव पास

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद सभाकक्ष में पालिका की बोर्ड बैठक नपाध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता, पार्षदों व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति सम्पन्न हुई। इस दौरान नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष की प्रथम बोर्ड बैठक में समस्त पार्षदों व ईओ ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। बोर्ड बैठक के दौरान कार्यालय अधीक्षक/कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन द्वारा प्रस्ताव सं.-1360 से लेकर प्रस्ताव सं.-1592 तक प्रस्तावों को बोर्ड के समक्ष रखा। जिसमें से बोर्ड प्रस्ताव सं. 1402 जो कि वार्ड नं. 22 मु.नदीपुरा में मछली मार्केट में टीनशैड, बाउण्ड्रीवाल व मरम्मत कार्य को बोर्ड द्वारा निरस्त किया गया, इसके अलावा अन्य सभी प्रस्तावों पर बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। बोर्ड बैठक में पार्षद सोनसिंह यादव, मिथलेश कुशवाहा, मोहिनी दरौनिया, पुष्पा राजा, जानकी प्रसाद, रजनी रजक, उदयप्रताप यादव, अशोक कुमार पंथ, अफजुल रहमान, मो.मुस्तफा खां, दीपा कुशवाहा, सविता कुशवाहा, पूजा यादव, मनमोहन चौबे एड., शिवानी कुशवाहा, कुन्दन पाल, आलोक कुमार जैन मयूर, कीर्ति नायक, जगदीश यादव, रामकिंकर पटैरिया, मो.अब्दुल वारी, फरजाना बानो, रमेश कुमार उर्फ गांधी, धर्मवीर कुशवाहा, गिरीश पाठक, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, अवर अभियंता निधि पाण्डेय सहित अन्य पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस पर सहकार भारती ने किया आयोजन



**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम रजवारा में सहकार भारती उ.प्र. के 48 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही साथ स्वामी विवेकानंद जयंती भी मनाई गई। अतिथि के रूप में सहकार भारती विभाग संयोजक झांसी विभाग अंचल अरजरिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धीरेंद्र गोस्वामी, डी.सी.एफ.डी. अध्यक्ष झांसी ललितपुर बसंती लारिया, प्रकोष्ठ प्रमुख सहकार भारती डीसीबी सुरेश यादव, सुरेंद्र पस्तोर प्रदेश सह एफपीओ प्रकोष्ठ प्रमुख, अविनाश दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री कुंजबिहारी शर्मा, धर्मसिंह कुशवाहा, मथुरा प्रसाद सोनी, शुभम जैन, रामनिवास नामदेव, अवधेश नामदेव, कृष शर्मा, महेंद्र नामदेव, महेंद्र कुशवाहा, सत्यम सिंघई, रिया पटेल, रवि पाराशर, दीपक शुक्ला, सुनील जैन, रवि जैन, दीप्ति राजे, सावित्री, रामकली, गुड़िया राजा, कमला, विमला, अर्चना, शिवानी, शालिनी, किरन, सविता, सोना, पूजा, पुष्पा, राजकुमारी, पुष्पा, चमेली, सीमा, लाडो, चांदनी, अंकिता, पूजा, वंदना, खुशी, रश्मि, सुनीता देवी, पूजा देवी, प्रदीप बाजपेई, राजेश साहू आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विभूतिभूषण चौरसिया एवं संचालन जिला सह संगठन प्रमुख दिनेश कुमार नायक ने किया।

### उ.प्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का निर्वाचन आज

**ललितपुर।** उ.प्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह व महामंत्री जयप्रकाश ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि संघ की जनपद शाखा ललितपुर का चुनाव/अधिवेशन की जानकारी दी है। बताया कि उ.प्र.पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रान्तीय पत्र संख्या-304/ग्रा.स./संघ-चुनाव/ 2025-26 दिनांक 03 जनवरी 2026 के क्रम में उ.प्र. शासन से मान्यता प्राप्त संघ जनपद का कार्यकाल समाप्त होने के उपरान्त सेवा संघ मान्यता नियमावली 1979 तथा संघ बॉयलॉज के अनुसार प्रान्तीय संघ द्वारा जनपद ललितपुर का चुनाव/ अधिवेशन 13 जनवरी को नामांकन तथा 22 जनवरी 2026 को मतदान कराये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी का हवाला देते हुये उन्होंने चुनाव कार्यक्रम को लेकर बताया कि 13 जनवरी को नामांकन सुबह 10 से 11 बजे तक किया जायेगा। नामांकन वापिसी उसी दिवस में सुबह 11 से 12 बजे तक एवं नामांकन उपरान्त निर्वाचन के लिए चुनाव चिह्न का आवंटन 12 से अपराह्न 1 बजे तक किया जायेगा। तदोपरान्त डीपीआरओ कार्यालय सभागार में सभी चुनावी प्रक्रियाएं सम्पादित की जायेंगी।

## सहज संगम बना सेवा, संगठन और नेतृत्व का सशक्त प्रतीक : सन्मति सराफ

● लायंस क्लबों का संयुक्त अधिष्ठापन सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के तत्वावधान में सहज संगम नामक संयुक्त अधिष्ठापन समारोह एवं नववर्ष 2026 स्वागत कार्यक्रम बुन्देलखण्ड हॉली-डे होम बंदर गुढ़ा जाखलौन में गरिमामय, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ रहे। वहीं डिस्ट्रिक्ट की फर्स्ट लेडी लायन सुनीता सराफ की भी विशिष्ट उपस्थिति रही। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ ने अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में सभी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं निदेशक मंडल को शपथ दिलाकर विधिवत अधिष्ठापन सम्पन्न कराया। इस दौरान प्रथम उप-डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शरद अग्निहोत्री द्वारा नए सदस्यों को औपचारिक रूप से सदस्यता ग्रहण कराई गई तथा उन्हें लायनवाद की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिले के 11 लायंस क्लबों लायंस क्लब ललितपुर सेवा, लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर, लायंस क्लब ललितपुर हेल्पिंग हैंड, लायंस क्लब ललितपुर गौरव, लायंस क्लब ललितपुर गर्वे, लायंस क्लब ललितपुर अमृत, लायंस क्लब ललितपुर बुंदेलखंड, लायंस क्लब ललितपुर मेन, लायंस क्लब ललितपुर यूनाइटेड, लायंस क्लब ललितपुर यूनिक एवं लायंस क्लब बंसी संगम का संयुक्त अधिष्ठापन किया गया। सभी क्लबों के अध्यक्ष, रीजन, को-रीजन एवं जोन पदाधिकारी ने मंच की शोभा बढ़ायी एवं उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी क्लब अध्यक्षों को मल्टीपल 321 प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त लायन एम.पी. सिंह बुंदेला, लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर एवं लायंस क्लब ललितपुर गौरव को लायंस इंटरनेशनल अध्यक्ष प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कई लायंस सदस्यों को वर्षों की निरंतर एवं समर्पित सेवा के लिए लायंस इंटरनेशनल द्वारा प्रदत्त शेवरॉन (दीर्घ सेवा) सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के अंतर्गत कार्यरत सभी लायंस क्लबों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भी सराहना की गई। क्लबों द्वारा आरओ वाटर कूलर की स्थापना, अस्पताल उपकरण बैंक, फूड वैन का निर्माण, मेडिकल कॉलेज में रैन बसेरा (रैनबासेरा) का संचालन, क्रिकेट टूर्नामेंट, साथ ही रक्तदान, कम्बल वितरण एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन जैसे कार्यों को समाजोपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ ने कहा कि सहज संगम केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, संगठन और नेतृत्व की साझा सोच है। जब क्लब एकजुट होकर कार्य करते हैं, तभी सेवा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचती है। कार्यक्रम में भोजन वितरण, फूड पैकेट तथा जरूरतमंद महिलाओं एवं परिवारों की सहायता जैसे सेवा कार्यों पर भी चर्चा की गई। मुख्य संयोजक लायन एम.पी. सिंह बुंदेला, कार्यक्रम अध्यक्ष लायन शिवचरण सोनी एवं सह-अध्यक्ष लायन हरिश कपूर रहे। सशक्त संचालन डॉ.अवधेश अग्रवाल एवं लायन बृजमोहन संज्ञा ने किया। इस दौरान एलसीआईएफ समन्वयक लायन रविंद्र आलिया, कैबिनेट सचिव लायन राकेश गुप्ता, अध्यक्ष लायन प्रदीप जैन, राजीव पटवारी, मुकेश मुद्गल, शैलेन्द्र सराफ, फिरोज इकबाल, विकास गुप्ता, गिरीश साहू, हेमंत जैन, जलज सैनी, शुभम जैन, कैलाश अग्रवाल, राहुल गुप्ता, अनिल चौधरी, विवेकजी, सुरेश पटेल, सुरेश बाबू, जितेन्द्र खटीक, आजम बेग, के.के. बंसल, दीपक जायसवाल, डा.दीपक चौबे, जितेंद्र अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, जितेंद्र जैन, हरिसिंह बुंदेला, अनिल सूर्यवंशी, संजीव जैन, दलजीत सिंह, सतनाम सिंह, डा.राजेंद्र, के.पी. राजा, राजू राजा, उमाशंकर चौबे, बृजेश जैन, गायत्री अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सुनील कामरा, नवीन पटेल, रवि श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, दीपक नामदेव, अतुल सोनी सहित बड़ी संख्या में लायंस सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रियंका गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया



**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वायनाड से सांसद एवं कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा. दयाराम रजक के नेतृत्व जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि प्रियंका गांधी का जीवन संघर्ष, सेवा और आम जनता के अधिकारों के लिए समर्पित है। उनके जन्मदिन को जनसेवा के रूप में मनाकर कांग्रेस पार्टी ने मानवीय मूल्यों और सामाजिक सरोकारों का संदेश दिया। इस दौरान मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे, मु.इमरान, रफीक अली, जावेद किरमानी, सुशील रजक, प्रेमशंकर गुप्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रियंका गांधी की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। जिला महासचिव मु.इमरान ने सभी का आभार जताया।

## ओवरटेक करते समय बस ने ट्रक को मारी टक्कर

● आधा दर्जन से अधिक सवारियां घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** सोमवार सुबह हाईवे पर एक तेज रफ्तार बस ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बस में सवार दस से अधिक यात्री घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी रेफर किया गया है। यह घटना सुबह उस समय हुई जब सागर से ग्वालियर जा रही बस (यूपी 94 ए टी 0271) ललितपुर बस स्टैंड से लगभग 40 यात्रियों को लेकर झांसी के लिए रवाना हुई थी। बस हाईवे पर ग्राम रोड़ा और अमरपुर मंडी के बीच बिजोरिया नाले के पास पहुंची ही थी कि उसने आगे जा रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घायल यात्रियों ने बताया कि बस बहुत तेज रफ्तार में थी। उन्होंने चालक को धीमी गति से बस चलाने के लिए कहा भी था, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। घायल फूल सिंह ने जानकारी दी कि बस चालक लगभग 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बस चला रहा था और ट्रक से टकराने से पहले उसने एक टैक्सी को भी बाल-बाल बचाया था। घायलों में मंजीत (40) निवासी नेहरू नगर, नितेश साहू (40) निवासी सरायपुरा, महेश (40) निवासी निवाई, फूल सिंह (62) निवासी बंदेशरा, नीमा पत्नी रामसिंह (42), रामसिंह (52) निवासी छायन जिला सागर (मध्य प्रदेश), ऋषभ(25) निवासी गोविंद नगर, रामप्रकाश (60) निवासी तालाबपुरा और राजकुमार (35) निवासी तालाबपुरा शामिल हैं। सागर निवासी रामसिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## बिगड़े ऑपरेशन से खराब पांव को सुधार कर किया कमाल

● ऑर्थो सर्जन डा.आकाश खैरा ने बचाया युवक का पांव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** एक युवक के दायें पैर की हड्डी का ऑपरेशन झांसी मेडिकल कॉलेज में हुआ था, परन्तु उसके पैर से इतना मवाद आने लगा कि उसका चलना फिरना जीना मुश्किल हो गया। उस मरीज का इलाज करने से मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने मना कर दिया। कई जगह से निराश मरीज को आखिर डा.आकाश खैरा ने दोबारा पैर ठीक कर नयी जिंदगी दी है। 20 साल के तालबेहट के धीरेन्द्र सेन पुत्र विनोद सेन के पैर में फैक्चर हुआ था जिसका ऑपरेशन कई महीने पहले झांसी मेडिकल कॉलेज में किया गया था। परन्तु वह चलने फिरने लायक नहीं हो सका। मरीज के पैर से भारी मात्रा में मवाद निकलने लगा उसकी हालत खराब होती गयी। उसने जब दोबारा झांसी जाकर दिखाया तो चिकित्सकों ने उसे इलाज से मना कर दिया। निराश होकर कई जगह जाने के बाद मरीज को डा.आकाश खैरा की जानकारी हुई तो उन्होंने परीक्षण कर दो शिफ्टों में ऑपरेशन कर मरीज को ठीक करने की प्लानिंग की। पहले ऑपरेशन में मरीज के पैर की टीबिया हड्डी में पहले से पड़ी संक्रमित रॉड को निकालकर उसके स्थान पर एक विशेष तकनीक से अत्याधुनिक जानकारी के साथ हस्त निर्मित एंटीबायोटिक रॉड डालना तय किया गया। जिससे संक्रमण रोका जा सके। बाद में हड्डी का संक्रमण दूर हो जाने पर रॉड को स्टील रॉड में बदलकर मरीज को चलने फिरने लायक बनाना था। तीन माह के अंतराल में डा.खैरा ने यह दोनों सफल ऑपरेशन कर ललितपुर के अस्थि रोग चिकित्सा जगत में नयी मिसाल कायम कर दी। इस दौरान मरीज के पैर से भारी मात्रा में मवाद को निकाल कर विसंक्रमित किया गया। अब मरीज खुश है और पूरी तरह ठीक हो गया है। वह डा.खैरा को साधुवाद दे रहा है। इस ऑपरेशन के दौरान निश्चेतना विशेषज्ञ डा.खेमचंद्र वर्मा, ओमकरन सिंह गौर, पवन प्रजापति, रोहित राजपूत, जयदेव श्रीवास, सुषमा सेन, वर्षा यादव, वृगभान सिंह कुशवाहा आदि का सहयोग रहा।

**इनका कहना है**

पहले तो मैंने बेटे के ठीक होने की उम्मीद ही छोड़ दी थी, पर डा.आकाश खैरा के इलाज से मेरा बेटा अब पूरी तरह सामान्य तरीके से चलने लगा है। यह इलाज हमारे परिवार में अत्यंत खुशियां लेकर आया है। विनोद कुमार सेन, मरीज के पिता, निवासी तालबेहट।

## कचहरी परिसर में धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

● स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता थे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** कचहरी परिसर में आध्यात्मिक गुरु और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल लोधी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने स्वामी जी के सिद्धांतों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अधिवक्ता हरदयाल लोधी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का उनका मंत्र आज के युवाओं और अधिवक्ताओं के लिए ऊर्जा का स्रोत है। अधिवक्ता शशिकांत लोधी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए बौद्धिक शक्ति और नैतिकता का होना आवश्यक है, जो स्वामी जी के दर्शन का मुख्य आधार था। युवा अधिवक्ता कमलेश लोधी ने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इस दौरान कचहरी हरदयाल सिंह लोधी एड, महेंद्र कुमार पाराशर एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., जानकी प्रसाद बौद्ध एड., रवि श्रीवास्तव एड., अजय राजपूत एड., देवसिंह राजपूत, कमलेश लोधी एड., शेरसिंह यादव एड., शैलेन्द्र सिंह लोधी, विकास झा एड., आकाश झा एड., अनुराग लोधी एड., गजराम लोधी, रानू विदुआ एड., भूपेंद्रसिंह यादव एड., दीपक सिंह एड. समेत कई अन्य अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जिन्होंने स्वामीजी के जीवन प्रसंगों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज सेवा और न्याय की रक्षा का संकल्प लिया।

## स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर कराया गया योगाभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** चंद्रशेखर आजाद पार्क योग कक्षा में पतंजलि युवा भारत योग समिति, भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, किसान पंचायत व सैडो पॉवर ग्रुप के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई, जिसमें सर्वप्रथम भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अरविंद कुमार एवं युवा भारत के मंडल प्रभारी योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी ने चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। योगाचार्य मुकेश साहू एड. द्वारा सभी योग साधकों को योगाभ्यास कराया। अरविंद कुमार ने बताया कि स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण के बताए गये कार्यों को कर रहे हैं। योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी ने बताया कि स्वामी के बताया गए मार्ग चलना चाहिए। हमें नशा मुक्त भारत बनाना है देश के युवाओं को योग से जुड़ना चाहिए। योगाचार्य मुकेश साहू एड. ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। स्वामी जी का जन्म 1863 कोलकाता पश्चिम बंगाल में हुआ था उनके पिताजी का नाम विश्वनाथ दत्त था एवं माता जी का नाम भुवनेश्वरी देवी था। उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस थे। रामकृष्ण मठ व रामकृष्ण मिशन की स्थापना भी इनके द्वारा की गई। इनकी मृत्यु 04 जुलाई 1902 में बेंगलूर पश्चिम बंगाल भारत में हो गई थी। युवा भारत के सह प्रभारी रामकिशोर विश्वकर्मा ने स्वामि जी के कथन को याद दिलाया उठो जागो तब तक नहीं रुको जब तक आपको लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। युवा भारत के कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने बताया कि स्थान चंद्रशेखर आजाद पार्क में प्रतिदिन योग कक्षा सुबह 6 से 8 बजे तक संचालित होती है। इस दौरान श्यामलाल साहू, अरविंद कुमार जैन, योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी, योगाचार्य मुकेश साहू एड., रामकिशोर विश्वकर्मा, सुरेन्द्र जैन, मनोज झा, अक्षय गौतम एड., फूलसिंह अमीन, राजेंद्र कुमार उदैनिया, प्रमोद बबेले, विकास जैन, मनीष सिंह, प्रमोद पांडे, संजय अहिरवार, उत्कर्ष मिश्रा, शैलेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहे।

## भव्य समापन के साथ संपन्न हुआ युवा महोत्सव सौजना 2026, युवाओं को खेल व नशा मुक्ति का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** युवा महोत्सव सौजना 2026 का भव्य समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र सिंह (आर्मी), बीरचंद जैन (पूर्व प्रधान, नैकोरा) एवं बृजकिशोर चाचोंदिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बीरचंद जैन ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लेकर आगे बढ़ना चाहिए। वहीं सुनील बैध ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशामुक्त युवा ही मजबूत भविष्य की नींव रख सकते हैं। बंशी बाबू ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं, जबकि संतोष यादव ने कहा कि यदि युवा अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित हो जाएं तो किसी भी बदलाव को संभव बना सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान महोत्सव के अंतर्गत पिछले दिनों आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही बुंदेली लोककला की पहचान, नगाड़ा वादन में प्रख्यात नारायण सिंह को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में प्रमुख रूप से एडवोकेट सनत सिंघई, भाजपा जिला महामंत्री बंशी बाबू, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र राजा, साहब राजा, अशोक राजा मैनवार, संतोष यादव (सपा), नवल लोधी, एडवोकेट सूर्यप्रताप, एडवोकेट आशीष जैन मोदी, सलिल खरे, सुरेंद्र जैन, सुजान सिंह, बृजकिशोर चाचोंदिया, प्रताप चाचोंदिया, अखलेश्वर श्रीवास्तव, विशाल मिश्रा, चंदभान सुरैया, रामनाथ रजक, भजन लोधी, कसान लोधी बूढ़ी, लल्लू यादव, बीरसिंह यादव, सुनील, रोहित, बोबी राजा, खिलान सेन, मुकेश जोशी, चरण सिंह सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजन समिति में संदीप जैन एडवोकेट, देवेंद्र रजक, मनोज राय, मयंक जैन, द्वारिका रजक, पूरन सहरिया, शिवम वैध, राजेंद्र परिहार, अवधेश प्रजापति, पदुम उपाध्याय, लोकेश, सचिन आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार व्यक्त कार्यक्रम संयोजक संदीप जैन एडवोकेट ने किया।

## नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन एवं बाल कल्याण व संरक्षण के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें अधिकारी: डीएम

● जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति'' मिशन वात्सल्य की बैठक में महिला एवं बाल कल्याण सम्बंधी योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सरकार द्वारा महिलाओं व बालक-बालिकाओं के समग्र विकास के लिए चलायी जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं का जनपद में प्रभावी क्रियान्वय कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने सोमवार को महिला कल्याण विभाग की ''जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति'' मिशन वात्सल्य की बैठक में सम्बंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को कड़े निर्देश दिये कि वह जनपद में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलम्बन एवं बाल कल्याण व संरक्षण पर पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए सरकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करायें, साथ ही जनपद में बाल विवाह जैसी कुरीति को पूर्ण रूप से बंद कराने के लिए प्रभावी कदम उठायें।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुमंगला योजना पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य प्रदेश व जनपद में समान लिंग अनुपात स्थापित करना, कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करना, बालिकाओं के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करना तथा बेटी के जन्म के प्रति आमजन में सकारात्मक सोच विकसित करना है। इसलिए इस योजना की पात्रता के अनुसार शत-प्रतिशत नामांकन कराकर पात्र व्यक्तियों को लाभ देना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि वह बेटी के जन्म के साथ आंगनवाड़ी, आशा एवं एएनएम के द्वारा माता-पिता को जागरुक कर ऑनलाइन आवेदन करायें, उन्होंने बीएसए को निर्देशित किया कि वह कक्षा-1 में बेटी के प्रवेश के साथ ही बेटी के माता-पिता को विद्यालय बुलाकर उनका आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार उन्होंने पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि वह ऐसी मृत्यु के प्रमाण पत्र जारी होने की संख्या के सापेक्ष आवेदन करायें ओर उन्हें पेंशन का लाभ दें।

बैठक के दौरान उन्होंने जनपद में बाल विवाह रोकने पर जोर देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधान, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कोटेदार, पंचायत अधिकारी आदि क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कर उन्हें बाल विवाह रोकने की जिम्मेदारी दी जाए।

उन्होंने जनपद में नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए नशा पर अंकुश लगाने के लिए जनजागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक-एक कर गांव को सभी प्रकार के नशों से मुक्त कराया जाए।

## ललितपुर में सरेआम मारपीट, अपहरण व लूट का आरोप, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हाईवे पर सरेआम मारपीट, तोड़फोड़, अपहरण और लूट की गंभीर घटना सामने आई है। मामले में पीड़ित पक्ष ने थाना कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त तहरीर के अनुसार ग्राम खेजरा, थाना बांदरी, जिला सागर (म.प्र.) निवासी अभिषेक पुत्र श्री साहब सिंह निवारी ने बताया कि दिनांक 12 जनवरी 2026 को सुबह करीब 8 बजे वह अपने भाई सचिन के साथ ट्रक संख्या एमपी 55 ...9847 से हाईवे कैलगुवां तिराहा, थाना कोतवाली के पास खड़े थे। उसी दौरान गांव के ही तीन दबंग सहित लगभग 10 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और उनके भाई सचिन को गाड़ी से जबरन खींचकर मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए लात-घूंसों से मारपीट करने लगे।

शिकायत में बताया गया कि जब अभिषेक ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने ट्रक में तोड़फोड़ कर दी, जिससे ट्रक को लगभग 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ। आरोप यहीं नहीं रुके, पीड़ित के अनुसार आरोपी उसके भाई सचिन को गाड़ी संख्या एमपी 15 ... 5991 में जबरन बैठाकर अपने साथ ले गए और जाते समय धमकी दी कि यदि थाने गए या कोई कार्रवाई कराई तो जान से मार देंगे। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि आरोपियों ने सचिन की जेब से 10 हजार रुपये नगद भी छीन लिए। इस पूरी घटना में अभिषेक और उसके भाई सचिन को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका उपचार कराए जाने के बाद चिकित्सकीय रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की गई है। पीड़ित ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईपीएस सुमित सुधाकर अपर पुलिस उपायुक्त पद पर प्रोन्नत



**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर नगर में नियुक्त वर्ष 2022 बैच के आईपीएस अधिकारी सुमित सुधाकर रामटेके की आज अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर पदोन्नति हुई। इस अवसर पर उनकी पाइपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। निर्धारित परंपरा के अनुसार पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय विनोद कुमार सिंह द्वारा उन्हें पद के अनुरूप पदचिह्न (बैज) लगाए गए। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा श्री रामटेके को उनकी पदोन्नति पर हार्दिक बधाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। साथ ही, सेवा में उत्कृष्ट एवं समर्पित कार्य करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

### मकरसंक्रांति पर परमट घाट पर होगी अत्यधिक सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग



**कानपुर।** आगामी मकर संक्रांति पर्व के दृष्टिगत आज दिनांक 12 जनवरी 2025 को पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना ग्वालटोली क्षेत्रांतर्गत श्री परमट मंदिर एवं गंगा घाट का निरीक्षण किया गया। यहां गौरतलब है कि मकर-संक्रांति के दिन गंगा जी में हजारों की संख्या में लोग स्नान करते हैं। इसलिए अत्यधिक सुरक्षा लाजमी है। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त सेंट्रल द्वारा गंगा स्नान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त द्वारा श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, समुचित प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, तथा घाटों एवं संपर्क मार्गो को सुरक्षित एवं सुगम बनाए रखने के निर्देश दिए गए। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए एवं सुव्यवस्थित आवागमन हेतु बेरीकेडिंग व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, श्रद्धालुओं के आने-जाने के मार्गो को स्पष्ट रूप से चिन्हित रखने तथा संवेदनशील स्थलों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

### एसएनएस पब्लिक स्कूल कालाकांकर में स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़।** प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी सुमित सिंह पाल ने बताया है कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2026 के अवसर पर विकास खण्ड कालाकांकर के एसएनएस पब्लिक स्कूल कालाकांकर में स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती मनायी गयी जिसमें एसएनएस पब्लिक स्कूल के समस्त छात्र छात्राओं एवं मंगल दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कालाकांकर देशदीपक जोशी द्वारा स्वामी विवेकानन्द के विचारों पर प्रकाश डाला गया एवं उनके द्वारा किये गये कार्य जैसे राज कृष्ण मिशन की स्थापना, शिक्षा पर जोर और एकता की भावना को बढ़ावा देने तथा भारत को एक राष्ट्र के रूप में एकजूट करने का प्रयास के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में एस0एन0एस0 स्कूल के प्रबन्धक अमरनाथ गुप्ता, सीआरपीएफ इस्पेक्टर अरूण कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देशदीपक जोशी, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

### ट्रक और टेलर की टक्कर में चालक घायल और खलासी की मौत

**सहजनवा गोरखपुर –** सहजनवां थाना क्षेत्र के गीडा सेक्टर 26 स्थित सीहापार ओवरब्रिज के पास ट्रक और टेलर की टक्कर में ट्रक चालक घायल हो गया। तथा खलासी की मौत हो गई। मिली जानकारी से सोमवार को 6.40 बजे सुबह में एक ट्रक सूरत से गुवाहाटी जा रहा था। गीडा सेक्टर 26 के स्थित सीहापार ओवरब्रिज के पास पहुंचा था। उसी दौरान एक अज्ञात टेलर से टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक चालक आसिफ अली पुत्र जमीर अहमद 30 वर्ष निवासी मदुरा रानीगंज थाना कोहंडौर जिला प्रतापगढ़, और सेबु पुत्र रमजान 16 वर्ष निवासी उतरी थाना हनुमानगंज जिला सुल्तानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी सहजनवां भेजा, हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान सेबू पुत्र रमजान 16 वर्ष की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

# शराब पीकर किया झगड़ा और फिर पत्नी व बेटे को बांटे से काट डाला, फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** यहां पति ने गर्भवती पत्नी और ढाई साल के बेटे की बांके से काट कर हत्या कर दी। रविवार रात 9 बजे पति शराब पीकर आया तो पत्नी ने इसका विरोध किया। इस पर दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्से में युवक ने पत्नी के गले पर बांके से दो वार किए, फिर बेटे के सिर पर कई वार किए। इससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो उसने दरवाजा बंद कर लिया। तब लोगों ने सोचा कि रोज का झगड़ा है, थोड़ी देर में शांत हो जाएगा। इसके बाद लोग चले गए। लोगों के जाते ही आरोपी वहां से भाग गया। देर रात भाई घर पहुंचा तो दोनों के शव खून से लथपथ पड़े मिले, फिर पुलिस को बुलाया गया। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए। वारदात घाटमपुर कोतवाली के गोपालपुर के मजरा शारदेपुर की है। आरोपी की तलाश में तीन पुलिस टीमें लगाई गई हैं।






शारदेपुर निवासी सुरेंद्र यादव उर्फ स्वामी (35) ट्रक में खलासी का काम करता था। सुरेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सभी भाई अलग-अलग रहते हैं। सुरेंद्र की शादी 2021 में फतेहपुर के गौरा चुरियारा निवासी रूबी (32) से हुई थी। भाई पप्पू ने बताया- शराब की लत और रोज-रोज के झगड़े के चलते उसका परिवार बिखर गया। भाइयों में बंटवारा हो गया। डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया- शुरुआती जांच में सामने आया है कि रविवार रात करीब 9 बजे वह शराब पीकर घर पहुंचा। इस पर पत्नी रूबी ने विरोध किया तो दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्साए सुरेंद्र ने बांके से पत्नी के गले पर और ढाई साल के बेटे लवांश के सिर पर कई वार कर उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद मौके से भाग निकला। देर रात भाई पप्पू घर पहुंचा तो दोनों के शव खून से लथपथ पड़े मिले। फिर पप्पू ने ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो मां-बेटे के शव अगल बगल पड़े थे। कमरे बिखरा था। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। डीसीपी ने बताया- पुलिस टीमें गांव में लोगों से पूछताछ कर रही हैं। हत्या में इस्तेमाल बांका बरामद कर लिया गया है। आसपास के गांवों में लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर आशुतोष कुमार ने बताया- आरोपी सुरेंद्र का मोबाइल स्विच ऑफ है। नंबर को सर्विलांस पर लगा दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## सरसौल के युवक को मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

**घाटमपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में सरसौल ब्लाक के हिमांशु कुमार मिश्र को विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित करेंगे ,यह सम्मान उन्हें समाज सेवा और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जा रहा है, हिमांशु कुमार मिश्र ने दूरभाष पर बताया कि उन्हें इस सम्मान के लिए चुने जाने पर गर्व है, लेकिन वे व्यक्ति गत रूप से समारोह में उपस्थित नहीं हो पाएंगे,वह वर्तमान में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के,,माय भारत, अभियान के तहत् सूरत, गुजरात में आयोजित युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में, कानपुर की 7 सदस्यीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं,, राष्ट्र सेवा और भारत सरकार के निर्धारित कार्यक्रम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण, हिमांशु ने अपनी संस्था के कोषाध्यक्ष और अन्य सदस्यों को उनकी अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री के हाथों पुरूस्कार ग्रहण करने के लिए अधिकृत किया है हिमांशु कुमार मिश्र कानपुर नगर के सरसौल ब्लाक के गांव शा से आते हैं उनकी इस उपलब्धि में सरसौल ब्लाक सहित पूरे जनपद में उत्साह का माहौल है, क्षेत्र के गणमान्य नागरिको ने उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान और सफल नेतृत्व के लिए हार्दिक बधाई दी है।

## आरटीओ कानपुर ने सड़क सुरक्षा के संबंध में बताया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ।** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 31.01.2026 तक) जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 12.01.2026 को जनपद कानपुर नगर के मोटरयान निरीक्षक /सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) द्वारा कल्यानपुर ब्लॉक में ए. डी. ओ. / जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक को आर्डिनेटर के साथ सभी ग्राम प्रधानों एवं ग्रामपंचायत सदस्यों को सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तार से समझाया गया । दोपहिया वाहन चलाते समय तथा पीछे बैठे व्यक्ति को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने तथा दोपहिया वाहन चालकों को छोड़कर अन्य समस्त वाहन चालकों एवं उसमें बैठे यात्रियों / व्यक्तियों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने, रांग साइड तथा तेज गति से वाहन



न चलाने हेतु जागरूक करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी गयी एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु कहा गया। साथ ही मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा समय-समय पर प्रदत्त एवं विभागीय निर्देशों / योजनाओं यथा- कैश उपचार सुविधाएं, हिट एण्ड रन, सोलेशियम स्कीम एवं राहवीर योजना संबंधी जानकारी दी गयी एवं समस्त क्षेत्रवासियों को अवगत कराया गया । उक्त कार्यक्रम में सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई एवं पम्पलेट बाटे गये। इसके अतिरिक्त जनपद में प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा आज दिनांक 12.01.2026 को हेलमेट, सीट बेल्ट एवं मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले 115वाहन चालकों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी ।

## बिधनू में ट्रैक्टर ट्राली नहर में गिरी, चालक लापता, गोताखोर तलाश में जुटे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया, कानपुर सागर पर स्थित रामगंगा नहर पुल पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली रोलिंग तोड़ते हुए नहर में जा गिरी,, राहगीरों ने चालक समेत ट्रैक्टर ट्राली के नहर में गिरने की सूचना बिधनू पुलिस को दी, सूचना मिलते ही बिधनू पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरो की मदद से लापता चालक की तलाश शुरू कर दी, लेकिन क़रीब एक घंटे बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका,चालक का मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ जा रहा है, डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा, खानपुर निवासी धीरज ट्रैक्टर ट्राली लेकर सीढ़ी इटारा से कानपुर की ओर जा रहा था जैसे ही वह



कानपुर सागर हाइवे पर बिधनू के रामगंगा नहर पुल के पास पहुंचा, तभी आगे चल रहे डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दी, इससे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नहर में जा गिरी, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने एनएचएआई की क्रेन की मदद से ट्रैक्टर ट्राली को नहर से बाहर निकलवाया गया, इसके बाद गोताखोरों को नहर में उतारकर चालक की तलाश कराई जा रही है, बिधनू थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना पर तत्काल कार्यवाही की गई, ट्रैक्टर ट्राली को बाहर निकाल लिया गया है ,और चालक की तलाश लगातार जारी है,, कानपुर सागर हाइवे पर बिधनू में बना रामगंगा नहर पुल काफी सकरा है यहां एक साथ दो वाहनों के निकलने में परेशानी उठानी पड़ती है, स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएचएआई, द्वारा लगाई गई रेलिंग मजबूत नहीं है,, और हल्की टक्कर में ही टूट जातीं हैं इसी बजह से आए दिन वाहन नहर में गिरने की घटनाएं हो रही है,,हादसे के बाद रामगंगा नहर पुल से दोनों ओर कानपुर सागर हाइवे पर लंबा जाम लग गया, घाटमपुर की ओर कठेरूआ तक। और कानपुर की ओर मगरासा गांव तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई, पुलिस ने एक लेन से यातायात चालू कर जाम खुलवाया,इस दौरान करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

# ग्राम प्रधानों को वेतन के लिए भारतीय प्रधान संगठन ने व्यक्त किया मोदी - योगी का आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** देश में प्रजातंत्र का आधार इकाई ग्राम पंचायत में विकास का माध्यम और वोटरों पर मजबत पकड़ के चलते किसी दल की सरकार बनवाने में सक्षम ग्राम प्रधानों के दिन अब बहुरने वाले है। उन्हें अब बहुत जल्द 35000 प्रतिमाह मिला करेगा। ग्राम प्रधानों के हित में इस सफलता का श्रेय भारतीय प्रधान संगठन को जाता है ,जो कि एक लंबे अरसे से ग्राम प्रधानों को पेंशन देने की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत था। पेंशन पर तो बात नहीं बनी लेकिन मासिक वेतन पर बात बन गई है। उसके बाद ग्राम प्रधानों को वेतन देने से संबंधित कार्रवाई को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के भी प्रदेश अध्यक्ष एस के सिंह ने यह जानकारी देते हुए यहां बताया कि देश के विकास उन्नति और प्रगति का मुख्य मार्ग किसानों और ग्राम प्रधानों के बीच से ही होकर जाता है। साथ ही वह वोटरों पर मजबूत पड़कर चलते किसी भी दल की सरकार को न केवल केंद्र में बल्कि किसी भी प्रदेश में बनवाने में भी सक्षम होते हैं। लेकिन कर्तव्य निर्माण के दौरान ग्राम प्रधानों को विभिन्न समस्याओं से भी गुजरना पड़ता हैं। इसीलिए भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच की ओर से ग्राम प्रधानों को सबसे पहले पेंशन देने की मांग उठाई गई थी, जिसके लिए कई बार केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात करके उन्हें ज्ञापन भी दिया गया



था। याद रहे कि भारतीय प्रधान संगठन ने ग्राम प्रधानों को वेतन दिलवाने से संबंधित मांगों को पूरा किए जाने की पूर्ण आशा के साथ भारतीय जनता पार्टी का साथ तन मन धन से बीते लोक सभा और विधान सभा चुनाव में भी दिया था। लेकिन इसके बाद भी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एसके सिंह शांत नहीं बैठे थे और वह अपनी अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल लेकर तत्कालीन पंचायती राज्य मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के पास जा पहुंचे थे। यह बात 16 फरवरी 2018 की है। उस दिन पंचायती राज मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला से प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात भी हुई थी ,जिसपर उन्होंने प्रधान संगठन की सभी मांगों को पूरा करने का भरोसा भी दिया था। अध्यक्ष एसके सिंह ने बताया कि प्रधानों की मांगों के संदर्भ में भारतीय प्रधान संगठन का परिश्रम अब रंग लाया है ,जिसके फल स्वरुप ही सरकार ने उन्हें 35000 रुपए प्रतिमाह देने की मांग स्वीकार कर ली है ,जिसको लेकर उत्तर प्रदेश की सभी ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर है। वहीं इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष एसके सिंह के साथ ही भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दिल्ली के अनित कौशिक, राष्ट्रीय महासचिव मुंबई के जयेश रविशंकर जोशी, महासचिव बिहार के प्रहलाद नारायण सिंह, राष्ट्रीय सचिव शिवम त्यागी ,दोनों संगठनों में पूर्वांचल के अध्यक्ष तिलकधारी सिंह, प्रमुख महासचिव शिव सिंह यादव, महासचिव ए के पांडे, महासचिव जिला मऊ के अशोक कुमार , प्रदेश महासचिव झांसी के पहलवान सिंह , प्रदेश महासचिव कानपुर की भाजपा नेता निशा तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजीत सिद्दीकी, लखीमपुर खीरी की जिलाअध्यक्ष, संगीता सोनकर, हमीरपुर के जिला अध्यक्ष मोहम्मद हसीन, फतेहपुर के प्रकाश गुप्ता ,बिजनौर के सुरेंद्र सिंह राणा, झांसी की मंडल अध्यक्ष पुष्पा झा और हाथरस के जिलाअध्यक्ष कबीर प्रधान जालौन की जिला अध्यक्ष पदमा सेंगर आदि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधानों को वेतन देने से संबंधित कार्यवाही को जल्द से जल्द अमली जामा पहनाने की जोरदार मांग भी की है।

## राष्ट्रीय मंच पर डीएवी एनयूपीपीएल की ऐतिहासिक सफलता

### ●अंडर-17 व अंडर-19 बॉक्सिंग में छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया विद्यालय का मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**घाटमपुर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर विभिन्न भार वर्गों में पदक अर्जित कर राष्ट्रीय मंच पर विद्यालय की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। अंडर-17 बालक वर्ग में कक्षा 10 के छात्र आशुतोष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक, जबकि दिव्यांश कुमार सिंह ने कांस्य पदक अर्जित किया। वहीं बालिका वर्ग में काव्या सिंह ने अंडर-19 (60-64 किग्रा भार वर्ग) में कांस्य पदक,पलक निषाद ने अंडर-19 (45 किग्रा से कम भार वर्ग) में कांस्य पदक,प्रियांशी जी कमल ने अंडर-17 (54-57 किग्रा भार वर्ग) में कांस्य पदक प्राप्त किया।

जबकि कशिश मिश्रा ने अंडर-19 (51-54 किग्रा भार वर्ग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मिश्रा ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर साधना, अनुशासनबद्ध जीवनशैली और उत्कृष्ट खेल भावना का सशक्त प्रमाण है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा अनुमोदित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतना विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एवं सीईओ, एनयूपीपीएल एस. दुरई कुमार, स्कूल मैनेजर आनंद स्वरूप सारस्वत, एलएमसी सदस्य एवं सीएफओ एनयूपीपीएल अशोक कुमार माली तथा डीजीएम (एचआर) एनयूपीपीएल कौशिक भर ने भी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में डीएवी एनयूपीपीएल के छात्र-छात्राएँ राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त कर विद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे।

## लघु सिंचाई विभाग की संचालित योजनाओं में मिलने वाले अनुदान का उठाये लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) विक्रमाजीत ने बताया कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा किसानों के लिए मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें उथले नलकूप, मध्यम गहरी बोरिंग, गहरी बोरिंग, ट्रॉली माउंटेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना तथा पूर्व निर्मित नलकूपों पर 3 एचपी, 5 एचपी एवं 7.5 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना शामिल है। उथले नलकूप योजना के अंतर्गत लघु एवं सीमान्त सामान्य व अनुसूचित जाति के कृषकों को 30 मीटर तक गहराई की 4 इंच व्यास की बोरिंग अनुदान पर कराई जाती है। इस योजना के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकृत किसान पात्र हैं, जबकि प्रधानमंत्री कुसुम योजना में पंजीकृत किसानों को प्राथमिकता दी जाती है। मध्यम गहरी बोरिंग योजना के तहत सभी श्रेणी के कृषकों को 31 से 60 मीटर तक 7 इंच व्यास की बोरिंग तथा गहरी बोरिंग योजना के अंतर्गत 61 से 90 मीटर तक 8 इंच व्यास की बोरिंग कराकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। बोरिंग के लिए विभागीय सामग्री की ढुलाई, गड्ढे की खुदाई एवं पानी भराई का कार्य कृषकों द्वारा स्वयं कराया जायेगा। इसके अलावा चेकडैम व तालाबों से सिंचाई हेतु ट्रॉली माउंटेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट तथा पूर्व निर्मित नलकूपों पर 3 एचपी, 5 एचपी, 7.5 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना का कार्य भी अनुदान पर किया जा रहा है। इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल https://miuponline.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## एस. एन. सेन डिग्री कालेज में ओपेन जिम



**कानपुर।** युवा दिवस के अवसर पर आज विधायक सलिल विश्नोई द्वारा एस. एन. सेन डिग्री कालेज में लगवाये गया ओपेन जिम छात्रों को समर्पित किया गया। इस अवसर पर कालेज की प्राचार्या सुमन, प्रबन्ध समिति के अधिकारी व शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्राओ की उपस्थिति रही। इसी क्रम में सलिल विश्नोई ने आर्यनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कछियाना मोहाल में विधायक विकास निधि से डलवाई गयी नई सीवर लाइन का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में सलिल विश्नोई के साथ शैलेन्द्र शर्मा, 'गुरू नारायन गुप्ता, पार्षद आदर्श गुप्ता सहित तमाम क्षेत्रीय नागरिक मौजूद थे।

# बैरक का निर्माण होने से पुलिस कर्मियों को रहने लिए अच्छी सुविधा मिलेगी : प्रभारी मंत्री अनिल राजभर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर द्वारा विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के साथ पुलिस लाइन में निर्मित 100 पुरूष कर्मियों के लिए बैरक हास्टल का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग, उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पुलिस के रहने के लिए बैरक का निर्माण कराया गया है। जिससे पुलिस वालों को रहने के लिए अच्छी सुविधा मिलेगी। इसके बनने से बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। उक्त बैरक का निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश पुलिस आवास विकास निगम द्वारा कराया गया है। इसके पश्चात मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग, उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, विधायक श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ राजमणि वर्मा, डीएसटीओ बीएस यादव, आदि उपस्थित रहे।



## डीएम एवं एसपी ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** महान समाज सुधारक, दार्शनिक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने स्टेशन रोड चौराहा स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने ओजस्वी विचारों और कर्म से देश को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी युवाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानन्द के आदर्शो को अपनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने भी स्वामी विवेकानन्द के विचारों को याद करते हुए कहा कि अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति उनके जीवन का मूल आधार था, जिसे अपनाकर एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका राकेश कुमार सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

# स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार आज के युवाओं के लिए मार्ग दर्शक है : बीडीओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** स्वामी विवेकानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सहिजनवा बर्डपुर में सोमवार को स्वामी विवकानन्द जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बर्डपुर खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश सिंह यादव रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द का जीवन और उनके विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। आत्मविश्वास, अनुशासन और परिश्रम के बल पर उन्होंने विश्व पटल पर भारत की आध्यात्मिक चेतना को स्थापित किया। विद्यार्थियों को उनके आदर्शो को अपनाकर शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का भी विकास करना चाहिए, ताकि वे राष्ट्र निर्माण






में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकें। विद्यालय के प्रबंधक मनीष चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का दर्शन युवा शक्ति को जागृत करने वाला है। विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक समर्पित होकर आगे बढ़ते हैं। संयोजक विश्वम्भर नाथ पाण्डेय एवं प्रधानाचार्या अंजनी पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (कक्षा 9 से 12) में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इसमें कक्षा 9 की शालिनी चौधरी, कक्षा 10 की आराधना पटवा, कक्षा 11 के मो. रिज़वान तथा कक्षा 12 की साक्षी चौधरी शामिल रहीं। पुरस्कार वितरण प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जीआईसी प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव तथा विद्यालय प्रबंधक मनीष चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एडीओ एजी मनीष कुमार त्रिपाठी, एडीओ आईएसबी अब्दुल गफ्फार, अबूबकर खान, राजकुमार चौधरी, दिनेश दूबे, महेश प्रसाद, संदीप चौधरी, शैलेष मिश्रा, दिलीप चौधरी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस महासचिव, सांसद प्रियंका का मनाया जन्मदिन



**कोंच(जालौन)-** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन सोमवार को पार्टी के स्थानीय नेताओं कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ मनाया। रामकुंड कॉलोनी स्थित कांग्रेस नेता नरेंद्र पुरोहित के आवास पर रामकिशोर पुरोहित की अध्यक्षता और जिलाध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर के मुख्य आतिथ्य में मनाए गए जन्मदिन कार्यक्रम में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काट कर प्रियंका गांधी की दीर्घायु की कामना की। कांग्रेसियों ने प्रियंका गांधी को देश की राजनीति में जनहित की एक मजबूत आवाज बताया। कहा कि प्रियंका गांधी निरंतर आम जनता, महिलाओं, किसानों और युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं और उनका नेतृत्व कांग्रेस पार्टी को नई दिशा दे रहा है। उनका सादा जीवन और संघर्षशील व्यक्तित्व कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अंत में मिष्ठान्न वितरित किया गया।इस मौके पर नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, राजेश प्रजापति, श्रीनारायण दीक्षित, पूर्व पालिकाध्यक्ष सरिता आनंद, हाजी नासिर, कासिम अहमद, आलोक कुमार, रघुवीर कुशवाहा, दीपू मिश्रा, हरचरण, संजय कुशवाहा, शकुंतला तिवारी, शकुंतला पटेल आदि मौजूद रहीं।

### चोरों के हौसले बुलंद ,दुकान की टिन खोलकर चुरा गए नगदी व किराना का सामान



**हमीरपुर :-** बिवांर थाना क्षेत्र के छानी खुर्द गांव में अज्ञात चोरों ने बीते रविवार रात लोहे की चादर से बनी किराना की दो दुकानों की चादर खोलकर दुकान में चोरी कर ली। पीड़ित दुकानदारों ने बिवांर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। छानी खुर्द निवासी विजयबहादुर पुत्र स्व0 प्रभुदयाल कुशवाहा ने बताया कि उसकी किराना की दुकान छानी गांव के बसस्टैंड में रोड किनारे पशुअसपताल के सामने रखी हुई है।बताया कि बीते रविवार देर रात जब वह दुकान बंद करके घर चला गया, उसी दौरान अज्ञात चोरों ने दुकान की पीछे की चादर खोलकर चोरी कर ली। बताया, सुबह जब उसने दुकान खोली तो दुकान का सारा सामान फैला पड़ा मिला,पीछे की चादर खुली थी और गुल्लक में रखे पांच हजार गायब थे। बताया, वह चोरी हुए सामान की कीमत का आंकलन कर रहा है।वहीं दूसरे दुकानदार रमेश पुत्र बुद्धूलाल शिवहरे ने भी यही कहानी बताई।बताया कि उसकी दुकान का गोदाम भी पशुअसपताल के सामने है, जिससे भी पीछे की चादर खोलकर चोरी कर ली गई है, जिसमें लगभग 15 हजार का सामान चोरी हुआ है। थाना प्रभारी नन्दराम ने बताया जांच की जा रही है।

### पनयारा गांव में जमीनी विवाद में दो पक्ष आए आमने-सामने, पहुंची पुलिस

**कोंच(जालौन):** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा में पिछले कुछ दिनों से एक जमीनी विवाद चल रहा है। सोमवार को एक पक्ष प्लर खड़े कर रहा था तभी दूसरा पक्ष वहां पहुंच गया और फिर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद गाली गलौच तक पहुंच गया तो एक पक्ष ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दे दी, पुलिस के सामने भी विवाद करने का प्रयास किया गया। तभी किसी ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियो को दे दी जिसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पनयारा में एक जमीनी विवाद पिछले कुछ दिनों से तूल पकड़ता जा रहा है। जिसमें विवाद को लेकर दो-तीन बार दोनों पक्ष आमने सामने आ चुके हैं। सोमवार को एक पक्ष सड़क किनारे अपनी जमीन में प्लर खड़े कर रहा था तभी दूसरा पक्ष अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया और प्लर खड़े कर रहे लोगों से विवाद करने लगा। विवाद को देखते हुए एक पक्ष ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन दूसरा पक्ष पुलिस के सामने ही विवाद करने पर आमादा हो रहा था जिसकी सूचना उच्चाधिकारियो को दी गई, तब कहीं जाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर कार्यवाही करने की बात कह रही है।

## दुल्लभछड़ा विभिन्न स्थानों में लंबे समय से लगातार गाय चोरी की घटनाओं से इलाके में भय व्याप्त

**● पुलिस प्रशासन के अधिकारी और ग्राम सुरक्षा दल मौन भूमिका में! ग्रामीणों में रोष।**

**जिले के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों और जिला कलेक्टर का ध्यान आकर्षित किया गया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा आदर्श कृष्णनगर ग्राम और छनटिला सहित विभिन्न स्थानों में लगातार गाय चोरी की घटनाओं से कई इलाकों में भय व्याप्त है। लंबे समय से विभिन्न गांवों में रात के समय घरों से गायों की चोरी से पूरा क्षेत्र आतंकित है। चोरों का साहस दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है और पुलिस प्रशासन की कोई परवाह नहीं कर रहे हैं। इलाके में लंबे समय से गाय चोरी की घटनाएं चिंता का विषय बन चुकी हैं। गहरी रात में संगठित चोर गिरोह के आतंक से सामान्य लोगों की नींद हराम हो गई है। लगभग हर मोहल्ले से लंबे समय से गाय चोरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। गत 10 जनवरी की रात छनटिला के निवासी समाजसेवी जंटू दास के घर के गोशालाघर से दो गाय चोरी हो गईं। इसी तरह 9 जनवरी की रात कृष्णनगर गाँव के गरीब किसान श्यामल सिन्हा की एक सफेद और एक लाल गाय चोरी हो गई। इस प्रकार गाय चोरी होने की खबर मिली है। घटनाओं के बावजूद प्रशासन और ग्राम सुरक्षा बल की चुप्पी को लेकर लोगों का रोष लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोग स्पष्ट आरोप लगाते हैं कि प्रशासन की लापरवाही के कारण चोर इतने साहसी हो रहे हैं। उनका दावा है कि लगातार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद निगरानी, गश्त या जांच के किसी भी क्षेत्र में कोई ठोस पहल नहीं दिखाई देती। नतीजतन, चोरी करने वाले गिरोह और बेखौफ हो रहे हैं। स्थानीय लोग आरोप लगाते हैं कि प्रशासनिक अधिकारियों और ग्राम सुरक्षा बल की निष्क्रिय भूमिका लंबे समय से इस प्रकार से चल रही है और प्रशासन की चुप्पी के कारण गरीब किसानों को नुकसान हो रहा है। लगातार गाय चोरी की घटनाओं के कारण गाय पालक डरे हुए हैं।



राताबाड़ी पुलिस प्रशासन की ओर से इन चोर गिरोहों के खिलाफ कोई बड़े पैमाने पर कार्रवाई या कदम उठाते नहीं देखा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात में गश्त बढ़ाने, संदिग्ध लोगों पर सख्त नजर रखने और ग्राम सुरक्षा बल को सक्रिय करने से ही इस चोर गिरोह को रोका जा सकता है। बार-बार गाय चोरी होने के कारण कई परिवार आर्थिक नुकसान का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से त्वरित और प्रभावशाली कदम उठाने की जोरदार मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि यदि अब तुरंत कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और अधिक असंयत्रित हो सकती है। इस विषय में क्षेत्रवासियों ने जिले के प्रशासनिक उच्च अधिकारियों और जिले के डीसी का ध्यान सही तरीके से जांच कर उचित कार्रवाई करने के लिए आकर्षित किया।

### तीन गौशालाओं का निरीक्षण, अव्यवस्था देख एसडीएम ने लगाई फटकार



**देवगांव, फुलैला और जुझारपुरा गौशालाओं का एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण**

**कोंच(जालौन)-** क्षेत्र की तीन गौशालाओं का एसडीएम ज्योति सिंह ने निरीक्षण किया। देवगांव गौशाला बदहाल हालत में मिली। न साफ-सफाई और न ही गौवंशों के लिए पर्याप्त चारा आदि मिला। एसडीएम ने केयरटेकर को फटकारते हुए गौशाला की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सोमवार को एसडीएम ज्योति सिंह ने सीओ परमेश्वर प्रसाद के साथ देवगांव, फुलैला और जुझारपुरा गौशालाओं का निरीक्षण किया। आश्रय केंद्र पर 75 गौवंश थे। जब एसडीएम पहुंचे तो देखा कि आश्रय परिसर में कीचड़ ही कीचड़ है। न कोई सही से देखरेख करने वाला है और न ही सफाई की जा रही है। एसडीएम ने बताया कि जांच में पता चला है कि गौवंशों की मौजूदगी की अपेक्षा भूसे की उपलब्धता कम है। जल निकासी का भी कोई प्रबंध नहीं है। एसडीएम ने एक सप्ताह के भीतर गौशाला में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने के कड़े निर्देश केयर टेकर को दिए हैं।

## जयसिंगनगर में आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी की हुंकार: जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**जयसिंगनगर-शहडोल** जिले की जयसिंगनगर तहसील में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, क्षेत्र की समस्याओं और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों को लेकर विस्तार से रणनीति बनाई गई।

**जमीनी स्तर पर मज़बूत होगा संगठन**

बैठक को संबोधित करते हुए आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी अब केवल बैठकों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर उतरकर जनता की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि शोषितों और पीड़ितों की आवाज को बुलंद करना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए गाँव-गाँवजाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा।

**जल्द होगी जिला समीक्षा बैठक**

वहीं, भीम आर्मी के जिला संयोजक राजेश कुशवाहा ने संगठन की सक्रियता पर बात करते हुए आगामी कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठन की वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए जल्द ही एक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में भविष्य के आंदोलनों और सदस्यता अभियान की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

**कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह**

बैठक के दौरान जयसिंगनगर और आसपास के क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी और स्थानीय मुद्दों से पदाधिकारियों को अवगत कराया। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु संगठन की एकता और आने वाले समय में जनहित के मुद्दों पर उग्र आंदोलन की तैयारी रहा। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ज्ञापन देकर एसडीएम को बताई सीवर की समस्या, समस्या निराकरण की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** नगर में वर्षों से व्याप्त सीवर की समस्या से नागरिक आजिज आ चुके हैं। नागरिकों को सीवर युक्त दूषित पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है, साथ ही आम रास्तों में व्याप्त सीवर गंदगी के बीच रहना पड़ रहा है। नागरिकों की शिकायत पर भी कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है जिससे नागरिकों में रोष देखा जा रहा है।

सोमवार को चंदकुआं से बाजार जाने वाली गली के तमाम बाशिंदों ने एसडीएम ज्योति सिंह को ज्ञापन देकर सीवर की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। शांतनु यादव, अखिलेश चचौदिया, नरेंद्र, प्रशांत, महेंद्र, शिवम अग्रवाल, गिरीश कुमार, महेंद्र लोहिया, अमर अग्रवाल, सरोज आदि ने ज्ञापन में कहा कि रवि गोयल एवं कुछ दूरी पर अशोक अग्रवाल के घर के बाहर सीवर टैंक बने हुए हैं। इन दोनों टैंक के बीच में करीब 20 मीटर लंबी सीवर पाइप लाइन चोक हुई पड़ी है जिससे



चैंबर ऊपर की ओर उफना रहा है। पूरी गली में गंदगी और दुर्गंध से रहना मुहाल हो गया है, साथ ही नलों में सीवर युक्त दूषित पानी भी आ रहा है। उक्त लोगों ने कहा कि चोक हुई सीवर पाइप लाइन बदले जाने के डीएम से भी शिकायत की गई थी और डीएम के आदेश पर जल संस्थान द्वारा स्टीमेट बनाकर नगर पालिका कार्यालय को दे दिया गया था लेकिन उक्त स्टीमेट नगर पालिका कार्यालय में फाइलों के अंदर धूल फांक रहा है। उक्त लोगों ने एसडीएम से जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार कराए जाने की मांग की है।

### विद्युत पोल से लाखों का तार काट ले गए चोर




**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील लालगंज क्षेत्र के राजापुर बरीबोझ की ओर बन रही एचटी लाइन से लाखों का तार अज्ञात चोर काट ले गए। सोमवार सुबह घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो इसकी सूचना विभाग को दी गई। अवर अभियंता ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज क्षेत्र के राजापुर बरीबोझ की ओर बन रही एचटी लाइन से दर्जन भर से अधिक विद्युत पोल में खींचे गए तार अज्ञात चोर बीती रविवार की रात अज्ञात चोर काट ले गए। इससे लाखों का नुकसान विभाग को हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तार चोरी की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले बढ़ गए हैं। अवर अभियंता कमलेश विश्वकर्मा का कहना है कि दर्जन भर से अधिक विद्युत पोल से तार चोरी हुए है। अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई है।

## मथुरा प्रसाद एवं बद्री प्रसाद कॉलेज में युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मथुराप्रसाद महाविद्यालय में आयोजित किए गए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। करणवीर के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.हरिश्चंद्र तिवारी उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में भूपेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र नाथ मिश्रा, लवकेश, सुधीर अवस्थी, आयशा गुप्ता, सौम्या बबेले, प्रगति उपाध्याय, आकाश राठौर, हनी अग्रवाल, विकास पटेल शिव श्रीवास्तव शामिल रहे। अतिथियों सहित मौजूद छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन और फूलमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन और उनके प्रेरक विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और



राष्ट्र सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, अनुशासन और सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस दौरान युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

वहीं दूसरी ओर सेठ बद्री प्रसाद महाविद्यालय में भी स्वामी विवेकानंद की




जयंती मनाई गई। कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर ने छात्र छात्राएं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति के बगैर राष्ट्र का विकास संभव नहीं है, विवेकानंद के विचार युवाओं को आत्मनिर्भर अनुशासित और राष्ट्रभक्त बनने की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य बृजेंद्र सिंह, डॉ सत्यप्रताप, तैयबा सिद्दीकी, पूनम देवी, डॉ शिवम सिंह, इं. संतोष रायकवार, प्रदीप कुशवाहा, राधेश्याम पटेल, राघवेंद्र पटेल, धर्मेंद्र पटेल, मनोज श्रीवास्तव, मनोहर प्रजापति, विवेक अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, संदीप, संजय, कल्लू नन्हे राजा आदि उपस्थित रहे।

## पर्याप्त अलाव नहीं जलने से कांग्रेसी उतरे सड़क पर नगर पालिका का किया घेराव, किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** नगर पालिका द्वारा पर्याप्त अलाव नहीं जलवाए जाने को लेकर सोमवार को कांग्रेसी सड़क पर उतरे और नगरपालिका कार्यालय का घेराव करते हुए धरना दिया। इस धरना प्रदर्शन में जिले भर के कांग्रेसी जुटे थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी मौजूद रही।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मार्कंडेयश्वर तिराहे से पैदल मार्च शुरू किया और नारेबाजी करते हुए नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए और समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रदेश में लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड के बावजूद कोंच नगर क्षेत्र में अलावों की संख्या कम कर दी गई है जिससे गरीब, मजदूर और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पहले ही



अधिशासी अधिकारी को अलावों की संख्या बढ़ाने की मांग से अवगत कराया गया था और चेतावनी दी गई थी कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर ने कहा कि तानाशाही पूर्ण तरीके से नगरपालिका चलाई जा रही है और जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर में अलाव व्यवस्था बदहाल है, सीवरेज की समस्या गंभीर बनी हुई है और सड़कों की हालत भी बेहद खराब है। इसके बावजूद नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मनमानी कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो इस संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की जाएगी और



जरूरत पड़ने पर प्रदेश स्तर तक मामला उठाया जाएगा। कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित ललिया ने भी नगर की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कांग्रेसियों ने साफ संकेत दे दिया कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस मौके पर राजेश प्रजापति, श्रीनारायण दीक्षित, श्याम मोहन रिछारिया, सेठ नासिर, कासिम अहमद, आलोक कुमार, रघुवीर कुशवाहा, दीपू मिश्रा, हरचरण, संजय कुशवाहा, शकुंतला तिवारी, शकुंतला पटेल सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

### 30 लाख रुपए के बकायदार के जमीन पर तहसील कर्मियों ने गाड़ी झंडी

**तहसील के दस बड़े बकायेदारों में दूसरे नंबर की कार्यवाही**



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय विकासखंड के पिडरिया गांव में सोमवार को एचडीएफसी बैंक मिर्जापुर द्वारा 30 लाख 35 हजार 229 रुपये की बकाया धन राशि का तहसील में जारी आरसी के बावजूद भी बकाया जमा न करने पर उप जिला अधिकारी महेंद्र सिंह के निर्देशन में तहसील कर्मचारियों ने गांव निवासी दीप नारायण के चार बीघे जमीन पर कुड़की के बाद जमीन पर घेराबंदी करते हुए झंडी गाढ़ दी है। जिससे कर्ज जमा न करने वालों में दहशत फैल गई है। टीम में दो नायब तहसीलदार राजू यादव और प्रताप नारायण ओझा ,शाखा प्रबंधक विवेक सिंह, राहुल पाल, अमीन राम उजागर दुबे, छोटेलाल सिंह ,लेखपाल बिंद्रेश कुमार सहित पुलिसकर्मी व ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

## सिलापथार करेंग छापरी में दशम मिसिंग यूथ फेस्टिवल 2026 की तैयारी जारी



**● 29 जनवरी के अनुष्ठान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लेंगे भाग।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**असम धेमाजी।** सिलापथार के करेंगे छापरी में अगले 25, 26, 27, 28 ओर 39 जनवरी 2026 पांच दिन का विशाल कार्यक्रम के साथ दशम मिसिंग यूथ फेस्टिवल 1026 का आयोजन किया जा रहा है। असम के दूसरे सबसे बड़े जनजाति समुदाय में एक मिसिंग है, समुदाय के लोगों के लोक कृष्ठि , संस्कृति को प्रचार करने के लिए ब्रह्मपुत्र के उतरी तट के करेंग छापरी के एक हज़ार बीघा इलाके की जमीन में बड़े पैमाने में चल रही है तैयारिया।

मूल मंच निर्माण में लगी हे एक्सकेवेटर, जो दिन-रात चल रही कार्य। साथ-साथ,



प्रदर्शन के लिए निर्माण किए जा रही हे मिसिंग समुदाय परंपरागत गृह, मुरंग घर, युवाओं को आकर्षण करने के लिए सेल्फी पॉइंट।10,000 से अधिक प्रतिनिधि को रहने के लिए निर्माण किया जा रही है बड़े बड़े कई अस्थाई मंडप। अनुष्ठान के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को स्वागत के लिए 2लाख मिसिंग समुदाय पुरुष महिलाओं को तैयारी किया गया है। युवा महोत्सव में मिसिंग । अनुष्ठान में हर दिन सेवा में रहेंगे 1800 से अधिक सेवक। मिसिंग यूथ फेस्टिवल 15 जनवरी से होना था, लेकिन खास वजहों से इसे 25, 26, 27, 28 और 29 जनवरी तक के लिए टाल दिया गया है। राज्य सरकार व्यवस्था कर दे तो महोत्सव में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर भी भाग लेने का संभावना है मीडिया को दिए एक टिप्पणी में (टी एम पी के )का केन्द्रीय अध्यक्ष तिलक दले ने।

## भूख से कमजोर होकर दम तोड़ रहे गौवंश, प्रशासन अनजान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** कुरारा विकासखण्ड क्षेत्र के कुतुबपुर गांव की गौशाला में भूसा-चारा के अभाव में बंद गौवंश भूख से दम तोड़ रहे हैं।मृत गौवंशों को कुत्ते नोच रहे हैं ,ग्रामीणों ने जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। कुतुबपुर गांव की गौशाला में प्रशासनिक लापरवाही की इंतहा सामने आई है। यहां भूख और प्यास से मरे पड़े गौवंशों को आवारा कुत्ते खुलेआम नोचते नजर आ रहे हैं। गौशाला परिसर में शवों को समय पर हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिससे यह अमानवीय दृश्य सामने आया।

ग्रामीणों के अनुसार गौशाला में चारे और पानी की भारी कमी है। देखरेख के अभाव में कई गौवंश कमजोर होकर दम तोड़ चुके हैं। मरने के बाद भी उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया गया और शव घंटों तक गौशाला में पड़े रहते हैं, जिन्हें कुत्ते नोच- नोंचकर खा रहे हैं।

गौवंश की इस दुर्दशा को देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव और खंड विकास अधिकारी पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदारों ने गौशाला की व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है और जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल गौशाला का निरीक्षण कराया जाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और गौवंशों के लिए चारा, पानी व उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### महाराजा अग्रसेन के मूर्ति स्थापना व चौराहा नामकरण के लिए कैबिनेट मंत्री को दिया पत्र



**हलिया, मीरजापुर।** हलिया कस्बा दुर्गा बाजार निवासी अखिल भारतीय अग्रहरी समाज रजि. के युवा प्रदेश अध्यक्ष शिवा अग्रहरी ने सोमवार को कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास नंद गोपाल नंदी को पत्र देकर मिर्ज़ापुर शहर में अग्रहरी समाज के आदर्श और लोक हित के प्रति समर्पित और उनके सिद्धांतो पर आधारित समाज निर्माण के लिए प्रयासरत महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापना एवं चौराहा नामकरण की मांग किया है अखिल भारतीय अग्रहरी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष शिवा अग्रहरी ने बताया की मिर्ज़ापुर शहर में महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापना व चौराहा के नामकरण कराने के लिए जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी को पत्रक देकर मांग किया गया है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर 'रन फॉर स्वदेशी' ने जगाया युवाओं में राष्ट्रभक्ति का संचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पूरे जनपद भिन्न-भिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।जनपद मुख्यालय के सभी विद्यालयों में स्वामी जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर युवाओं के व्याख्यान आयोजित किये गए। अखिलभारतीय विद्यार्थी परिषद हमीरपुर इकाई ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर व्याख्यान सभा आयोजित की।मौदहा कस्बा के सरस्वती विद्या मंदिर में भी स्वदेशी दौड़ का योजन कर स्वामी जी को याद किया गया।कस्बा बिवांर के हीरानन्द इंटर कॉलेज में भी राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई ,जिसमें विद्यालय कर सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्णभान सिंह भदौरिया ने स्वामी जी के उद्घोष 'उत्तिष्ठ जाग्रत ,प्राप्य वराण्य बोधियति' का स्मरण कराया।

वहीं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राठ के ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम का




आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुरेन्द्र सिंह ने की।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार, आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा, आज के युवाओं के लिए पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह ने




एन.एस.एस. के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह युवाओं में सेवा भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाजहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों डॉ. बी.के. पांडेय, डॉ. रामसुभग सिंह, डॉ. एस.जी. राजपूत, डॉ. आर.बी. शर्मा, डॉ. ऋषि शर्मा, डॉ. विजया गौतम, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. ज्योतिर्मय साहू, डॉ. यू.सी. मिश्रा सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारीगण धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।